kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-180 ❐ शुक्रवार, 01 अगस्त 2025 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12




हिंदू आतंकवाद को देश के ऊपर जबरन थोपने का जो कांग्रेस पार्टी का षड्यंत्र था, वो आज धराशायी हो गया। मालेगांव विस्फोट मामले में अदालत के फैसले में में कहा गया है कि किसी भी आरोपी के खिलाफ कोई पर्याप्त सबूत नहीं है। रवि शंकर प्रसाद


ईडी नक्सलियों के खिलाफ ज्वाइंट एक्शन में शामिल होगा 11

दिल्ली हाई कोर्ट ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी की याचिका खारिज की 12


## संक्षेप

### उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की सूची तैयार

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए निर्वाचक-मंडल की सूची तैयार कर ली है और यह जल्दी ही इसे बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है। आयोग ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि निर्वाचक-मंडल की सूची के सदस्यों के नाम उनके सदन के राज्य और केन्द्र शासित क्षेत्रों के सदस्यों के नामों के वर्णानुक्रम के अनुसार क्रमागत तरीके से रखा गया है। उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में राज्य सभा के निर्वाचित और मनोनीत सदस्य तथा लोक सभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं। राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति निर्वाचन अधिनियम 1974 के नियम 40 के अनुसार इन चुनावों के लिए निर्वाचक मंडल (मतदाता सूची) तैयार करने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की होती है। इसमें उनका अद्यतन पता भी शामिल होता है। आयोग ने कहा कि उपराष्ट्रपति के चुनाव के निर्वाचक मंडल की अद्यतन सूची को उसकी ओर से स्थापित काउंटर से खरीदा जा सकेगा। इसके लिए बिक्री शुरू करने की तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

### मंत्री ने निजी सचिव को भिजवाया जेल

**लखनऊ।** महिला कर्मी के साथ अश्लील हरकत व शीलभंग करने की शिकायत पर गुरुवार को प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने पुलिस को बुलाकर अपने निजी सचिव को उनके हवाले कर दिया, जिसके बाद पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पूछताछ कर रही है। भागीदारी भवन में तैनात एक महिला कर्मी को मंत्री का निजी सचिव जयकिशन सिंह काफी दिनों से परेशान कर रहा था। इस दौरान वह महिला पर फब्तियां भी कसता था। जिस पर पहले महिला ने तो उसकी हरकतों को नजरअंदाज कर दिया। लेकिन जब उसकी हरकतें बढ़ने लगी तो महिला ने इसकी शिकायत समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से लिखित रूप में कई। शिकायत मिलने के बाद राज्यमंत्री ने पुलिस को बुलाकर आरोपी निजी सचिव को हवाले कर दिया। साथ ही शिकायत के आधार पर असीम अरुण ने पुलिस को आरोपी निजी सचिव के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु निर्देशित भी किया।इंस्पेक्टर गोमतीनगर के मुताबिक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### अयोध्या में अग्निवीर भर्ती मेला 5 अगस्त से शुरू

**अयोध्या।** अयोध्या में अग्निवीर भर्ती मेला डोगरा रेजीमेंट में पांच अगस्त से शुरू होकर 18 अगस्त तक चलेगा। तिथिवार जनपद की सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है।
डोगरा रेजीमेंट सेंटर अयोध्या कैंट में अग्निवीर भर्ती रैली को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु अपर जिलाधिकारी नगर योगानन्द पांडेय ने कर्नल एसके मोर के साथ तैयारी बैठक की और 05 से 18 अगस्त तक डोगरा रेजिमेंटल ग्राउंड, अयोध्या कैंट में अग्निवीर भर्ती रैली के आयोजन की घोषणा की।

## एआई की मदद से कौशल प्रशिक्षण के लिए कंपनियों को दिया लक्ष्य

❐ कंपनियों को अधिकतम पांच जिलों में किया गया सीमित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के प्रयोग से इस बार प्रशिक्षण प्रदाता कंपनियों को लक्ष्य निर्धारित किया है। कुछ प्रशिक्षण प्रदाता कंपनियों के वर्चस्व को तोड़ते हुए कंपनियों को अधिकतम पांच जिलों तक सीमित किया गया है। जिससे क्षेत्रीय संतुलन बना रहे। वहीं आकांक्षी जिलों व ब्लॉकों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें शत प्रतिशत प्रशिक्षण केंद्रों की सुविधा दी गई है। जिलों में औद्योगिक मांग, उपलब्ध संसाधनों, सेवायोजन क्षमता व पूर्व उपलब्धियों का विश्लेषण किया गया। फिर लक्ष्य निर्धारित किया गया। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल के निर्देश पर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

पिछले वर्ष तक जहां मात्र एक प्रतिशत आवासीय प्रशिक्षण की सुविधा थी, वहीं इस बार इसे बढ़ाकर 36 प्रतिशत तक किया गया है। अभी तक प्रशिक्षण में औद्योगिक इकाइयों की भागीदारी सिर्फ तीन प्रतिशत थी और अब इसे बढ़ाकर 47 प्रतिशत किया गया है। जिससे युवाओं को उद्योगों के अनुसार प्रशिक्षण व बेहतर रोजगार दिलाया जा सकेगा। यही नहीं पहली बार इन्वेस्ट यूपी के सहयोग से प्रदेश में स्थापित होने वाली बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं ● शेष पेज 11 पर

# एसपी गोयल यूपी के नए मुख्य सचिव

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। राज्य सरकार ने वर्ष 1989 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शशि प्रकाश गोयल (एसपी गोयल) को उत्तर प्रदेश का नया मुख्य सचिव बनाया है। उन्होंने गुरुवार की देर शाम मनोज कुमार सिंह से मुख्य सचिव का कार्यभार ग्रहण किया। संजय प्रसाद को पंचम तल की कमान सौंपी गई है। एसपी गोयल अभी तक अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री नागरिक उड्डयन, राज्य संपत्ति एवं प्रोटोकॉल विभाग थे। उन्हें मुख्य सचिव बनाने के साथ ही अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अपर मुख्य सचिव समन्वय विभाग, अध्यक्ष पिकप, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा और उपशा तथा परियोजना निदेशक यूपीडास्प का प्रभार दिया गया है।

### कार्यभार संभालने के बाद योगी से मिले

मुख्य सचिव के साथ आईआईडीसी का भी प्रभार, संजय प्रसाद को पंचम तल

मनोज कुमार सिंह हुए सेवानिवृत्त



मनोज कुमार सिंह के पास अभी तक यह सभी प्रभार हुआ करते थे। राज्य सरकार ने एसपी गोयल को मनोज कुमार सिंह की तरह सभी महत्वपूर्ण प्रभार दिए हैं। एसपी गोयल के पंचल तल से हटने के बाद संजय प्रसाद को वहां की कमान सौंपी गई है। संजय प्रसाद को प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, प्रोटोकॉल, गृह गोपन, बीजा पासपोर्ट तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के साथ राज्य संपत्ति, नागरिक उड्डयन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। ये प्रभार अभी तक एसपी गोयल के पास था। एसपी गोयल वर्ष 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद उन्हें 19 मई 2017 को मुख्यमंत्री का प्रमुख सचिव बनाया गया। उन्हें 18 जून 2020 को अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति मिली। एसपी गोयल लगातार तब से पंचम तल संभल रहे थे। उन्होंने गुरुवार को मनोज कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद शाम 6 बजे मुख्य सचिव का कार्यभार संभाला। मनोज कुमार सिंह ने एसपी गोयल को मुख्य सचिव बनने की बधाई दी और कार्यभार ग्रहण कराया। ● शेष पेज 11 पर

# मालेगांव ब्लास्ट केस में सभी आरोपी बरी



मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय | साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर | समीर कुलकर्णी | प्रसाद श्रीकांत पुरोहित | अजय राहिरकर | सुधाकर द्विवेदी | सुधाकर चतुर्वेदी

❐ कोर्ट ने खारिज किए अभियोजन के दावे

❐ बाइक किसने पार्क की थी, इसका कोई सबूत नहीं

❐ पत्थरबाजी किसने की, इसका कोई सबूत नहीं

एजेंसी

मुंबई। साल 2008 के मालेगांव बम ब्लास्ट केस में मुंबई की एक स्पेशल कोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। मामले में सात आरोपी ट्रायल का सामना कर रहे थे, जिनमें पूर्व बीजेपी सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय, सुधाकर चतुर्वेदी, अजय राहिरकर, सुधाकरधर द्विवेदी और समीर कुलकर्णी शामिल हैं। मामले के दो आरोपी गायब हैं, जिनपर कोर्ट ने कहा है उनके खिलाफ नए सिरे से चार्जशीट दाखिल करनी होगी।

कोर्ट के स्पेशल जज लाहोटी ने फैसला सुनाते हुए कहा कि मामले में कुछ आरोप अदालत ने खारिज किए गए हैं, जबकि कुछ को स्वीकार किया गया है। कोर्ट ने अपने फैसला में कहा कि जो सबूत अदालत के सामने आए, वह दोष सिद्ध करने के लिए काफी नहीं हैं। कोर्ट ने कहा कि कर्नल पुरोहित द्वारा आरडीएक्स लाने का कोई सबूत नहीं, पुरोहित ने बम बनाया था, इसके भी कोई सबूत नहीं मिले हैं।

अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि धमाके वाली जगह पर बाइक किसने पार्क की थी, इसका कोई सबूत नहीं है। पत्थरबाजी किसने की, इसका कोई सबूत नहीं, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान किसने पहुंचाया, घटना के बाद पुलिस की बंदूक किसने छीनी, इन सभी आरोपों के कोई सबूत नहीं मिले हैं। स्पेशल कोर्ट ने कहा कि घटनास्थल का पंचनामा सही तरीके से नहीं किया गया और घटनास्थल पर बैरिकेडिंग भी नहीं की गई थी। अदालत ने कहा कि फोरेंसिक रिपोर्ट भी सही नहीं थी और ऐसे में कुछ भी निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। कोर्ट ने कहा कि बाइक के स्वामित्व को लेकर साध्वी प्रज्ञा के खिलाफ कोई सबूत नहीं हैं। कोर्ट ने कहा कि साध्वी धमाके से दो साल पहले संन्यासी बन गईं और अभियोजन पक्ष साजिश को साबित करने में असफल रहा है। अदालत ने कहा कि इस मामले में यूएपीए लागू नहीं किया जा सकता क्योंकि आरोप बिना सोचे-समझे लगाए गए थे। साथ ही 'अभिनव भारत' के फंड का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए किए जाने का कोई सबूत नहीं मिला है। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा बिना किसी साक्ष्य के मजबूत कहानी गढ़ी गई और सिर्फ शक के आधार पर कार्रवाई की गई।

सभी सातों आरोपियों को महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने गिरफ्तार किया था, लेकिन मुकदमे की अगुवाई राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने की। एनआईए की ओर से पेश हुए विशेष लोक अभियोजक अविनाश रसाल ने आरोपियों के कॉल डेटा रिकॉर्ड, मुख्य आरोपी साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर की गिरफ्तारी के बाद अक्टूबर 2008 में एटीएस द्वारा आरोपियों के बीच की गई कुछ कॉल ● शेष पेज 11 पर

## 'भगवा आतंकवाद' जैसा मिथ्या शब्द गढ़ने वाली कांग्रेस देश से मांगे माफी: योगी



❐ मालेगांव ब्लास्ट केस में न्यायालय के फ़ैसले का मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने किया स्वागत

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मालेगांव ब्लास्ट केस में न्यायालय का फ़ैसला आने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस को अपने अक्षम्य कुकृत्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए देश से माफी मांगनी चाहिए। वहीं, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा किकांग्रेस की भगवा आतंकवाद गढ़ने की कोशिश ध्वस्त हो गई।

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपितों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा है। यह निर्णय कांग्रेस के भारत विरोधी, न्याय विरोधी और सनातन विरोधी चरित्र को पुनः उजागर करता है, जिसने 'भगवा आतंकवाद' जैसा मिथ्या शब्द गढ़कर करोड़ों सनातन आस्थावानों, साधु-संतों और राष्ट्रसेवकों की छवि को कलंकित करने का अपराध किया है। योगी ने कहा कि कांग्रेस अपने अक्षम्य कुकृत्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर देश से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस की भगवा आतंकवाद गढ़ने की नापाक कोशिश ध्वस्तः मौर्यमालेगांव ब्लास्ट केस के फैसले के बाद उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने न्यायालय के फ़ैसले का स्वागत किया है। केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि मालेगांव ब्लास्ट केस में न्यायालय का फ़ैसला अभिनंदनीय है। इसके साथ ही कांग्रेस की भगवा आतंकवाद गढ़ने की नापाक कोशिश ध्वस्त हो गई है। ● शेष पेज 11 पर

## 15 एएसपी के तबादले हुए

लखनऊ। शासन ने गुरुवार को 15 अपर पुलिस अधीक्षकों का तबादला कर दिया। इस फ़ेरबदल में महेश सिंह अत्री को मऊ से पीटीएस मुरादाबाद का एएसपी, डॉ. अर्चना सिंह को पीएसी मुख्यालय लखनऊ से एडीसीपी कानपुर नगर, नागरिक उड्डयन के मुख्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र सचान को पुलिस मुख्यालय का एएसपी बनाया गया है। इसी तरह 31 वीं वाहिनी पीएसी के उपसेनानायक प्रमोद कुमार यादव को वाराणसी पीएसी का उपसेनानायक, सीआईडी मुख्यालय की एएसपी राजेन्द्र प्रसाद यादव को विजिलेंस का एएसपी, यूपी-112 की एएसपी मोहिनी पाठक को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड में एएसपी, यातायात निदेशालय के एएसपी अनूप कुमार को मऊ का एएसपी, वाराणसी के एडीसीपी रंजन सिंह को आईजी स्थापना का स्टॉफ अफसर कार्यालय का एएसपी, एसएसएफ अयोध्या के उप सेनानायक अभय कुमार मिश्र को विजिलेंस का एएसपी, एसआईटी ● शेष पेज 11 पर

## कैबिनेट ने 11 हजार करोड़ रुपये की चार रेलवे परियोजनाओं दी मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे की क्षमता विस्तार की चार परियोजनाओं को मंजूरी दी है जिससे मालवहन क्षमता में लगभग 10 करोड़ टन प्रतिवर्ष की वृद्धि होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आज रेल मंत्रालय की कुल 11,169 करोड़ रुपये लागत वाली इन चार परियोजनाओं को अनुमति प्रदान की।

सूचना प्रसारण, रेल, इलैक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने मध्यप्रदेश में इटारसी से महाराष्ट्र के नागपुर तक चौथी लाइन,



महाराष्ट्र में ही औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) से परभणी दोहरीकरण, पश्चिम बंगाल में अलुआबारी रोड- न्यू जलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन तथा झारखंड ओडिशा सीमा क्षेत्र में डांगोपोसी-जारोली तीसरी और चौथी लाइन की परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई लाइन क्षमता गतिशीलता में काफी वृद्धि करेगी, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और ● शेष पेज 11 पर

## 'पेयरिंग' से बदलेगा यूपी में प्राथमिक शिक्षा का परिदृश्य : संदीप सिंह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने गुरूवार को लोक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश में विद्यालयों की पेयरिंग की प्रक्रिया पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि पेयरिंग की प्रक्रिया छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पेयरिंग का मतलब किसी भी विद्यालय को बंद करना नहीं है, न ही कोई पद कम अथवा समाप्त किया जा रहा है। कुछ जिलों में इस प्रक्रिया को लेकर आई शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है और जहां आवश्यक था, वहां विद्यालयों में पूर्ववत संचालन के आदेश दिए गए हैं। पेयर होने वाले किसी भी प्राथमिक विद्यालय की दूरी एक किलोमीटर से अधिक नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हमने किसी भी विद्यालय को स्थायी रूप से पेयर नहीं किया है। अगर कहीं बैठने की



❐ बंद नहीं होंगे विद्यालय, न कोई पद कम या समाप्त होगा

❐ 50 छात्र नामांकित वाले विद्यालयों में तीन शिक्षकों की तैनाती अनिवार्य होगी

असुविधा होगी या बच्चों की संख्या बढ़ेगी तो पुराने भवन में फिर से संचालन की व्यवस्था की जाएगी। हमारा यह भी प्रयास है कि 15 अगस्त तक कोई भी विद्यालय खाली न रहे। सभी विद्यालयों में प्री प्राइमरी और बाल वाटिका संचालित हो जाएं। मंत्री ने कहा पेयरिंग की प्रक्रिया के माध्यम से प्रत्येक कक्षा के लिए शिक्षक की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। शिक्षक-छात्र अनुपात बेहतर होगा और शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण तकनीकों का उपयोग करने का अवसर मिलेगा। इससे शिक्षण गुणवत्ता बढ़ेगी और बच्चों में आत्मविश्वास व भागीदारी की भावना भी विकसित होगी। उन्होंने कहा कि अधिक नामांकन वाले विद्यालयों को स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, अतिरिक्त कक्ष, कम्पोजिट ग्रांट, टीएलएम और खेल सामग्री जैसी सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर मिलेंगी। इससे बच्चों के शैक्षिक अनुभव को तकनीक और संसाधनों से समृद्ध किया जा सकेगा। रिक्त हुए भवनों का भी रचनात्मक उपयोग किया जाएगा। इन भवनों में बालवाटिकाएं और आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जाएंगे। मंत्री ने कहा कि पेयरिंग करते समय विद्यालय तक बच्चों की पहुंच सरल, सुगम और सुरक्षित ● शेष पेज 11 पर

### अमेरिकी टैरिफ पर पीयूष गोयल ने कहा

# राष्ट्रहित सर्वोपरि, प्रभावों का आकलन जारी

एजेंसी

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को संसद को अमेरिका के भारतीय आयात पर लगाए गए टैरिफ विषय में सरकार की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए सभी कदम उठाएगी। फिलहाल सरकार टैरिफ के प्रभावों का आकलन कर रही है।

लोकसभा में दो बार के स्थगन के बाद शाम चार बजे कार्यवाही शुरु होने पर केन्द्रीय मंत्री ने पहले लोकसभा में वक्तव्य दिया। इसके बाद उन्होंने राज्यसभा को स्थिति से अवगत कराया। अपने वक्तव्य में मंत्री ने कहा कि 1 अगस्त से लागू होने वाले टैरिफ के विषय में भारत सरकार निर्यात और उद्योग जगत से जुड़े हितधारकों से संवाद कर रही है। हम इसके प्रभावों का आकलन कर रहे हैं। गोयल ने कहा, भारत सरकार के लिए किसानों, श्रमिकों, उद्योगों, निर्यातकों, सूक्ष्म एवं मझौले उद्योगों और



उद्योग जगत से जुड़े सभी हितधारकों के कल्याण की रक्षा और संवर्धन को सर्वोच्च महत्व देती है।

भारत सरकार अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए सभी कदम उठाएगी। पीयूष गोयल ने अपने वक्तव्य में अमेरिका के साथ जारी व्यापार समझौता वार्ता से जुड़े घटनाक्रम से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ पहले ही 5 अप्रैल से लगाया जा चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कल 26 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की है। गोयल ने बताया कि इस साल मार्च से ही सरकार न्यायपूर्ण, संतुलित और परस्पर लाभकारी व्यापार समझौते (बीटीए) पर अमेरिका के साथ वार्ता कर रही है। इसका लक्ष्य अक्टूबर-नवंबर 2025 तक समझौते के पहले चरण को पूरा करना था। पीयूष गोयल ने इस दौरान भारत की वैश्विक स्थिति को रेखांकित किया और कहा कि इस समय भारत वैश्विक विकास में 16 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। पिछले 11 सालों में भारत का निर्यात बढ़ा है। हमने यूएई, यूके और ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौते किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दुनिया में आर्थिक दृष्टि से संरक्षणवादी नीतियां जारी हैं। ऐसे में हम आत्मनिर्भरता के लिए आत्मविश्वास से बढ़ रहे हैं। भारत सरकार कृषि कल्याण, खाद्य सुरक्षा और उद्योग जगत की व्यापक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। हम विकसित भारत के लिए समावेशी और सतत विकास यात्रा जारी रखेंगे।

### अमेरिका ने 6 भारतीय कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध, ईरान से पेट्रो प्रोडक्ट खरीदने का आरोप

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने ईरान से पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उत्पादों का व्यापार करने के आरोप में भारत की 6 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका के ताजा प्रतिबंधों का सामने करने वाली भारत की इन 6 कंपनियों के साथ दुनिया भर की 20 कंपनियां शामिल हैं। माना जा रहा है कि ईरान पर दबाव बढ़ाने की कोशिशों के तहत अमेरिका का ये कदम उठाया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए कहा कि भारत की 6 कंपनियों समेत दुनिया की 20 कंपनियों ने जानबूझकर अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए ईरानी पेट्रोलियम उत्पादों की खरीदारी की। जिन भारतीय कंपनियों को प्रतिबंधित किया गया है उनमें ग्लोबल इंडस्ट्रियल केमिकल्स लिमिटेड, रमणीक लाल एस गोसालिया ● शेष पेज 11 पर

# प्रदेश में निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर उर्जा मंत्री ने की बैठक

**ऊर्ज़ा मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लापरवाही, टालमटोल या जन समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश में आमजन को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने आज प्रदेश के सभी जनपदों के विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान ऊर्ज़ा मंत्री ने निर्देशित किया कि प्रत्येक अधिकारी अपने-अपने जनपदों में जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद बनाएं रखें और स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित रूप से हल करें। उन्होंने कहा कि ''जनसुनवाई, जवाबदेही और समयबद्ध कार्यवाही ऊर्ज़ा विभाग की कार्यसंस्कृति का हिस्सा बननी चाहिए।''ऊर्ज़ा मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लापरवाही, टालमटोल या जन समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि हर उपभोक्ता को 24x7 बेहतर बिजली सेवा मिले और किसी भी तरह की शिकायत का समाधान तय समय में हो।उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में प्रदेश में रिकॉर्ड विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जिसे बनाए रखने के लिए हर स्तर पर सक्रियता और पारदर्शिता आवश्यक है।बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जनपद स्तर पर टोल फ्री नंबर, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल तथा अन्य जनसंपर्क माध्यमों के जरिए आने वाली सभी शिकायतों पर सतत निगरानी रखी जाए।अधिकारी नियमित फील्ड विजिट करें ताकि उपभोक्ताओं को जमीनी स्तर पर राहत मिल सके।ऊर्ज़ा मंत्री ने अधिकारियों को चेताया कि जन अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य न करने वालों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और तत्परता ही जनता के विश्वास को बनाए रख सकती है।बैठक में सभी जनपदों के अधिकारी वर्चुवली जुड़े रहे।

## जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र और राहत शिविर का किया निरीक्षण

वाराणसी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र/राहत शिविर प्राथमिक विद्यालय सलारपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने बाढ़ के पानी की स्थिति को देखने किनारे पहुंचे और प्रभावित परिवारों, पानी का स्तर आदि की जानकारी ली। नायब तहसीलदार ने आसपास के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और परिवारों के बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया। बताया कि बाढ़ का पानी बढ़ने पर विद्या विहार इंटर कालेज में विस्थापित परिवारों के रहने की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने जिलाधिकारी को पिछली बार के अधिकतम बाढ़ की स्थिति के संबंध में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि जितने भी परिवार के लोग अपने घर में दूसरे या तीसरे तल पर रह रहे, उनके खाने-पीने की सामग्री प्रदान की जाए। उन्होंने राहत शिविरों को पूरी क्षमता के साथ संचालित कराने के निर्देश एसडीएम सदर को दिए। कहा कि लोगों के राहत और सुरक्षा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। सभी विस्थापित परिवारों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कराई जाए।

# नवागत जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने संभाला कार्यभार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। नव नियुक्त जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बुधवार को कोषागार पहुंचकर प्रयागराज जनपद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। 2011 बैच के आईएएस अधिकारी मनीष कुमार वर्मा इससे पूर्व कौशांबी, जौनपुर एवं गौतमबुद्ध नगर जैसे जनपदों में जिलाधिकारी सहित विभिन्न प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।कार्यभार ग्रहण करने के बाद श्री वर्मा ने जिला स्तरीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और विभागीय कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को समयबद्ध ढंग से क्रियानवित किया जाए और जनता से जुड़ी समस्याओं का तत्परता से समाधान सुनिश्चित किया जाए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूजा मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी कुँवर पंकज सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह, एडीएम नमामि गंगे संजीव कुमार शाक्य, सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह, मुख्य कोषाधिकारी प्रत्यूष कुमार सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नशे में गाली देने से मना किया तो दो पक्षों में जमकर मारपीट



प्रयागराज। करछना थाना क्षेत्र के तेवरिया खुर्द गांव में मंगलवार देर रात दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। बताया जा रहा है कि एक पक्ष द्वारा नशे की हालत में गाली-गलौज की जा रही थी, जिसका विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने लगे।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला करते नजर आ रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया और थाने ले गई। दोनों पक्षों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।पुलिस का कहना है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस तैनात कर दी गई है।

## मथुरा–कोटा रेलखंड पर 'कवच 4.0' की स्थापना रेलवे सुरक्षा में नया अध्याय

प्रयागराज,। भारतीय रेलवे ने स्वदेशी तकनीक से विकसित 'कवच 4.0' प्रणाली को दिल्ली-मुंबई हाई डेंसिटी रूट के मथुरा-कोटा रेलखंड पर सफलतापूर्वक लागू कर दिया है। यह प्रणाली ट्रेनों की गति को नियंत्रित कर दुर्घटनाओं को रोकने में सक्षम है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में बड़ा कदम बताया।आधुनिक तकनीक से लैस कवचः ब्रेकिंग सिस्टम और सिग्नल से होगा सीधा संपर्ककवच प्रणाली में टक्कक्रटैग्स, टेलीकॉम टावर्स, ऑप्टिकल फाइबर, लोको कवच, और स्टेशन कवच जैसी जटिल उप-प्रणालियां शामिल हैं। यह तकनीक लोको पायलट को सिग्नलों की जानकारी सीधे डैशबोर्ड पर देती है, जिससे कोहरे जैसी स्थिति में भी ट्रेन सुरक्षित तरीके से चलाई जा सकती है।अगले 6 साल में पूरे देश में कवच लागू करने की योजना, अब तक 1,107 इंजनों पर हुआ इंस्टॉलअब तक 1,107 इंजनों, 708 स्टेशनों, और 4,001 रूट किमी पर कवच स्थापित किया जा चुका है। रेलवे ने 30,000 से अधिक कर्मियों को प्रशिक्षण दिया है और 17 इंजीनियरिंग संस्थानों के साथ मिलकर इसे तकनीकी पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। सरकार का लक्ष्य अगले 6 वर्षों में कवच को देशभर के रेल मार्गों पर लागू करना है।

## एलडीए ने किया पारा में कार बाजार और कॉम्पलेक्स सील

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता । एलडीए ने गुरुवार को अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मोहनलालगंज और काकोरी में कुल 10 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही पारा क्षेत्र में संचालित तीन अवैध कार बाजार और एक व्यावसायिक कॉम्पलेक्स को सील कर दिया। यह कार्रवाई एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-2 और जोन-3 की टीमों द्वारा अंजाम दी गई। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि मोहनलालगंज के खुजौली स्थित नगराम रोड पर प्रदीप चौधरी, आदिल खान व अन्य द्वारा लगभग 40 बीघा भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी।इसके अलावा अरविंद कुमार, मुकेश यादव, आदर्श, अतीक अली, मोहम्मद अहमद, जितेन्द्र सिंह, दीपक यादव और अभिषेक यादव द्वारा कुल 12 बीघा भूमि पर बिना प्राधिकरण स्वीकृति के प्लाटिंग कार्य किया जा रहा था। पांचों स्थानों पर जेसीबी के जरिए कार्रवाई करते हुए पूरी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि काकोरी के ग्राम सकरा और मौंदा में हनीफ अहमद, प्रधान, इब्राहिम खान, सुनील कुमार, जन सहारा ड्रीम सिटी, पंचवटी ग्रुप और वेद प्रकाश, फहीम व अन्य द्वारा बिना ले-आउट स्वीकृति के प्लाटिंग कराई जा रही थी। इन सभी स्थानों पर लगभग 18 बीघा क्षेत्रफल में की गई अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि पारा के पुर्वीदीन खेड़ा में बालाजी कार बाजार एंड सर्विस सेंटर, टू फोर व्हील्स और रूद्रा कार सेल एंड सर्विस सेंटर अवैध रूप से संचालित हो रहे थे। इनकी स्थापना 500 और 400 वर्गमीटर क्षेत्रफल पर बिना मानचित्र स्वीकृति के की गई थी। इसके अलावा, पारा में पुरानी पुलिस चौकी के पास सर्वेश कुमार, जगरू प्रसाद और अन्य द्वारा लगभग 130 वर्गमीटर क्षेत्रफल पर व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था, इसे भी सील कर दिया गया।

## अधिक यूरिया बिक्री करने वाले उर्वरक विक्रेताओं की जांच

उन्नाव। अनिल कुमार यादव संयुक्त कृषि निदेशक,बाढ़ोमुखी एवं शशांक जिला कृषि अधिकारी द्वार अधिक खाद बिक्री, बिना खतौनी के व डायवर्शन करने वाले विक्रेताओं तथा औद्योगिक इकाइयों की जांच की गई। जिसमें आज गोदरेज एग्रोवेट , फ्लेविकोंन प्राइवेट लिमिटेड औद्योगिक इकाई में अनुदानित यूरिया का प्रयोग व डायवर्सन की जांच की गई व अमरनाथ लोधी खाद भंडार हिलौली, संत कुमार एंड संस बिछिया उर्वरक विक्रेताओं द्वारा अनियमित बिक्री, बिना कृषक की खतौनी/भूमि के अनुसार संस्तुत मात्रा के हिसाब से बिक्री की गई है अथवा नहीं इसकी जांच की गई। साथ ही समस्त विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि बिना किसान की खतौनी लिये उर्वरक की बिक्री कदापि न करें। किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त विक्रेता को निर्देशित किया गया है कि नियम अनुसार ही उर्वरक की बिक्री संस्तुत मात्रा एवं कृषक के भूमि के अनुसार ही करें तथा किसानों के अभिलेख जैसे आधार व खतौनी अपने पास अवश्य रखें। किसी प्रकार की टैगिंग व उर्वरक की ओवररेटिंग किए जाने की स्थिति में कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही किसान भाइयों से अपील है कि उर्वरक के क्रय करने हेतु आधार कार्ड व खतौनी अवश्य लेकर जाए और उर्वरक के भंडारण न करे।

## राष्ट्रीय सवर्ण परिषद के कार्यकर्ताओं ने आत्महत्या मामले पर एसपी को सौपा ज्ञापन

रायबरेली। सलोन थाना क्षेत्र के कान्हपुर, करहिया बाजार निवासी बृजेश पांडेय ने अपनी माताजी के नाम की जमीन ?1,50,000 में राकेश सरोज (उर्फ राकेश पासी) को बेची थी। परंतु, राकेश सरोज द्वारा केवल ?75,000 का भुगतान किया गया, शेष राशि दबा ली गई।जब शेष धनराशि की मांग की गई, तो राकेश सरोज द्वारा श्री बृजेश पांडेय एवं उनके पुत्र अभिषेक पांडे पर फर्जी ट्टए/ट्टद्ध एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करा दिया गया। जबकि अभिषेक उस समय रायबरेली नहीं दिल्ली नौकरी कर रहा था जिसके तमाम् साक्ष्य मौजूद है। पासी द्वारा समझौते के बहाने राकेश सरोज ने 11 विस्वा ज़मीन का एग्रीमेंट करवाया, जबकि उक्त भूमि पहले से बैंक ऋण के अधीन थी और रजिस्ट्री संभव नहीं थी। राकेश पाशी और उसके सहयोगियों के लगातार दबाव उत्पीडऩ मानसिक दबाव मे स्व ब्रजेश पांडे ने जहर खा कर आत्मदाह कर ली।

# डीजीपी के आदेश को दरकिनार कर रहे कमिश्नरेट अधिकारी

**ट्रांसफर के बाद भी थानों में जमे है पुलिस अफसर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक (क्व्क्र) के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद प्रयागराज कमिश्नरेट में पुलिस अधिकारियों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। ट्रांसफर लिस्ट जारी होने के 15 दिन बाद भी कई थाना प्रभारियों की रवानगी नहीं हो सकी है।

जानकारी के मुताबिक, बीते दो वर्षों में पुलिस मुख्यालय ने कई बार पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण किया, लेकिन प्रयागराज में लंबे समय से जमे अफसर अब भी अपनी कुर्सी संभाले बैठे हैं। सूत्रों की मानें तो कुछ पुलिस अधिकारियों की 'पहुंच' इतनी मजबूत है कि वह न सिर्फ स्थानांतरण के बाद भी थानों में टिके हैं, बल्कि जिम्मेदार अधिकारी मुख्यालय के आदेशों को भी नजरअंदाज कर रहे हैं।विभागीय सूत्रों का कहना है कि कई थाना प्रभारी ऐसे हैं जिनका स्थानांतरण काफी पहले हो चुका है, लेकिन वे अब भी प्रभावशाली पदों पर बने हुए हैं। इससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या प्रयागराज में योग्य पुलिस अधिकारियों की कमी है। या फिर कुछ अफसरों के 'आशीर्वाद' से थानों का संचालन ट्रांसफरशुदा पुलिसकर्मियों के हवाले कर दिया गया है। इस पूरे मामले से विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। जनपद में चर्चा है कि ऐसे मठाधीश पुलिस अफसरों की रवानगी कब होगी और क्या आला अधिकारी इस पर कोई कठोर निर्णय लेंगे।

# नवागत जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

**नये जिलाधिकारी ने पारदर्शी प्रशासन पर दिया विशेष जोर**



प्रयागराज। नवागत जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों, पटलों और अनुभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायालय कक्ष, राजस्व सहायक कक्ष, ई-डिस्ट्रिक्ट, शिकायत कक्ष, डिस्पैच कक्ष, शस्त्र अनुभाग, कंट्रोल रूम सहित कई विभागों का जायजा लिया और अधिकारियों को पत्रावलियों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, साफ-सफाई एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने सभी पटल सहायकों को नाम, पदनाम और कार्य सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण कर पुराने अभिलेखों के बिडआउट की प्रगति पूछी और प्रक्रिया को निर्धारित समय में पूर्ण करने के लिए कहा। साथ ही पत्रों की ट्रैकिंग के लिए एक प्रभावी सिस्टम विकसित करने के भी निर्देश दिए।निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने जनमिलन कक्ष में लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं संतोषजनक समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि विवाद, अवैध कब्जे व जनहित से जुड़े मामलों में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी प्रशासन, योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और जनता को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। निरीक्षण के दौरान कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# बिजली पोल लगाने के दौरान मजदूर की करंट लगने से मौत ,शव रख जाम प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी । माल के काकराबाद में बुधवार शाम बिजली का पोल लगाने के दौरान वहां पर ऊपर से गुजरी 33 हजार की लाइन से छू गया जिससे पोल में उतरे करंट से पोल लगा रहे मजदूर की मौत हो गयी। ठेकेदार ने देर रात परिजनों को सूचना दी। मृतक के भाई ने ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज कराया है। वही घटना से आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों के साथ गुरुवार को ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए काकोरी में हरदोई रोड पर मृतक का शव रख कर जाम प्रदर्शन किया ।प्रदर्शनकारी मौके पर ठेकेदार को बुलाने व मुआवजा की मांग कर रहे थे। मांग को पूरा करने के उपजिलाधिकारी मलिहाबाद के आश्वासन बाद ग्रामीणों ने करीब डेढ़ घंटे बाद जाम समाप्त किया । इस दौरान एसीपी काकोरी, मॉल ,मलिहाबाद ,काकोरी ,दुबग्गा समेत कई थानों की पुलिस मौजूद रही । काकोरी के अशरफ खेड़ा निवासी शीलू यादव के अनुसार भाई सुरेंद्र उर्फ पुष्पेंद्र यादव (28) टिकरिया भटऊ जमालपुर निवासी विद्युत विभाग के ठेकेदार मोनू मौर्या के साथ काम करता था। बुधवार को माल थाना के काकराबाद में बिजली पोल लग रहे थे। आरोप है कि ठेकेदार मोनू मौर्या ने बिना विद्युत आपूर्ति बंद कराए पोल लगवा रहा था तभी पोल लगाते समय ऊपर से गुजरी 33 हजार की लाइन से पोल छू गया जिससे पोल में आये करंट लगने से सुरेंद्र की मौत हो गयी। ठेकेदार मोनू ने अपने आप को बचाने के लिए सुरेंद्र को अस्पताल में भर्ती तक नही कराया। सुरेंद्र की मौत हो जाने के काफी देर बाद रात में आठ बजे परिजनों को सूचना दी। पोल लगा रहे हाइड्रा चालक समीम भी मौके से भाग निकला। मामले में मृतक के भाई शीलू यादव ने ठेकेदार मोनू मौर्य पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया । वही पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव गांव ले जाया रहा था जिसे घटना से आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर हरदोई रोड पर रहमान खेड़ा के पास मोटी नीम चौराहे पर शव रख कर जाम प्रदर्शन शुरू किया। प्रदर्शन कारी मौके पर ठेकेदार को बुलाने व मुआवजा की मांग कर रहे थे। जाम की जानकारी पर काकोरी पुलिस समेत दुबग्गा , मलिहाबाद, मॉल थाने की पुलिस पहुंची। एसीपी काकोरी शकील अहमद ने आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण ठेकेदार को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे।

# विश्व यादव परिषद लखनऊ को मिला नया जिला अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ।विश्व यादव परिषद की मासिक बैठक रविवार को राजधानी लखनऊ के जुग्गौर क्षेत्र में सम्पन्न हुई, जिसमें पूरे उत्तर प्रदेश से आए पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में संगठन की आगामी योजनाओं, सामाजिक कार्यों और विस्तार को लेकर चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रोहन यादव ने की। उन्होंने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश यादव के समक्ष लखनऊ मूल निवासी रोहित यादव का नाम ज़िला अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया। रोहन यादव ने बताया कि रोहित यादव लंबे समय से संगठन से जुड़े हुए हैं और एक कर्मठ, ईमानदार एवं निःस्वार्थ कार्यकर्ता के रूप में समाज में उनकी अलग पहचान है।उन्होंने बताया कि रोहित यादव निरंतर समाज के हित में शिक्षा, स्वास्थ्य, युवाओं के मार्गदर्शन तथा सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। इस प्रस्ताव पर बैठक में मौजूद रहे।

## जनसुनवाई, जवाबदेही को बनाएं कार्य संस्कृति का हिस्सा : एके शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में बिजली विभाग के निजीकरण को लेकर विभाग और अभियंताओं के बीच चले आ रहे गतिरोध के बीच ऊर्ज़ा मंत्री ए के. शर्मा ने कहा कि जनसुनवाई, जवाबदेही और समयबद्ध कार्यवाही ऊर्ज़ा विभाग की कार्यसंस्कृति का हिस्सा बननी चाहिए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक अधिकारी अपने-अपने जनपदों में जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद बनाएं रखें। साथ ही स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित रूप से हल करें।श्री शर्मा ने प्रदेश के सभी जनपदों के विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान ऊर्ज़ा मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लापरवाही, टालमटोल या जन समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बीडीओ ने पशु आश्रय केंद्रों को लेकर सचिव व प्रधानों संग की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज ब्लॉक में सचिव व प्रधानों संग पशु आश्रय केंद्र संबंधित महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को बीडीओ राजेश बहादुर सिंह ने बुलाई। बैठक में विकासखंड के 12 पशु आश्रय केंद्रों पर तैनात सचिव व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। ग्राम प्रधानों ने बैठक में अपनी अपनी राय दी। वहीं बीडीओ राजेश बहादुर सिंह ने कहा कि जिला अधिकारी विशाख जी द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। बीडीओ ने सख्त लहजे में कहा कि बरसात को लेकर जो भी दिशा निर्देश शासन द्वारा जारी किए गए हैं उनका पालन हर हाल में होना चाहिए। भूसे को लेकर बीडीओ ने कहा कि पर्याप्त मात्रा में स्टॉक होना चाहिए यानी की 1 महीने का भूसा एडवांस में गोदाम में रखना चाहिए। ताकि भूसे की समस्या उत्पन्न न हो। कई ग्राम प्रधानों ने राय दी कि कुछ बड़े आवारा सांड छोटे बछड़े या गायों को चारा नहीं खाने देते इसलिए छोटे जानवरों को अलग रखना चाहिए। बीडीओ राजेश बहादुर सिंह ने कहा कि जो पशु बीमार होते हैं उन्हें अलग सिक रूम में रखा जाए। साथ-साथ यदि किसी पशु की मृत्यु हो तो उसको ढक दिया जाए और समय से उसका अंतिम संस्कार किया जाए। पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुनील सिंह के साथ एडीओ एसटी आलोक कुमार गुप्ता बैठक में मौजूद रहे। बैठक के उपरांत सभी ग्राम प्रधान ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष विनय वर्मा डिंपल से मिले और पशु आश्रय केंद्रों से संबंधित समस्याओं को साझा किया। पूरी बात सुनने के बाद ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि समय-समय पर उनके द्वारा पशु आश्रय केंद्रों की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा जाता है।

# बीडीसी सदस्य आत्महत्या मामले में महिला समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिले के करछना क्षेत्र में बीडीसी सदस्य दीपक पांडेय की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 35 वर्षीय दीपक पांडेय ने कुछ दिन पहले आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी थी।करछना थाना पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में एक महिला और दो पुरुषों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रेखा पाण्डेय, रोहित शर्मा और जय प्रकाश पाण्डेय के रूप में हुई है। तीनों को हनुमानपुर मोरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।इस मामले में यमुनानगर जोन के करछना थाने में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में इन तीनों की भूमिका आत्महत्या के लिए उकसाने में पाई गई है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि इस संवेदनशील मामले में निष्पक्ष जांच कर न्याय सुनिश्चित किया जाएगा।

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Pnu-LKO-LKO-Toi-110-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.08.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.08.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Pnu-LKO-LKO-Toi-108-25-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.08.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.08.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2333/25

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **21.08.2025** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 08902025 दिनांक 21.08.2025 | | |
| निविदा संख्या | 15-Sr.DEN-II-LKO/2025-26 | | |
| कार्य का नाम | रायबरेली-उतरेटिया खंड कुंदनगंज-रायबरेली जैसे में सुरक्षा बाड़ आरसीसी दीवार, एंटी कैश बैरियर आदि के प्रावधान के लिए संतुलित कार्य किया जाना है। | | |
| अनुमानित लागत | ₹9,32,93,668.25 | धरोहर राशि | ₹6,16,500.00 |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह | | |
| निविदा डालने का प्रारम्भ | 07.08.2025 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 21.08.2025 को बजे 15:00 |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2330/2025

# गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के अवसर पर विशाल भण्डारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । श्रावण मास शुक्ल सत्तमी को जन्में श्रीराम चरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के अवसर पर श्री रामलीला समिति के तत्वाधान में ऐशबाग श्री रामलीला परिसर गेट 2 पर विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने पूड़ी सब्जी, जलजीरा, पेयजल और बूंदी प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया। जिसका शुभारंभ समिति अध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल ने पूजा अर्चना के पश्चात भण्डारा की शुरुआत कराया। अध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल ने गोस्वामी तुलसीदास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसीदास का जीवन भक्ति, ज्ञान और लोक कल्याण की भावना से ओतप्रोत था। उन्होंने श्री रामचरितमानस के माध्यम से न केवल श्रीराम कथा को लोकप्रिय बनाया, बल्कि समाज में प्रेम, करुणा और समानता का संदेश भी दिया। तुलसीदास की रचनाएँ आज भी लोगों को प्रेरित करती हैं और उनके द्वारा दिए गए संदेश आज भी प्रासंगिक हैं। मौके पर मंत्री शील कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ऋतुराज रस्तोगी, हर्षित जयसवाल, शुभम् अग्रवाल अलीगंज, मंजू अग्रवाल, रामगोपाल सिंह, अभिताभ श्रीवास्तव, धनश्याम सिंह, पार्षद राजू वाजपेई, पूर्व पार्षद रजनीश गुप्ता बाबी आदि भक्त मौजूद रहे।



# एक करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी भूमि अतिक्रमण से हुई मुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सरकारी जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के अभियान के तहत लखनऊ नगर निगम ने एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। मंडलायुक्त और नगर आयुक्त के निर्देश पर ग्राम तेराखास, तहसील सदर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग एक करोड़ रुपये मूल्य की सार्वजनिक उपयोग की भूमि को कब्जे से मुक्त कराया गया। अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने यह अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम तेराखास स्थित खसरा संख्या 168 (0.087 हेक्टेयर) और 169 (0.063 हेक्टेयर) की बंजर भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध प्लॉटिंग और बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया जा रहा था। यह भूमि राजस्व अभिलेखों में नगर निगम की संपत्ति के रूप में दर्ज है। प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) संजय यादव के आदेशानुसार, नायब तहसीलदार रत्नेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने मौके पर जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। इस अभियान में लेखपाल लालू प्रसाद, शक्ति वर्मा, राकेश कुमार यादव और सुभाष कौशल की प्रमुख भूमिका रही। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष बीबीडी द्वारा पुलिस बल भी तैनात किया गया था।जिससे पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। नगर निगम ने बताया कि यह भूमि सार्वजनिक हित के कार्यों के लिए आरक्षित थी, लेकिन कुछ अतिक्रमणकारियों द्वारा अनधिकृत निर्माण कर कब्जा किया जा रहा था। समय पर की गई कार्रवाई न केवल सरकारी संपत्ति की रक्षा का उदाहरण है, बल्कि यह भी संदेश देती है कि नगर निगम की भूमि पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर निगम ने कार्रवाई में सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की और यह स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इसी तरह के अभियान चलाकर निगम की संपत्तियों को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाएगा।



# एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान ने पर्यावरण, शिक्षा व स्वच्छता का फैलाया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन से 30 जुलाई को प्रारंभ होकर बाराबंकी जनपद गई 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' साइकिल रैली दो दिनों में लगभग 110 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर गुरूवार को वापस राजभवन में आकर समाप्त हुई। अधिकारियों व कर्मचारीगणों की यह साइकिल रैली बुधवार 30 जुलाई को राजभवन लखनऊ से बाराबंकी के देवा व बंकी होते हुए आज दूसरे दिन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, हरख पहुंची। विद्यालय की प्रभारी साधना सिंह के साथ शिक्षा विभाग और प्रशासन के अधिकारी एवं विद्यालय के विद्यार्थियों ने रैली दल का पारंपरिक स्वागत किया तथा पौधरोपण, स्वच्छता एवं संवाद सत्र में भाग लिया।

इस दौरान तीन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कुल 600 पौधों का सामूहिक वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, छात्राओं से संवाद और हस्ताक्षर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। विद्यालय परिसरों में नीम, जामुन, मौलश्री, सहजन, छितवन, बॉटल ब्रश, अमरूद आदि प्रकार के पौधे लगाए गए। राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विद्यालय की छात्राओं से उनके कक्षाओं में जाकर संवाद किया।




छात्राओं के अनुशासन, शिक्षामें रुचि और आत्मविश्वास की सराहना की गई। अधिकारियों ने बालिकाओं को जीवन में आगे बढ़ने, पर्यावरण संरक्षण करने तथा स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। छात्राओं ने इन संवादों को अनमोल अनुभव बताते हुए खुले दिल से सराहा। विद्यालयों में पर्यावरण, स्वच्छता और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें छात्राओं, शिक्षकों एवं अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। साइकिल रैली कार्यक्रम के सहभागी परिसहाय राज्यपाल, पुनीत द्विवेदी, चिकित्साधिकारी राजभवन, डॉ. नरेंद्र देव, राजपरिवार नियंता राजभवन, अनुराग यादव, फिजिशियन, डॉ. रईस अहमद व रैली के नोडल अधिकारी मनोज सिंह और विमल सिंह सहित राजभवन से आये सभी प्रतिभागी अधिकारियों और कर्मचारियों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय व जिला स्काउड मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी आदि द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

**राजभवन कार्मिकों ने विद्यालय की छात्राओं का किया मार्गदर्शन**

# निगोहां में भाजपाइयों का प्रथम परिचय बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहा ,लखनऊ । भाजपाइयों का निगोहा मंडल की प्रथम परिचय बैठक गुरुवार को मंडल कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष विजय कुमार वर्मा एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र पांडेय 'धीरू' उपस्थित रहे।मंडल अध्यक्ष ललित सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में हाल ही में गठित मंडल कार्यकारिणी के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी शामिल हुए। जिलाध्यक्ष विजय वर्मा ने सभी पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें संगठनात्मक जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और संगठन की मजबूती ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। साथ ही उन्होंने अपील की कि सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाएं और आम जनता तक भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों को पहुंचाएं।युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र पांडेय 'धीरू' ने युवाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि संगठन को ऊर्जावान एवं सक्रिय बनाए रखने के लिए युवाओं की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने युवाओं से पार्टी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की।कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष ललित सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह बैठक संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि पूरी कार्यकारिणी एकजुट होकर भाजपा को निगोहा मंडल में और अधिक सशक्त बनाएगी। बैठक में मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा ने जिलाध्यक्ष को किया सम्मानित, सज्जन सिंह समेत मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य को नवीन मिश्रा ने किया सम्मानित**

# जीवन जीने का मार्ग शिव पुराण कथा से मिलता है: कथा वाचक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। दखिना गांव में चल रही शिव पुराण कथा के चौथा दिन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कथावाचक जय शंकर शुक्ला द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने मुखारविंद से भावपूर्ण शैली में शिव पुराण के प्रसंगों को प्रस्तुत किया। कथा में बताया गया कि जैसे सूर्य और चंद्रमा के बिना संसार अंधकारमय हो जाता है, वैसे ही बिना शास्त्र और पुराणों के ज्ञान के मनुष्य का जीवन भी अज्ञानता से भर जाता है। पुराणों के अध्ययन से जीवन के उद्देश्य, धर्म और कर्तव्यों की स्पष्टता मिलती है। शास्त्र ही अज्ञान का नाश करते हैं और मनुष्य को पतन से बचाकर जीवन के मार्ग पर अग्रसर करते हैं। जय शंकर शुक्ला ने शिवपुराण के प्रसिद्ध प्रसंगों की व्याख्या करते हुए भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह की दिव्य कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि कैसे यह विवाह ब्रह्मांडीय संतुलन का प्रतीक बना इसके साथ ही तारकासुर वध का उल्लेख करते हुए बताया गया कि कैसे शिव-पार्वती के पुत्र कार्तिकेय ने अधर्म के प्रतीक तारकासुर का अंत कर धर्म की पुनः स्थापना की। इस आध्यात्मिक आयोजन के संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी अनमोल तिवारी हैं, कथा के दौरान आसपास के गांवों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने के लिए पहुंच रहे । भजन-कीर्तन, मंत्रोच्चार और संतवाणी के बीच भक्तगण पूरी तरह भक्ति भाव में डूबे रहे। आयोजन समिति ने बताया कि शिवपुराण कथा महोत्सव आगामी दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें अन्य पुराणिक और प्रेरणास्पद प्रसंगों की प्रस्तुति की जाएगी।



**शिवपुराण कथा के चौथे दिन शिव-पार्वती विवाह व तारकासुर वध के प्रसंग का किया वर्णन**

# समेसी में सर्पदंश से महिला की मौत, परिवार में मचा कोहराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र के समेसी के मजरा रसूलपुर गांव में मंगलवार की देर रात एक दर्दनाक हादसे में 24 वर्षीय संजू मौर्य की सर्पदंश से मौत हो गई। मृतका गोविन्द मौर्य की पत्नी थीं। घटना के बाद परिवार और गांव में मातम पसर गया है। परिजनों के अनुसार संजू मौर्य अपने घर में रात को खाना खाकर सोने जा रही थी जैसे ही कमरे में पहुंचीं विषैले सर्प ने डस लिया। परिजन उन्हें आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों ने थाने में न सूचना करते हुए मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका के एक वर्ष का बेटा भी है जिसका रो-रो के बुरा हाल है।



**घटना के बाद परिवार और गांव में मातम पसर गया है। परिजनों के अनुसार संजू मौर्य अपने घर में रात को खाना खाकर सोने जा रही थी जैसे ही कमरे में पहुंचीं विषैले सर्प ने डस लिया।**

## मोहनलालगंज पुलिस की तत्परता चोरी गए गेट बरामद, तीन आरोपी जेल भेजे गए



मोहनलालगंज। लखनऊ, मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के गौरा गांव में हुई गेट चोरी की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे में खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी गए दोनों लोहे के गेट बरामद कर न्यायिक कार्रवाई के उपरांत तीनों को जेल भेज दिया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते बुधवार को रनदीप सिंह पुत्र सखू देवी सिंह, निवासी वृन्दावन योजना सेक्टर-12, पीजीआई लखनऊ द्वारा मोहनलालगंज थाने में सूचना दी गई कि मोहनलालगंज के गौरा गांव में स्थित उनकी निजी संपत्ति से अज्ञात चोर दो लोहे के गेट चुरा ले गए हैं। चोरी की जानकारी सुबह वहां पर तैनात चौकीदार द्वारा दी गई थी। चोरी गए गेटों की अनुमानित कीमत पचास हजार रुपए बताई गई।पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम का गठन कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। बीती रात पुलिस टीम मोहनलालगंज क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रही थी, तभी पुलिस के खास मुखबिर से सूचना मिली कि गौरा गांव के पास तीन संदिग्ध व्यक्ति झाड़ियों से लोहे का गेट निकालते हुए देखे गए हैं।पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ व तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से चोरी गए दोनों गेट बरामद किए गए।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 30 वर्षीय राजू पुत्र कोइली, निवासी मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के गौरा, 45 वर्षीय मलखान पुत्र राम खेलावन, निवासी शंकरखेड़ा गौरा, और 23 वर्षीय संजय पुत्र रामाश्रय, निवासी शंकरखेड़ा, गौरा के रूप में हुई है।मोहनलालगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# सावन में रामचरितमानस पाठ व भव्य भंडारा, श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।सावन मास के पावन अवसर पर लखनऊ के न्यू जेल परिसर में भोलेभरीद बाबा मंदिर में धार्मिक आयोजन की भव्य श्रृंखला संपन्न हुई। इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन रुद्र मिश्रा टेंट एवं लाइट हाउस, मोहारी कलां, गोसाईंगंज, लखनऊ के प्रबंधक अखिलेश मिश्रा , अमित मिश्रा, नवीन मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आरंभ राम चरित मानस का संगीतमय पाठ बड़े श्रद्धा भाव से आयोजित किया गया।आयोजन क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु जनों ने भाग लेकर भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा प्राप्त की। पाठ के दौरान वातावरण श्रीराम जय राम जय जय राम के संकीर्तन से गूंजता रहा। नवीन मिश्रा ने बताया कि राम चरित मानस पाठ के इस शुभ अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया।, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों ने शिवभक्ति में लीन होकर ''बोल बम'' के जयघोष किए और भक्ति भाव से आयोजन में सहभागिता की।श्रद्धालुजनों ने आयोजन की की सराहना की। इस अवसर पर मन्दिर के पंडित भगवती दुबे महाराज, धनश्याम पांडे, राजेश पांडे, पूर्व प्रधान संघ के अध्यक्ष फूलचंद्र यादव, अतुल मिश्रा, अंकित मिश्रा, अवधेश साहू, विशाल शुक्ला, आशीष द्विवेदी,आयुष मिश्रा , दीपांकर, अश्वनी, श्याम मिश्रा प्रमोद सिंह, पप्पू यादव, ज्ञान चंद्र इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।



# नए बिल्डिंग बायलॉज से मिलेगा प्रदेश को आर्थिक विकास का बूस्टर डोज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नए बिल्डिंग बायलॉज और जोनिंग रेगुलेशन-2025 को लेकर राजधानी लखनऊ के विभूति खंड स्थित होटल हिल्टन गार्डन इन में गुरुवार को एक अहम कार्यशाला का आयोजन किया गया। लखनऊ विकास प्राधिकरण और क्रेडाई के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस वर्कशॉप में आर्किटेक्ट्स, बिल्डर्स, निवेशकों और शहरी विकास से जुड़े विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में डेलॉयट इंडिया की ओर से नए बायलॉज की प्रमुख बातें बताई गईं, जिसके बाद खुले मंच से चर्चा हुई और उपस्थित विशेषज्ञों ने अपने सुझाव और सवाल रखे। नए बायलॉज में एफएआर (फ्लोर एरिया रेशियो) और सेटबैक जैसे नियमों में दी गई छूट को सभी ने सराहा। आर्किटेक्ट्स और बिल्डर्स ने कहा कि ये बदलाव निर्माण कार्य को आसान बनाएंगे और विकास की रफ्तार को तेज करेंगे।




कार्यक्रम में प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन पी. गुरु प्रसाद, सचिव बलकार सिंह, मंडलायुक्त रोशन जैकब, मुख्य नगर नियोजक अनिल कुमार मिश्रा, एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रमुख सचिव ने कहा कि यह बायलॉज प्रदेश की आर्थिक तरक्की की नई कहानी लिखेगा और सभी क्षेत्रों में निवेश और निर्माण को बढ़ावा देगा। मंडलायुक्त ने कहा कि यह बदलाव आम लोगों की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर किया गया है, जिससे अब कई जटिलताएं खत्म हो जाएंगी। कार्यशाला में एबीएम द्वारा बनाए गए फास्ट पास सिस्टम का भी प्रेजेंटेशन दिया गया, जिससे नक्शा पास कराने की प्रक्रिया और आसान और तेज हो सकेगी। कार्यक्रम में मौजूद आर्किटेक्ट्स और निवेशकों ने कहा कि नए बायलॉज में किए गए बदलाव काफी सकारात्मक हैं और इससे राज्य में नियोजित विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा और मुख्य नगर नियोजक के.के. गौतम सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## जोनल अधिकारी को पुलिस उपायुक्त ने दिया प्रशंसा पत्र

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के पश्चिमी क्षेत्र में बकरीद, मोहर्रम और जगन्नाथ यात्रा जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान बेहतरीन सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम के जोन-6 के जोनल अधिकारी मनोज कुमार यादव को पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया है। मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने रणनीतिक ढंग से दिन-रात कार्य करते हुए पूरे आयोजन क्षेत्र में सफाई के 75 क्लस्टर बनाए और 150 कूड़ा वाहनों के साथ 850 से अधिक सफाई मित्रों की तैनाती की। इन सभी के माध्यम से उच्च मानक की स्वच्छता सुनिश्चित की गई, जिससे आयोजनों का समापन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से हुआ। पुलिस उपायुक्त ने प्रशंसा पत्र में लिखा कि मनोज कुमार यादव की कार्यशैली, समर्पण और कठोर परिश्रम सराहनीय है। उन्होंने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## चोर जानकर पेड़ से बांधकर किया था लहूलुहान ,अब पुलिस ने दर्ज कराया मुकदमा 6 आरोपी गिरफ्तार

सरोजनीनगर,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिजनौर इलाके के एक गांव में बीती मंगलवार बुधवार की आधी रात को ग्रामीणों द्वारा एक युवक को चोर समझ कर जम कर पीटा गया। इसके बाद यहां उसे एक पेंड में रस्सी से बाँधकर तब तक मारा पीटा गया जब तक वह लहू-लुहान और अधमरा नहीं हो गया। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच कर घायल अवस्था में युवक को इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल ले गई थी। इसी बीच मारपीट के दौरान किसी ग्रामीण द्वारा घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। इस मामले में थाने में तैनात एसआई विपिन कुमार की तहरीर पर इस अमानवीय कृत्य को अंजाम देने वाले अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ बुधवार देर रात रिर्पोट दर्ज कर आरोपियों की पहचान करने की कवायद शुरु कर दी है । उधर जब गुरुवार की दोपहर थाने की पुलिस इस प्रकरण की जाँच करेने गाँव पहुंची तो गांव वाले पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरु कर लड़ाई झगड़े पर आमादा हो गए। स्थिति बिगड़ते देख मौके पर अतिरिक्त पुलिस बुलाकर गाँव के सुनील कुमार ( 45 ), दिवाकर नाथ (35), अनिल शर्मा ( 35 ), सरोज ( 47 ), गंगाधर ( 54 ) व शेर बहादुर ( 32 ) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । पुलिस के अनुसार मंगलवार बुधवार की देर रात्रि थाना क्षेत्र के शाहपुर मझिगवां गांव में ग्रामीणों ने समस्तीपुर - बिहार निवासी दीना पासवान (25) को चोर समझ कर पहले उसे लाठी डण्डो से खूब मारा पीटा और फिर रस्सी से पेंड़ में बांधकर जमकर मारपीट कर लहूलुहान कर दिया था।

# भाजपा नेता राजा राजेश्वर सिंह की मेहनत को कभी भुला नहीं पाएगा निघासन क्षेत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन-खीरी। चारों दिशाओं से नदियों से आच्छादित निघासन विधानसभा क्षेत्र लम्बे समय से बाढ़ की विभीषिका से जूझता रहा हैं, विगत वर्षों के दौरान शारदा में आई प्रलयं कारी बाढ़ की चपेट में आकर शारदानदी दक्षिणी निघासन क्षेत्र के तीन चार गांवों को पहले ही लील चुकी हैं, लेकिन इस बार झड़ी स्टेट के राजा और भाजपा विदेश विभाग के प्रदेश संयोजक कुंवर राज राजेश्वर सिंह के सार्थक प्रयास से आधा सावन बीत जाने के बावजूद फिलहाल बाढ़ ने दस्तक नहीं दी हैं। झंडी महल में मीडिया से मुखातिब होते हुए भाजपा नेता राजा राज राजेश्वर सिंह ने कहा कि पीड़ित और जरूरतमंदों की मदद करना झंडी राजघराने की दशकों पुरानी परंपरा हैं, इसमें कोई नई बात नहीं हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर



उन्हें निघासन क्षेत्र की बाढ़ की समस्या से अवगत कराया और बाढ़ रोकने के संबंध में प्रभावी उपाय किए जाने के संबंध में सीएम से पुरजोर निवेदन किया। प्रमुख सचिव से मिलकर जिला प्रशासन को फौरन बाढ़ की रोकथाम करने के संबंध में कार्यवाही आगे बढवाई। इसी क्रम में भाजपा नेता राजा राज राजेश्वर सिंह ने कहा कि बनबसा बैराज और नेपाली नदियों से छोड़े जाने वाले पानी और चातुर्मास में होने वाली घनघोर वर्षा की वजह से शारदा नदी में हर साल भयंकर बाढ आ जाती हैं। शारदा का पानी ग्राम रानीगंज के पास स्थित घाघी नाले में भरना शुरू हो जाता हैं। और यही पानी दक्षिणी निघासन क्षेत्र के दर्जनों गांव में तबाही फैलाने के लिए उत्तरदाई हो जाता हैं लोग बेघर हो जाते हैं, उप्त दुश्वारियों को दृष्टिगत रखते हुए राजा राजेश्वर सिंह के अनुसार उन्होंने लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से इस संबंध में गहन वार्ता की और समस्या के स्थाई समाधान के लिए निवेदन किया जिसके फल स्वरुप जिला प्रशासन और बाढ़ खंड के प्रयास से घाघी नाले की डेढ़ किलोमीटर तक सफाई कराई गई जिसकी वजह से शारदा का पानी अब नाले में ही समाहित हो जाता हैं फिलहाल राजा झंडी के इस प्रयास से क्षेत्र के रानीगंज, लालपुर, गोविंदपुर फॉर्म, मदनापुर, खमरिया, झौ आपुरवा, बैलहा, जीतपुरवा तथा लुधौरी सहित दर्जनों गांवों में बाढ़ नहीं आई हैं जिसकी वजह से यहां के निवासी भाजपा नेता राजा राजराजेश्वर सिंह को तहे दिल से चाहने लगे हैं, इतना ही नहीं बाढ़ से बचाव के लिए राजा झंडी ने तमोलिन पुरवा में बंधे का निर्माण करवाया जिससे लोगों का आवागमन सुगम हो गया हैं। इसी प्रकार ग्राम ढखेरवा खालसा में सरयू नदी के पुल के दोनों तरफ रेलिंग लगवा कर दुर्घटनाओं पर विराम लगाया। इस प्रकार भाजपा नेता राजा राज राजेश्वर सिंह ने क्षेत्र को बाढ़ से बचाने के लिए को कोई कसर नहीं छोड़ी, शायद यही वजह हैं कि क्षेत्रवासी उन्हें विधायक के रूप में देखना चाहते हैं लेकिन भाजपा नेता राजा राज राजेश्वर सिंह इन सब बातों से बेपरवाह होकर जनता की सेवा में समर्पित हैं।

# संगोष्ठी कक्ष में SJPU ² A.H.T.U की मासिक समन्वय बैठक की गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, संकल्प शर्मा के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) महोदय की अध्यक्षता में SJPU ² A.H.T.U की मासिक समीक्षा एव समन्वय गोष्ठी आहूत की गयी जिसमें स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर राकेश कुमार गुप्ता, काउंसलर देवानंद श्रीवास्तव, सी डब्ल्यूसी के अध्यक्ष एसपी सिंह, श्रमविभाग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा, डीपीओ कार्यालय से श्री अनुज चतुर्वेदी , चाइल्ड लाइन खीरी से अंजुमन परवीन, रश्मि चतुर्वेदी प्रभारी वन स्टाफ सेंटर व विजेता गुप्ता, जिला बाल संरक्षण इकाई से काउंसलर कय्यूम जरवानी, एम ट्रस्ट से प्रियंका वर्मा, अशोक कुमार, अमित,बचपन बचाओ आंदोलन से राजबहादुर, इंद्र कुमार, मानव सेवा संस्थान तिकुनिया से अवधेश कुमार, मानव सेवा संस्थान गौरीफण्टा से महेश कुमार व बाल कल्याण अधिकारी अन्य विभागों के अधिकारीगण शामिल हुए जिसमें पूर्व में जारी किए गए कार्यवृत का अनुपालन के संबंध में चर्चा की गई। उपस्थित अधिकारीगण द्वारा थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या, एवं सुझाव पीड़ितों के अश्वासन, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, नशा मुक्त अभियान, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 मे हुए नवीनतम संशोधन पोस्को को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए व बी पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि, किशोर न्याय बोर्ड में पुलिस अधिकारियों रिमांड लेने हेतु सादे वस्त्रों में आने जे.जे एक्ट की धारा 24 आदि तथा पोक्सो एक्ट एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी /पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

# बिजली तार चोरी मामले मे संविदा कर्मी समेत एक अन्य को भेजा गया जेल

## औरंगाबाद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मैगलगंज खीरी। बिजली तार चोरी मामले में औरंगाबाद विद्युत उपकेंद्र पर तैनात संविदा कर्मी समेत एक अन्य को बिजली तार चोरी मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। क्षेत्राधिकार मितौली के निर्देशन पर मैगलगंज इंस्पेक्टर के के निर्देशन में पुलिस टीम के द्वारा रात्रि गस्त के दौरान हरदमा मार्ग पर कार सवार दो को संदिग्ध स्थिति में खड़ा देख पुलिस के द्वारा कार की तलाशी ली गई जिसमें कार से 8 बंडल बिजली के चोरी किए हुए तार बरामद हुए। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिस पर दोनों ने तार चोरी का होना स्वीकार किया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों की पहचान मुनेश कुमार पुत्र रामस्वरूप थाना मितौली व विश्वकर्मा पुत्र मदनलाल थाना मितौली के रूप में हुई। दोनों व्यक्तियों के पास से एक अदद कार भी बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्तों में से मुनेश कुमार औरंगाबाद विद्युत उपकेंद्र पर एसएससो के रूप में संविदा कर्मी था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अनूप कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल समरेंद्र बहादुर सिंह, विवेक वर्मा, अजय कुमार, लोकेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# एल्पिस ग्लोबल विद्यालय में छात्र नेतृत्व के लिए हाउस सिस्टम गठन, शौर्य व अनुप्रेक्षा बने प्रमुख कैप्टन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां सीतापुर । बिसवां शहर के प्रतिष्ठित एल्पिस ग्लोबल विद्यालय में विद्यार्थियों में प्रबन्धन क्षमता का विकास करने हेतु विभिन्न वर्गो से चुने विद्यार्थियों से विभिन्न हाउसेज का गठन किया गया ' जिसमें प्रमुख कैप्टन छात्र शौर्य मिश्रा व छात्रा अनुप्रेक्षा श्रीवास्तव (कक्षा 11 ) नियुक्त किये गये तथा इनके सहायतार्थ येलो हाऊस के कैप्टन शगुन खेतान,आयुषमोहन त्रिपाठी,हन्फा हुसैन,प्रखर राज शर्मा,कृति शंकर,अदीब अहमद ग्रीन हाऊस के कैप्टन निशिता पांडेय,रोशन सिंह,एशा वर्मा, शौर्य श्रीवास्तव,वंशिका मौर्या, ऐश्वर्य सिंह चौहान तथा रेड हाऊस कैप्टन अर्शदीप कौर, सम्राट जायसवाल ,प्राची वर्मा, रचित श्रीवास्तव, अक्षरा सिंह, शौर्य मिश्र व ब्लू हाऊस के कैप्टन मनस्विनी गुप्ता ऋतुराज सिंह, शांभवी शर्मा शिवांश कुमार,लीजा परवीन आरुष वर्मा नियुक्त किये गये ।



इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री उमंग राजवंशी व विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा उपस्थित रहे तथा छात्र छात्राओं व शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए बताया कि विद्यालय परिसर में नियुक्त इन हाउसेज के द्वारा विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता के साथ - साथ प्रबंधन कौशल का भी विकास होगा इसके साथ ही विद्यालय में होने वाली सभी गतिविधियों को सुचारू रूप से लागू करनें में भी सक्षम होगें।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापकगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।शहर के प्रतिष्ठित एल्पिस ग्लोबल विद्यालय में विद्यार्थियों में प्रबन्धन क्षमता का विकास करने हेतु विभिन्न वर्गो से चुने विद्यार्थियों से विभिन्न हाउसेज का गठन किया गया '

जिसमें प्रमुख कैप्टन छात्र शौर्य मिश्रा व छात्रा अनुप्रेक्षा श्रीवास्तव (कक्षा 11 ) नियुक्त किये गये तथा इनके सहायतार्थ येलो हाऊस के कैप्टन शगुन खेतान,आयुषमोहन त्रिपाठी,हन्फा हुसैन,प्रखर राज शर्मा,कृति शंकर,अदीब अहमद ग्रीन हाऊस के कैप्टन निशिता पांडेय,रोशन सिंह,एशा वर्मा, शौर्य श्रीवास्तव,वंशिका मौर्या, ऐश्वर्य सिंह चौहान तथा रेड हाऊस कैप्टन अर्शदीप कौर, सम्राट जायसवाल ,प्राची वर्मा, रचित श्रीवास्तव, अक्षरा सिंह, शौर्य मिश्र व ब्लू हाऊस के कैप्टन मनस्विनी गुप्ता ऋतुराज सिंह, शांभवी शर्मा शिवांश कुमार,लीजा परवीन आरुष वर्मा नियुक्त किये गये ।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री उमंग राजवंशी व विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा उपस्थित रहे तथा छात्र छात्राओं व शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए बताया कि विद्यालय परिसर में नियुक्त इन हाउसेज के द्वारा विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता के साथ - साथ प्रबंधन कौशल का भी विकास होगा इसके साथ ही विद्यालय में होने वाली सभी गतिविधियों को सुचारू रूप से लागू करनें में भी सक्षम होगें। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापकगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्र सम्मान समारोह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । वामा सारथी (उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफ़ेयर एसोसिएशन) के तत्वाधान में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) खीरी की धर्मपत्नी प्रतिभा सिंह, अध्यक्षा वामा सारथी जनपद खीरी की गरिमामयी में उपस्थिति में शिक्षण सत्र 2024-25 में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में 90% से अधिक अंक अर्जित करने वाले पुलिसकर्मियों के बच्चों के अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वामा सारथी अध्यक्षा द्वारा वृक्षारोपण कर हरित भविष्य और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश भी दिया गया। यह आयोजन न केवल पुलिस परिवार की एकजुटता और प्रतिभा सम्मान का प्रतीक बना, बल्कि शिक्षा और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का भी प्रेरणास्त्रोत रहा।

# शिक्षक ने ईमानदारी और मानवता की मिसाल पेश की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। बल्दीराय में एक शिक्षक ने ईमानदारी और मानवता की मिसाल पेश की है। पवन कुमार जो शिक्षा मित्र संघ सुल्तानपुर के जिला महामंत्री हैं, और उनकी पत्नी रीचू को नाग पंचमी के दिन शाम 5:00 बजे संपर्क मार्ग विरधौरा गांव के पास वीवो कंपनी का नया एंड्राइड फोन रोड पर गिर पड़ा मिला. गिरा हुआ मोबाइल फोन सेमरा गांव निवासी सही मालिक को इलेक्ट्रिक मोटर्स प्रोपराइटर व पत्रकार बब्बन वर्मा की दुकान पर बुलाकर पत्रकार राजदेव यादव शिक्षक अशोक यादव व राजेंद्र कुमार की उपस्थिति में सौंप दिया। मोबाइल फोन की कीमत लगभग 22,000 रुपये थी। पवन कुमार और उनकी पत्नी ने मोबाइल फोन के सही मालिक का पता लगाया और उसे सौंप दिया। मोबाइल फोन का



मालिक इमरान एक गरीब परिवार से है, और उसे यह फोन वापस पाकर बहुत खुशी हुई 'मानवता और ईमानदारी की मिसाल' इस घटना ने पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है, और सभी लोग इस ईमानदारी की प्रशंसा कर रहे हैं। पवन कुमार और उनकी पत्नी ने दिखाया है कि ईमानदारी और मानवता अभी भी हमारे समाज में मौजूद है। 'सामाजिक मूल्यों का सम्मान' इस घटना ने सामाजिक मूल्यों का सम्मान करने और दूसरों की मदद करने के महत्व को भी उजागर किया है। इमरान ने भी जीवन में जरूरत मंदों की मदद करने का विश्वास दिया है, जो कि एक अच्छा संदेश है ।

## सेवानिवृत्त हुए मुख्य आरक्षी राजेश कुमार को शुभकामनाओं सहित विदा किया गया



लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । लखीमपुर खीरी से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए मुख्य आरक्षी राजेश कुमार को पुलिस लाइन खीरी में आयोजित विदाई समारोह के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) खीरी, श्री पवन गौतम द्वारा माला व अंगवस्त्र पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर उनके आगामी सुखमय जीवन की शुभकामनाओं सहित विदा किया गया।

## सुहेली नहर में नहाने गया युवक क़ो मगरमच्छ ने किया हमला, घायल

निघासन खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुहेली नहर में नहाने गये युवक पर मगरमच्छ ने किया हमला नहा रहे अन्य बच्चों ने शोर-शराबा मचा कर मगरमच्छ के चंगुल से बचया सीएचसी में भर्ती कराया गया। जिसकी सूचना दक्षिण वनाधिकारी गजेन्द्र बहादुर सिंह यादव को दी गई। ब्लाक निघासन के पीछे कसावल व बिरजा पुरवा गांव जाने वाले मार्ग पर सुहेली नहर में अपने पड़ोस के अन्य बच्चों के साथ नहाने गये सुभाष भार्गव 19 निवासी अम्बेडकर नगर नगर पंचायत निघासन पर अचानक मगरमच्छ ने हमला कर दिया। एक हाथ लहु लुहान कर दिया, घायलावस्था में युवक को सीएचसी निघासन में भर्ती कराया गया। जिसकी सूचना दक्षिण वनाधिकारी गजेन्द्र बहादुर सिंह यादव को दी गई हैं।

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण हेतु उत्कृष्ट कार्यों पर मिलेगा राज्य स्तरीय सम्मान, आवेदन प्रक्रिया शुरू

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राज कुमार ने सूचित किया है कि प्रत्येक वर्ष 03 दिसम्बर को ''विश्व दिव्यांग दिवस'' के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 द्वारा ''राज्य स्तरीय पुरस्कार'' हेतु 12 विभिन्न श्रेणियों की व्यवस्था निम्नानुसार की गयी है, जिसमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए, सेवायोजकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, प्रेरणास्त्रोत हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार तथा दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार शामिल हैं। इच्छुक व्यक्ति एवं स्वैच्छिक संस्थान ''राज्य स्तरीय पुरस्कार'' हेतु आवेदन पत्र पूर्ण विवरण/अभिलेखों/प्रपत्रों के साथ तीन प्रतियों में दिनांक 04.08.2025 तक कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, सीतापुर में 03 प्रतियों में जमा कर सकते हैं।

## धान खरीद केंद्रों के चयन में बरती जाए पूरी सतर्कता : डीएम

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी धान खरीद सत्र 2025-26 की तैयारियों एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में 112 क्रय केन्द्रों का अनुमोदन हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि क्रय केन्द्रों का चयन करते समय सावधानियां बरती जायें। ऐसे क्रय केन्द्र न सम्मिलित किये जायें, जहां पर पूर्व में शिकायतें प्राप्त हुयी हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्भवता धान केन्द्र वहीं पर स्थापित किये जायें, जहां पर धान की बेल्ट हो तथा जो भी केन्द्र अनुमोदन के लिये आये हैं, उनका सत्यापन करवा लिया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि धान खरीद संबंधी जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसके अनुसार ही खरीद की जाये तथा हम लोगों का प्रयास यह होना चाहिये कि हम अपने लक्ष्य को शुरूआती दौर में पूरा कर लें। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि धान खरीद के समय बिचौलियों पर निगरानी रखी जाये ताकि ज्यादा से ज्यादा लक्ष्य की पूर्ति हो तथा शासन की गाइडलाइन के अनुसार ही खरीद की जाये, यह सुनिश्चित किया जाये।

# जनपद साहित्य सभा बिसवाँ द्वारा तुलसी जयन्ती का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर) ।जनपद साहित्य सभा, बिसवाँ के तत्वावधान में स्थानीय रामलीला मेला मैदान निकट, गायत्री मंदिर सभागार में तुलसी जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि की भूमिका में वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद, एवं अंतर्राष्ट्रीय भाषा संस्थान सूरत,के संस्थापक डाक्टर गंगा प्रसाद शर्मा ''गुणशेखर'' उपस्थित रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता,पाञ्चजन्य के पूर्व उप सम्पादक, सर्वजन हिताय साहित्यिक समिति, लखनऊ के संस्थापक, राजेंद्र शुक्ला ''राज'' ने की। विशिष्ट अतिथि की भूमिका में प्रतिष्ठित शिक्षाविद, शिया पोस्टग्रेजुएट कॉलेज, लखनऊ के प्रोफ़ेसर डॉक्टर सुधाकर वर्मा उपस्थित रहे और कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार संदीप मिश्र ''सरस'' ने किया। मां सरस्वती, संत कवि तुलसी एवं स्मृतिशेष आचार्य गिरिजा शंकर मिश्र के चित्रों पर माल्यार्पण, एवं रामचरितमानस के पूजन अर्चन के पश्चात वरिष्ठ कवयित्री सरोज गुप्ता की वाणी वंदना और आचार्य महेश मिश्र के मानस स्वस्ति वाचन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। संस्था सचिव वृंदारकनाथ मिश्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों पर केंद्रित संस्था की आख्या प्रस्तुत की और संस्था के संस्थापक, यशस्वी साहित्यकार स्मृतिशेष आचार्य गिरिजा शंकर मिश्र को भी स्मरण किया। संस्था प्रतिनिधि के रूप में उपाध्यक्ष रामपाल त्रिपाठी जी मंच पर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में डाक्टर गंगा प्रसाद शर्मा ''गुणशेखर'' ने कहा कि संत तुलसीदास जनभाषा में जनमानस के सर्वश्रेष्ठ कवि थे। रामचरितमानस सिर्फ राम की कथा भर नहीं है, बल्कि राम कथा के बहाने तत?कालीन समाज का बहुत यथार्थ और सजीव चित्रण है। समाज की विसंगतियों पर कटाक्ष है।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि संत तुलसी यर्थाथ की भावधरा पर भक्ति का कलश स्थापित किया और मानस के रूप में ऐसा ग्रंथ रचा जो धर्म ग्रंध की उपमा पा गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सुधाकर वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जयंती, भारतीय धर्म और साहित्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस दिन हम उन महान संत की याद में श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने अपनी लेखनी से धर्म, भक्ति, और आदर्श जीवन के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया। संस्था द्वारा तीनों सम्मानित अतिथियों को अंगवस्त्र, स्मृतिचिह्न और सम्मान पत्र, श्रीफल, तुलसी माला देकर सारस्वत सम्मान किया गया। वन डिस्ट्रिक, वन प्रोडक्ट के अभियान के तहत मधु इंडिया लिमिटेड द्वारा अतिथियों को एक-एक दरी भेंट की गई। तुलसीदास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केंद्रित संगोष्ठी में चंद्र प्रकाश मिश्र, आचार्य राकेश शुक्ल, कमलेश मौर्य मृदु, अशोक पुष्प, भगवत शरण श्रीवास्तव, आनंद खत्री, घनश्याम शर्मा, रजनीकांत दीक्षित, विजय रस्तोगी, अंकित वर्मा आदि ने अपने वक्तव्य व काव्यप्रस्तुति से सहभागिता की। कार्यक्रम में रविंद्रनाथ मिश्रा मुन्नालाल गुप्त, रामकिशोर वैद्य, विशुन कुमार अवस्थी, राघव राम वर्मा, ताराचंद शुक्ला, रविंद्रनाथ मिश्रा, बलराम वर्मा, केदारी लाल वर्मा, सतीश शुक्ला, बलराम वर्मा, कैलाश शुक्ला, शकील अहमद, मकसूद अली, राम प्रकाश तिवारी, मनोज गुप्ता, विशाल रस्तोगी, सदाशिव शुक्ल, सहित नगर के तमाम गणमान्य प्रबुद्धजन पत्रकार उपस्थित रहे। संस्था सचिव वृंदारकनाथ मिश्र ने सभी अभ्यागतों का आभार व्यक्त किया। ''हनुमान चालीसा'', ''जानकी मंगल'' पुस्तिका के वितरण के पश्चात सूक्ष्म जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# धौरहरा में खाद वितरण को लेकर हंगामा

## सोसायटी अध्यक्ष पर मारपीट और घोटाले के आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा, लखीमपुर खीरी। जिले में खाद वितरण को लेकर तनाव चरम पर है। सीमित संसाधनों और पड़ोसी देश नेपाल में ऊंचे दामों पर खाद की बिक्री के चलते, लखीमपुर खीरी जिले के बॉर्डर क्षेत्रों में खाद को लेकर मारामारी की स्थिति बन गई है। सोशल मीडिया पर रोजाना खाद को लेकर मारपीट और अफरातफरी के वीडियो वायरल हो रहे हैं। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे जंगल वाली सहकारी समिति पर खाद वितरण को लेकर बवाल मच गया। ''पहले आओ, पहले पाओ'' की तर्ज पर 100 रुपये लेकर टोकन बांटे जाने के विरोध में किसानों ने जब सवाल उठाया, तो समिति अध्यक्ष दुर्गेश नंदन पांडे पर मारपीट का आरोप लगाया गया। इस दौरान की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। पीड़ित किसान अमित पुत्र कैलाश निवासी अमेठी, थाना धौरहरा ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। उनका आरोप है कि विरोध करने पर अध्यक्ष द्वारा मारपीट की गई। सैकड़ों किसान थाने पहुंचे और मामले में कार्रवाई की मांग की। कोतवाल सुरेश मिश्रा ने निष्पक्ष जांच और न्याय का भरोसा दिलाया है। सूत्रों का कहना है कि दुर्गेश नंदन पांडे ने बिना चुनाव के सोसायटी अध्यक्ष की कुर्सी हथियाई है और वह भारतीय जनता पार्टी के लखीमपुर संगठन के जिला मंत्री भी हैं, जिसके चलते पुलिस पर राजनीतिक दबाव का आरोप लगाया जा रहा है। किसानों का कहना है कि शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, बल्कि दो पीड़ित युवकों को ही थाने में बैठा लिया गया। वहीं, सोसायटी अध्यक्ष दुर्गेश नंदन पांडे ने सभी आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि सीमित कर्मचारियों ने फोन पर सूचना दी थी कि किसान जबरन खाद की बोरियां छीन रहे हैं। मौके पर पहुंचने पर स्थिति बिगड़ गई। उन्होंने 100 रुपये लेकर टोकन देने के आरोप को बेबुनियाद बताया। सीमित सचिव शिवा त्रिवेदी ने भी विवाद को मामूली बताते हुए कहा कि एक किसान ने खाद विक्रेता का कॉलर पकड़ लिया था और पहले खाद लेने की ज़िद पर अड़ा था। बाद में आपसी समझौते के तहत मामला सुलझा लिया गया। स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है और किसान निष्पक्ष कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं।

# मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस पर जस्ट राइट्स ने बच्चों की सुरक्षा के लिए समन्वित कार्रवाई पर दिया जोर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संभल। मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर जस्ट राइट्स की पहल पर सम्भल में हुए एक कार्यक्रम में बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र से जुड़े सभी प्रमुख हितधारक एक साथ आए। इस कार्यक्रम में आरपीएफ, जीआरपी, एएचटीयू ,रेलवे स्टेशन स्टॉफ और जस्ट राइट्स के सम्भल प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने हिस्सा लिया और एक सुर से स्वीकार किया कि बाल दुर्व्यापार यानी बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने के लिए सभी एजेंसियों व विभागों को साथ मिलकर कार्रवाई करने की सख्त जरूरत है ताकि ट्रैफिकिंग गिरोहों में कानून का भय पैदा हो सके। प्रयत्न संस्था देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है और सम्भल में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए काम कर रहा है। जेआरसी बाल श्रम, बच्चों की ट्रैफिकिंग, बाल विवाह और बाल यौन शोषण के शिकार बच्चों की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने आने वाली वाली चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने सामूहिक रूप से यह माना कि मौजूदा कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, संवेदनशील तबकों को ट्रैफिकिंग गिरोहों और उनके कामकाज के तरीकों के बारे में संवेदनशील बनाना और सभी एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करना तत्काल जरूरी है, ताकि मुक्त कराए गए बच्चों के लिए तय समयसीमा में न्याय और पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके। प्रयत्न संस्था ने पिछले वर्ष के दौरान 85 बच्चों को बाल श्रम, ट्रैफिकिंग और बाल विवाह से बचाया है। संगठन ने यह रेखांकित किया कि बच्चों की ट्रैफिकिंग केवल बाल मजदूरी या मुनाफ़े के लिए यौन शोषण तक ही सीमित नहीं है। बहुत से बच्चे, खास तौर से लड़कियां, जबरन विवाह के लिए भी

**कार्यक्रम में आरपीएफ, जीआरपी, एएचटीयू , रेलवे स्टेशन स्टॉफ और जस्ट राइट्स के सम्भल प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने भी लिया हिस्सा**

ट्रैफिकिंग का शिकार बनती हैं। यह एक एक ऐसी समस्या है जिसके बारे में कम ही चर्चा की जाती है और रोकथाम के उपायों पर भी ज्यादा बात नहीं होती।बताते चलें कि जुलाई में प्रयत्न संस्था ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और जीआरपी के साथ मिलकर बच्चों की ट्रैफिकिंग के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए रेलवे स्टेशनों पर अभियान चलाया। चूंकि ट्रैफिकिंग गिरोह अक्सर बच्चों को दूसरे राज्य ले जाने के लिए रेल मार्ग का उपयोग करते हैं, इसलिए इस अभियान का फोकस यात्रियों, रेल कर्मियों, विक्रेताओं, दुकानदारों और कुलियों को बाल तस्करी के संकेतों की पहचान करने और संदिग्ध मामलों की सुरक्षित रूप से रिपोर्ट करने के लिए संवेदनशील बनाना था।बच्चों की सुरक्षा के लिए सभी हितधारकों के बीच तालमेल व समन्वय की अहमियत और जिला प्रशासन के सहयोग को रेखांकित करते हुए जस्ट राइट्स प्रतिनिधि गौरीशंकर चौधरी ने कहा, ॠअगर बच्चों की ट्रैफिकिंग रोकना है तो कानूनी कार्रवाई जरूरी है। बाल दुर्व्यापारियों को जब शीघ्र और सख्त सजा मिलेगी, तभी हम उनमें कानून का भय पैदा कर पाएंगे और यह भय ट्रैफिकिंग की रोकथाम के लिए सबसे असरदार उपाय साबित होगा। रोकथाम अभियानों की सफलता के लिए जिले में मजबूत प्रशासनिक समन्वय और समयबद्ध कानूनी कार्रवाई आवश्यक है। इस तरह से काम कर हम न सिर्फ बच्चों की सुरक्षा बल्कि उन ट्रैफिकिंग गिरोहों के नेटवर्क का भी खात्मा कर सकेंगे जो बच्चों का शिकार करते हैं।ॡबैठक में मानव तस्करी को रोकने तथा रेलवे स्टेशन पर चेकिंग व रेल की चेकिंग व आने जाने वालो पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने हेतु विचार रखे गए। मानव तस्करी रोकने संबंधी जागरूक वीडियो/ऑडियो क्लिप रेलवे स्टेशन पर प्रसारण हेतु चर्चा की गई जिस पर स्टेशन अधीक्षक द्वारा उक्त ऑडियो क्लिप को लगातार स्टेशन पर प्रसारण करने के लिए संबंधित को आदेशित किया गया। इसके अतिरिक्त स्टेशन पर आमजन मानस को मानव तस्करी के संबंध में जागरूक किया गया। चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 व पुलिस सहायता न0 112 के विषय में जानकारी दी गई। स्टेशन पर आने जाने वाले यात्रियों को पंपलेट देकर जानकारी दी गई। गोष्ठी में राजू कुमार स्टेशन अधीक्षक चंदौसी, थाना इन्ह्व से प्रभारी नि0 सत्यविजय सिंह, उ0नि0 दीपक कुमार थाना, हेड का0 दीपक सिंह, का0 नवीन कुमार, जस्ट राइट्स के प्रभारी गौरी शंकर चौधरी व फील्ड कॉर्डिनेटर शिराज अहमद, ट्थ्क्क चंदौसी से निरीक्षक गोविंद सिंह,स0उ0नि0 उदय सिंह राणा, का0 कुलदीप, हेड का0 हरदेव , दानिश डिप्टी एन्ह्र चंदौसी, क्ष्न्ट्य चंदौसी से उ0नि0 सूरजपाल आदि उपस्थित रहे।

## शान ए कुंदरकी ग्रुप ने रक्तदान

मुरादाबाद। शान ए कुंदरकी ग्रुप ब्लड डोनेशन कर रहा है समय-समय पर लोगों की मदद। कुंदरकी की रहने वाली हाजरा नाम की पेशेंट की तबीयत खराब होने की वजह से मुरादाबाद डॉक्टर पंकज गुप्ता के यहां एडमिट किया एडमिट के दौरान डॉक्टर ने बताया पेशेंट महिला को ब्लड की आवश्यकता है ओ पॉजिटिव ब्लड होने की वजह से पेशेंट के परिजन बहुत परेशान थे किसी ने उनको बताया शान ए कुंदरकी ग्रुप ब्लड डोनेशन करता है लोगों की निशुल्क मदद वहीं पेशेंट के परिजनों ने तुरंत ग्रुप के संस्थापक मोहम्मद रिजवान अल्वी अशरफी से संपर्क किया ग्रुप के संस्थापक ने ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य मौलाना शाहिद हुसैन अत्तारी साहब को मुरादाबाद जनता ब्लड बैंक भेजो मौलाना शाहिद अतरी ने अपना तीसरी मर्तबा ब्लड देकर की इंसानियत की मिसाल कायम वही पेशेंट के परिजन में ग्रुप के संस्थापक मोहम्मद रिजवान अल्वी अशरफी का और ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य मौलाना शाहिद तरीका की असर किया था।

## कछला घाट से एक और कांवड़िया की बाइक चोरी

उझानी। कछला गंगाघाट पर कांवड़ मेला से एक और कांवड़िया की बाइक चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। बाइक चोरी सोमवार तड़के करीब दो तीन बजे हुई। बिल्सी थानाक्षेत्र के गांव रायपुर निवासी अमर प्रताप कावंड भरने क लिए कछला गए थे। उन्होंने घाट पर बाइक खड़ी कर दी थी। लौटने पर जब बाइक नहीं मिली तो पीआरवी के पुलिस कर्मियों को बुला लिया गया। इसके बाद भी बाइक का पता नहीं लगने पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गंगाघाट से पिछले दिनों में बरेली, पीलीभीत, कासगंज और आगरा जिले के निवासी छह कांवड़ियों की बाइकें चोरी हो चुकी हैं। कांवड़ियों के मोबाइल फोन और अन्य सामान चोरी के मामले भी पुलिस तक पहुंच चुके हैं, लेकिन अभी तक एक भी बाइक चोर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा है।

## कोर्ट के आदेश पर जानलेवा हमले में दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बदायूं। घर में घुसकर मारपीट की रिपोर्ट में फैसला न करने पर 10 लोगों ने परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस को तहरीर दी, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हो सका। पीड़ित ने कोर्ट का सहारा लिया। न्यायालय के आदेश पर मूसाझाग थाना पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ घर में घुसकर जानलेवा हमले की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की है। मूसाझाग थानाक्षेत्र के गांव मोहम्मद नगर सुलरा निवासी राजकिशोर ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट कराई है। बताया है कि तीन नवंबर 2024 को गांव के ही नन्हे साहू उर्फ हरिओम समेत दस लोगों ने घर में घुसकर मारपीट व गाली गलौज की। पुलिस को तहरीर दी जिस पर चार नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। वह लोग इसी बात से रंजिश मान बैठे। पीड़ित ने बताया कि पांच नवंबर 2024 को समय करीब सुबह 08:30 वह अपने परिवार के साथ घर में था, तभी नन्हे साहू, करन, दिनेश, रुपेंद्र, संजू, अंजली, दामोदर, राजकुमारी,आरती व प्रेमवती हाथों में लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर घर में आकर गाली-गलौज करने लगे। कहने लगे कि तुम लोगों की इतनी हिम्मत कि हम लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। उसको वापस ले लो नहीं तो तुम्हारे पूरे परिवार को जान से मार देंगे। विरोध करने पर परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें भाई धीरेंद्र, पिता रामपाल व माता रामबेटी को गंभीर चोटें आईं। इसके बाद जान से मारने की नियत से रस्सी का फंदा गले में डाल दिया। चीख पुकार पर आसपास के लोग आ गए और आरोपियों को ललकारा तो जाने से मारने की धमकी देकर चले गए। घायलों को लेकर थाने गया, पुलिस ने तहरीर लेकर रख ली। इलाज के लिए भेज दिया। कई दिनों तक जिला अस्पताल में इलाज चला। पुलिस ने मुकदमा नहीं लिखा। मजबूर होकर पीड़ित ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम के न्यायालय की शरण ली।कोर्ट ने आदेश दिया जिस पर पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

## सीडीओ ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण, मिलीं खामियां

बदायूं। जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं के प्रति लापरवाही बरती जा रही है। अमर उजाला में 26 जुलाई के अंक में जिला अस्पताल में डिजिटल एक्सरे न होने और 29 जुलाई को पंखे न चलने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। उसे संज्ञान लेते हुए बुधवार को सीडीओ केशव कुमार ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कई जगह खामियां मिलीं। इस पर सीडीओ ने सुधार के निर्देश दिए सीडीओ केशव कुमार सुबह करीब 11 बजे जिला अस्पताल पहुंचे। सबसे पहले वह इमरजेंसी पहुंचे तो ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों से पूछताछ की और दी जा रहीं स्वास्थ्य सेवाओं को परखा। यहां मरीजों ने इलाज सही से होने की बात कही। इसके बाद हड्डी रोग वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, सर्जरी वार्ड में भर्ती में भर्ती मरीजों से जानकारी ली। इस दौरान खाने को लेकर मरीजों ने गुणवत्ता की शिकायत की। इसमें सुधार करने के लिए प्रभारी सीएमएस डॉ. रियाज अहमद को निर्देश दिए। वहीं, इमरजेंसी और हड्डी रोग वार्ड में पंखा न चलने की जानकारी ली। कुछ पंखे बंद भी मिले, उनको ठीक कराने के निर्देश दिए। बिजली की समस्या होने पर डिजिटल एक्सरे न होने की जानकारी ली गई। इस दौरान सामने आया कि करीब पांच दिन से बिजली की समस्या बनी हुई है। लो वोल्टेज की वजह से मशीन लोड नहीं ले रही सै। इससे डिजिटल एक्सरे नहीं हो पा रहे हैं। बिजली न आने पर जनरेटर चलाने की जानकारी ली तो अधिकारियों ने बताया कि वह कम पावर का है। उन्होंने जनरेटर को देखा और अधिक पावर का जनरेटर लगवाने के निर्देश दिए।इसके बाद वह कैंटीन में पहुंचे। उन्हें भोजन की गुणवत्ता पर शक हुआ तो खाद्य सुरक्षा विभाग से सैंपलिंग कराई। टीम ने तैयार मूंग की दाल, चावल, रखा मूंग, अरहर दाल का सैंपल लिया। साथ ही मेन्यू के अनुसार ही भोजन दिए जाने के निर्देश दिए।सीडीओ केशव कुमार ने बताया कि जहां कमी मिलीं हैं। उसको तत्काल सुधारने को कहा गया है। जल्द ही दोबारा से अस्पताल का निरीक्षण कर सुधारात्मक कार्य देखे जाएंगे।

## हनी बॉक्स टूलकिट योजना हेतु पुनः ऑनलाइन आवेदन 04 अगस्त तक आमंत्रित

बदायूँ । जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क टूल किट्स वितरण योजना (हनी बॉक्स टूल किट्स) के अर्न्तगत जनपद बदायूँ के ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले सामान्य जाति व पिछडी जाति वर्ग के परम्परागत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले कारीगरों को वर्ष 2025-26 हेतु हनी बॉक्स टूल किट्स निःशुल्क वितरण हेतु पर्याप्त मात्रा में आवेदन पत्र प्राप्त न होने के कारण पुनः ऑनलाइन आवेदन पत्र बोर्ड की वेवसाइट ूणनचाअपइण्हवअण्पद की ऑनलाइन सेवा के अर्न्तगत ''ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन'' में आवेदन 04 अगस्त 2025 सांय 5:00 बजे तक आमन्त्रित किये जा रहे है। उन्होंने आवेदको का चयन गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। जिसमें आर्थिक रूप से अत्यन्त पिछडे एंव वी0पी0एल0 परिवार के सदस्यों को बरीयता दी जायेगी, ऐसे इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 18 वर्ष कम न हो एंव 50 वर्ष से अधिक न हो अपना आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय मौहल्ला शहवाजपुर पुरानी चुँगी बरेली रोड बदायूँ में जमा कर सकते है। पूर्व में जिन आवेदको द्वारा आवेदन किया गया है।

# जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




अनूपशहर। डीपीबीएस कालेज में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा प्रायोजित जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जीके सिंह ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए संस्कृत भाषा के महत्व को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में स्पष्ट किया। मैकाले द्वारा प्रतिपादित शिक्षा पद्धति को अस्वीकार्य कहते हुए संस्कृत पर पूर्ण जोर देने हेतु कहा। दोनों प्रतियोगिताओं में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 60 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। संस्कृत गीत प्रतियोगिता में माही प्रथम, माधव शर्मा द्वितीय एवं देवेश दीक्षित तृतीय रहे। संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में नम्रता राजपूत प्रथम, अनन्या दीक्षित द्वितीय एवं मोहित शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। मेधावी छात्रा टेविका शर्मा को राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट जेआरएफ उत्तीर्ण करने के उपलक्ष में भी प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया । इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल में डा. सत्यकांत आर्य सहायक आचार्य एवं डा. प्रभात कुमार सहायक आचार्य डीएवी महाविद्यालय बुलंदशहर से संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हेतु उपस्थित रहे। संस्कृत गीत प्रतियोगिता में डा. शिखा रानी सहायक आचार्य राजकीय महाविद्यालय गौतम बुद्ध नगर एवं डा. मनु आर्या सहायक आचार्य एकेपी पीजी कालेज खुर्ज़ा उपस्थित रहीं। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के जनपद संयोजक महाविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह रहे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# महिला की संदिग्ध हालात में मौत ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गुन्नौर/धनारी। थाना धनारी क्षेत्र के गांव आर्थल में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान मिथलेश पत्नी नीशू के रूप में हुई है। महिला के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है।जानकारी के अनुसार, महिला को गंभीर अवस्था में परिजन निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की बहन विमलेश ने बताया कि रात में बहन से बात हुई थी, वह बिल्कुल सामान्य थी। सुबह अचानक मौत की सूचना मिली। विमलेश ने गले पर निशान और शरीर पर कोई दुर्गंध न होने का हवाला देते हुए जहर खाने की आशंका को नकारा और हत्या की बात कही। वहीं मृतका की बेटी साक्षी 9 वर्ष ने बताया कि सुबह 7 बजे मां उपले लेने गई थीं, इस दौरान गिर गईं और घर लौट आईं। उसके बाद तीनों बच्चे उमंग 12 वर्ष, साक्षी 9 वर्ष और उपेंद्र 7 वर्ष स्कूल चले गए। बाद में उन्हें मां की मौत की सूचना मिली। घटना के समय मृतका की सास कुंवरवती भी घर पर नहीं थीं। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 8 बजे वह घेर में भैंस का दूध निकालने गई थीं, तब मिथलेश चारपाई पर लेटी थीं। बाद में सूचना मिलने पर जब वह लौटीं तो मिथलेश ज़मीन पर पड़ी मिलीं। मृतका का मायका जनपद बदायूं के थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव देहगवां में है। घटना की सूचना पर थाना धनारी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# साहित्य एवं पत्रकारिता के पुरोधा थे मुंशी प्रेमचंद : वाई. वेद प्रकाश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



डलमऊ,रायबरेली। महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर साहित्यकारों ने उनकी फोटो पर माला चढ़कर श्रद्धांजलि अर्पित की। और उन्हें याद करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार राम नारायण रमण ने कहा कि प्रेमचंद को याद करने का अर्थ है सुख सुविधाओं को त्याग कर सत्ता के झूठ और दमन के खिलाफ संघर्ष में आगे बढ़ना। वह शंकर नगर मुराई बाग में निराला सृजन मंच एवं वी आर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मुंशी प्रेमचंद जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। श्री रमण ने विश्व के महान साहित्य की चर्चा करते हुए कहा कि प्रेमचंद उन रचनाकारों में थे। जिन्होंने न केवल दलित मजदूर स्त्री किसान के जीवन का अपने साहित्य में चित्रण किया बल्कि उनके संघर्षों के साथ लड़े भी। कवि रमाकांत ने कहा कि प्रेमचंद अपने समय से बहुत आगे को देख रहे थे। वो व्यापक अर्थों में साहित्यकार थे। कवि एवं आलोचक वाई. वेद प्रकाश ने कहा कि प्रेमचंद जितने बड़े साहित्यकार थे उतने ही बड़े पत्रकार भी थे। वो निर्भीक पत्रकारिता के पुरोधा थे। उन्होंने हंस और जागरण के माध्यम से स्वाधीनता की चेतना जगाई।नये विचार शील व्यक्तित्व का निर्माण उनकी पत्रकारिता के मिशन थे। कवि प्रदीप श्रीवास्तव ने कहा कि प्रेमचंद जिस राष्ट्रीयता का स्वप्न देख रहे थे। उसमें जन्मगत वर्णों की गंध न होगी श्रमिकों एवं किसानों का साम्राज्य होगा। सविता यादव ने कहा कि प्रेमचंद के कथानक गांवों के

# हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी संत तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद की जयंती

**डॉ. राम अधार सिंह यादव संयोजक रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब ने मां सरस्वती, संत तुलसीदास और मुंशी प्रेमचंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




चंदौसी। रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब, एस. एम. कॉलेज चंदौसी के तत्वावधान में भक्ति काल के महाकवि संत तुलसीदास एवं आधुनिक काल के कलम के सिपाही मुंशी प्रेमचंद की जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ राम अधार सिंह यादव संयोजक रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब ने मां सरस्वती, संत तुलसीदास और मुंशी प्रेमचंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. तत्पश्चात रागिनी, मुक्ता, राधा ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की. डॉ यादव ने संत तुलसीदास को क्रांतिकारी कवि बताते हुए उनकी समन्वयवादी विचारधारा पर प्रकाश डाला. मुंशी प्रेमचंद जी के उपन्यास एवं कहानियां की समकालीन समीक्षा भी प्रस्तुत की. डॉ. स्तुति वशिष्ठ, विभाग अध्यक्ष बीएड विभाग ने संत तुलसीदास जी के चरित्र से प्रेरणा लेते हुए वर्तमान समाज के निर्माण पर बल दिया. डॉ नेहा शर्मा ने मुंशी प्रेमचंद जी के कहानियों में मानव मूल्य पर प्रकाश डाला. डॉ अंजू चौहान ने तुलसीदास जी के काव्य में रामचरितमानस के सामाजिक देन विषय पर अपने विचार प्रकट किये. कार्यक्रम का संचालन डॉ. विशेष कुमार पांडेय ने किया. इस अवसर पर डॉ. स्कंद, डॉ.कंचन त्रिपाठी, डॉ. वंदना गुप्ता, डॉ. प्रीति रानी सहित महाविद्यालय की सभी शिक्षक उपस्थित रहे.

# तुलसीदास जयंती पर 34 मेधावियों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अनूपशहर। अग्रवाल धर्मशाला में गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर श्रीराम चरित मानस समिति के तत्वाधान में 34 मेधावियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।बुधवार की देर शाम को अग्रवाल धर्मशाला में श्री रामचरितमानस प्रचार समिति के तत्वाधान में गोस्वामी तुलसीदास जी की पूर्व संध्या पर हाई स्कूल, इंटरमीडिएट में हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 34 मेधावियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख चौ. अतुल कुमार सिंह, पूर्व प्रधानाचार्या शांति शर्मा, डा. आलोक तिवारी, समिति के संरक्षक राजेंद्र गौड़ ने गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर तुलसीदास जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जेवीएम सिटी कैंपस, जेवीएम यूसी कैंपस, पीएसपीए विद्या मंदिर, कांति प्रकाश सरस्वती विद्या मंदिर, डीसेंट पब्लिक स्कूल, एसडीपीडी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। समिति के अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने आगंतुक अतिथियों, मीडिया को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्या शांति शर्मा तथा संचालन जयप्रकाश सिंह ने किया। इस मौके पर सतीश शर्मा, मनीष शर्मा, धीरज सिंह, पी. बाला, भरत सिंह तोमर, बृजेश नागल, सुषमा राजपूत, अनीता गुप्ता, विपुल वार्ष्णेय, गोविंद अग्रवाल, सोमेश शर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर गुरुवार को श्री रामचरितमानस प्रचार समिति के कार्यकर्ताओं ने गांधी मंडी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाकर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष ब्रजेश गोयल, अशोक शर्मा विनीत बंसल इंद्रमणि वार्ष्णेय, प्रसून वार्ष्णेय, ओम दत्त वार्ष्णेय, अमन वर्मा, अक्षांश गर्ग, हरिओम रस्तोगी, रामकिशन, नंदकिशोर, अनुराग अग्रवाल, पीयूष गोयल आदि ने तुलसीदास की प्रतिमा पर दूध, दही, गंगाजल से स्नान कराकर पूजा अर्चना की।

## जोनल योगासन चैंपियनशिप प्रतियोगिता में जेपी विद्या मंदिर ने जीते 12 मेडल

अनूपशहर। सीबीएसई नॉर्थ जोन प्रथम में जोनल योगासन चैंपियनशिप प्रतियोगिता में जेपी विद्या मंदिर ने 12 मेडल जीते। जेपी विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या नीना चतुर्वेदी ने बताया कि 26- 29 जुलाई तक जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल ग्रेटर नोएडा में आयोजित सीबीएसई जोनल योगासन प्रतियोगिता में 150 स्कूलों के लगभग 500 से ज्यादा खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में जेपी विद्या मंदिर के बालक वर्ग में 10 खिलाडियों ने भाग लिया, अंडर 14 आर्टिस्टिक योगासन खेल में धनंजय प्रताप सिंह ने गोल्ड एवं अंडर-19 आर्टिस्टिक बालक वर्ग में तेजस कुमार ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। ट्रेडिशनल अंडर 14 टीम ने द्वितीय स्थान पर रहते हुए 5 सिल्वर मेडल प्राप्त किये एवं ट्रेडिशनल अंडर-19 टीम ने तृतीय स्थान पर रहते हुए 5 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किये। अंडर 14 सिल्वर मेडल टीम के सभी प्रतिभागी सितंबर माह में होने वाले नेशनल योगासन चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। प्रधानाचार्या ने कोच अंकित सुराण एवं टीम के सभी प्रतिभागियों को शुभकामना दी।

# जन कल्याण सेवा समिति ने बेसहारा जानवरों को वितरित किया भोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




चन्दौसी । जन कल्याण सेवा समिति रजि0 चन्दौसी के तत्वाधान में असहाय जानवरों कुत्ते आदि के लिए संस्था द्वारा दूध ,बिस्कुट ,ब्रेड खिलाकर सेवा की गयी । समिति की अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय ने बताया ये बेजुबान जानवर जो हमारी प्रकृति की देन है । इनकी सेवा करना हमारा फर्ज है । इन जानवरों का कोई सहारा नहीं होता है । एक रोटी के टुकडे से ये हमारी गली ,घर के आसपास अपना जीवन निर्वाह करते हैं तथा अपनी बफादारी समय के रहते सिद्ध कर देते हैं । समिति के सदस्य समय -समय पर ?से असहाय जानवर गाय ,कुत्ते ,सांड आदि की सेवा, बीमार होने पर चिकित्सा आदि की व्यवस्था करते रहते हैं।इस दौरान भावना गुप्ता , आशा गोस्वामी, रेखा रस्तोगी,आभा रानी,पूर्णिमा वार्ष्णेय,संगीता शर्मा, रचना वार्ष्णेय ,दया , मीनू फैंसी, पूनम वार्ष्णेय , अंशु वार्ष्णेय,सीमा फैंसी, दिनेश चंद्र गुप्ता , श्रीमोहन ''नक्षत्र'' आदि का सहयोग रहा ।

## गंगा के जलस्तर में वृद्धि, बाढ़ का पानी पहुंचा जाह्नवी प्लेटफार्म तक

अनूपशहर। लगातार हो रही वर्षा के चलते गंगा में बाढ़ का पानी बढ़ने से जाह्नवी प्लेटफार्म पर पहुंचा। प्रशासन ने गंगा तटीय बसे गांव के लोगों को सतर्क किया। गुरुवार को गंगा में आई बाढ़ से लगभग एक फिट जल बढ़ जाने से बाढ़ का पानी जाह्नवी प्लेटफार्म पर पहुंच गया। जिससे वहां शाम को होने वाली आरती का स्थान बदलना पड़ा। नगर के मुहल्ला गंगा द्वार में लगभग 20 फुट अंदर तक बाढ़ का पानी घुस आया है। एसडीएम प्रियंका गोयल ने बताया है, कि गंगा किनारे बसे अहार, मारकपुर, हसनपुर, कल्याणपुर, सिरोरा, तोरई, बच्ची खेड़ा, शेरपुर आदि गांव के लेखपालों को निर्देशित किया है, कि वह गांव के लोगों को सतर्क कर दे, कोई भी व्यक्ति पशुओं को तथा बच्चों को गंगा तट की ओर न जाने दें। अनूपशहर तहसील क्षेत्र में मौजूद बाढ़ चौकियो को अलर्ट पर रहने को कहा गया है।

# निजी स्कूलों के महंगी पढ़ाई के विरोध में छात्र पंचायत का इकोगार्डन में धरने का छठवा दिन

**गोण्डा जिले से निकली छात्र कांवड़ यात्रा अब से छः दिन पूर्व लखनऊ पहुंची थी, वहां मुख्यमंत्री से मिलने की मांग कर रहे थे और उनके आवास के पास प्रदर्शन कर रहे इन सभी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। सूबे मे निजी स्कूलो की मनमानी व महं गी पढ़ाई के विरोध मे छात्र पंचायत का लखनऊ के इको गार्डन मे इन दिनों धरना जारी है। बृहस्पतिवार को कार्यक्रम का छठवा दिन रहा।बता दे की आम जनमानस को शिक्षा सुलभ कराने के लिए राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे के नेतृत्व में राजधानी के इको गार्डन में यह धरना चल रहा है। विदित हो की बीते गुरुवार को गोण्डा जिले से निकली छात्र कांवड़ यात्रा अब से छः दिन पूर्व लखनऊ प हुंची थी।वहां मुख्यमंत्री से मिलने की मांग कर रहे और उनके आवास के पास प्रदर्शन कर रहे इन सभी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।उस दौरान शिवम पांडे ने पुलिस पर बर्बरता का आरोप भी लगाया था।अब यह लोग इको गार्डे न मे धरने पर बैठे है। शिवम पांडे ने कहा कि निजी विद्यालयों में अभिभावको का हर साल फीस बढ़ोतरी,ड्रेस बदलने के साथ वि भिन्न प्रकार के शुल्क व अत्यंत कीमती बुक्स को लेकर शोषण किया जा रहा है।इसी को ले कर हम लोगो ने विगत छह महीने से प्रदेश के जिलों में जाकर लोगों की पीड़ा जानी है।निजी स्कूलों की पाठ्यक्रम लागू किया जाने से सभी लोगों को राहत मिलेगी।कहा की हम सबकी मांग है की सरकार मानसून सत्र में फीस रेगुले शन बिल लाने का काम करे,मांग न पूर्ण होने तक धरना जारी रहेगा।

### उत्तर प्रदेश के 403 विधायकों को लिखा पत्र

राष्ट्रीय छात्र पंचायत की कार्यकर्ताओं के द्वारा इको गार्डन लखनऊ में धरने का छठवा दिन रहा इस अवसर पर तमाम अभिभावकों ने स मर्थन भी दिया व राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने उत्तर प्रदेश के 403 विधायकों को पत्र लिखा उनसे पत्र में यह मांग की है कि आप सभी लोग मान सून सत्र में आवाज़ उठाएं की प्राइवेट स्कू लों के द्वारा जिस प्रकार से प्रतिवर्ष अभिभाव कों का शोषण किया जाता है आप लोग सदन में फीस बिल रेगुलेशन की मांग को लेकर अपनी आवा ज़ उठाएं क्योंकि यह प्रदेश के सभी अभिभाव कों का विषय है और अभिभा वक को व आम जनता ने ही आप सभी को चुनकर सदन में भे जा है तो आपका यह कर्तव्य बनता है कि सदन में जिसने आपको चुन के भेजा है उन सभी की आवाज आप लोग उठाइए वह धरने के संयोज क नितिन मिश्रा ने बताया कि आज हमारे धरने का छठवा दिन है लगातार हम यहीं पर बैठे हुए हैं बारिश हो रही है किसी भी तरीके कोई व्यव स्था नहीं फिर भी हम भीग रहे हैं बैठे हुए हैं आ ज भी कोई हमसे मिलने नहीं आया है ना कोई डेलिगेशन मिलवाने के लिए मुख्यमंत्री जी से तै यार है हमारी सिर्फ एक ही मांग है कि उत्तर प्रदे श के अंदर फीस बिल रेगुलेशन लाया जाए जि ससे आम लोगों को काफी सहायता मिल सके जब तक सांस चलेंगे जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाएंगी तब तक हम लोग यही इको गार्ड न पर बैठे रहेंगे इस अवसर पर नवनीत तिवारी सूरज शुक्ला विवेक पांडे,प्रियांशु,अभय वर्मा अंकित निषाद, हिमांशु तिवारी,रामदेव दीक्षित, राजेश कश्यप,अमरनाथ,शुभम कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

# गोण्डा की नई डीएम प्रियंका निरंजन ने ग्रहण किया कार्यभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले की नवागत डीएम प्रियंका निरंजन ने ग्रहण किया कार्यभार 105 वें जिलाधिकारी के रूप में चार्ज लिया है।शासन की प्राथमिक ताओं पर काम करेंगी,नवागत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने देर शाम गोंडा कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कोषागार में कार्यभार ग्रहण किया।105 वें जिलाधिकारी के रूप में चार्ज लेने से पहले वे सर्किट हाउस पहुंचीं।वहां उन्हें गॉड ऑफ ऑनर दिया गया।जिले की मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन,अपर जिलाधि कारी आलोक कुमार और मुख्य राजस्व अधि कारी महेश प्रकाश ने बुके देकर नवागत डीएम का स्वागत किया।चार्ज लेने के बाद प्रियंका निरंजन ने कहा कि वे मुख्यमंत्री की प्राथमिक ताओं के अनुरूप शासन की योजनाओं को ज न सामान्य तक पहुंचाएंगी।उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। इससे गरीब, वंचित और कल्याण वर्ग के लिए शासन की प्राथमिकताएं सही मायने में पूरी की जासकेंगी।डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशों के अनुसार जनता दर्शन में आने वाली शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा।साथ ही आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकाय तों का भी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होगा।उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों पर नियमानुसार कार्र वाई की जाएगी।प्रियंका निरंजन 2013 बैच की आईएएस अधिकारी हैं।इससे पूर्व मिर्ज़ापुर में डीएम के पद पर तैनात थीं,जिन्हें अब गोंडा भेजा गया है।

# चलती ट्रेन में चढ़ना-उतरना कानूनी अपराध, फिर भी नहीं मानते वेंडर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। चलती ट्रेन में चढऩा-उतरना जोखिम से भरा होने के साथ ही अपराध भी है।बावजूद इसके स्टेशन पर इस नियम की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।रोजाना जंक्शन से चारों दिशाओं में सैकड़ो से अधिक ट्रेनों का संचालन होता है।इन सभी ट्रेनों के स्टेशन पर आने-जाने के दौरान चलती ट्रेन में वेंडर चढ़ते और उतरते नजर आ ते हैं।इससे हादसा होने की आशंका भी बनी रहती है।स्टेशन पर आने-जाने वाली ट्रेनों में वेंडर खानपान की भारी भरकम ट्रे,बाल्टियां लेकर दौड़ते हुए चढ़ते और उतरते हैं।ऐसे में हादसा होने का खतरा बना रहता है।पहले भी कई लोग हादसे का शिकार हो चुके हैं,लेकिन यह वेंडर उनसे सबक नहीं लेते हैं।जरा सी लापरवाही से जान भी जा सकती है।वहीं वेंडरों का कहना है कि यदि जोखिम उठाकर ट्रेनों में चढ़कर नहीं बेचेंगे तो गुजारा कैसे होगा। डब्ल्यू सीआर भी फ़ेसबुक पेज पर चलती ट्रेन से चढ ऩे उतरने को लेकर लगातार वीडियो डालकर लोगों को जागरूक करती रहती है,जिसमें दर्शा या गया है कि ट्रेन में चढऩा उतरना खतरनाक है गति अनुमान के हिसाब से ज्यादा होती है, इसीलिए जान जोखिम में न डाले।आरपीएफ की समझाइश का भी नहीं असर आरपीएफ द्वारा समय-समय पर वेंडरों व यात्रियों को ट्रेन के स्टेशन पर रुकने के बाद ही चढऩे व उतरने की समझाईश दी जाती है।बावजूद इसके वेंडर चलती ट्रेन में ही चढ़ते-उतरते हैं।इसे लेकर आर पीएफ हर महीने कार्रवाई भी करती है,लेकिन स्टेशन बढ़ती स्टाल व वेंडरों की संख्या के चल ते आपसी प्रतिस्पर्धा में वेंडर जान जोखिम में डाल रहे हैं।प्रिंट रेट से ज्यादा सामान बेचने वा लों पर नहीं कार्रवाई रेलवे अधिकारी,स्टेशन पर चल रही प्रिंट रेट से ज्यादा सामान बेचने की लूट खसोट को रोकने में नाकामयाब हैं।स्टेशन पर लगातार यात्री ठगे जा रहे हैं,इसके बाद भी संबंधित अधिकारी कार्रवाई करने से बच रहे हैं।

## किसानों के खातो में 02 अगस्त को पहुंचेगी पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त

**2 अगस्त को वाराणसी से किश्त जारी करेंगे प्रधानमंत्री**

बहराइच । उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने बताया कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 02 अगस्त 2025 को वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में पी.एम. किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त जारी की जायेगी। श्री वर्मा ने बताया कि वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम का जनपद, ब्लाक, ग्राम पंचायत स्तर पर एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों पर वर्चुअल माध्यम से सजीव प्रसारण किया जायेगा। श्री वर्मा ने बताया कि सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि सजीव प्रसारण में जनप्रतिनिधियों के साथ साथ अधिकाधिक कृषकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाय।

# साप्ताहिक बाल सभा में उभरा बच्चों का आत्मविश्वास

**बेलदारन टोला में संचालित अंजुमन इस्लामिया स्कूल परिसर में साप्ताहिक मध्याह्न बाल सभा में छात्रों को किया गया सम्मानित**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नगर के बेलदारन टोला में संचालित अंजुमन इस्लामिया स्कूल परिसर में साप्ताहिक मध्याह्न बाल सभा का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मौलाना अफ़ज़ल नदवी ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक मो. यासीन ख़ान द्वारा कुशलता से किया गया। सभा की शुरुआत बच्चों के जोशीले विचारों से हुई, जिनमें उन्होंने आत्मानुशासन, शिक्षा और सामाजिक मूल्यों को लेकर अपने विचार रखे। यह मंच छात्र/छात्राओं के लिए एक ऐसा अवसर बना जहाँ उन्होंने आत्मविश्वास के साथ अपने अनुभव और सोच साझा की। सभा के समापन पर प्रधानाचार्य द्वारा पिछले माह की उपस्थिति पंजिका की समीक्षा की गई। सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले छात्रों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य छात्रों को भी नियमितता और अनुशासन के प्रति प्रोत्साहन मिला। प्रधानाचार्य मौलाना अफ़ज़ल नदवी साहब ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि एक छात्र का भविष्य सिर्फ किताबों से नहीं, बल्कि समय के संयमित उपयोग और अनुशासित जीवनशैली से संवरता है। नियमित उपस्थिति, समय पालन और अनुशासन ये तीन स्तंभ हर विद्यार्थी की सफलता की कुंजी हैं। यह आयोजन केवल एक औपचारिक सभा नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर छिपी नेतृत्व क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल और सामाजिक चेतना को स्वर देने का एक सशक्त प्रयास सिद्ध हुआ। इस मौके पर मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी, मोहम्मद यासीन, आसिफ खान, सलीम आदि लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विजेता को मेडल पहनाकर किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। सेंट एम.आर.जयपुरिया स्कूल कानपुर रोड,लखनऊ की देखरेख में आयोजित सीबीए सई क्लस्टर चतुर्थ एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 का आयोजन साईं स्पोर्ट्स स्टेडियम में दिनांक 19 जुलाई से 21 जुलाई तक सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई।तीन दिवसीय इस भव्य प्रति योगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में गोण्डा से सुवन्स मिलेनियम स्कू ल का प्रतिनिधित्व करते हुए धावक भीमप्रताप गुप्ता ने 400 मीटर एवं 600 मीटर दौड़ में शा नदार प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भीमप्रताप की तैयारी विक्रमादित्य सिंह गोंडवी खेल मैदान,गोण्डा में प्रशिक्षकों दीपक पाल एवं शाहीन बेबी के मार्गदर्शन में की गई।उनके उ त्कृष्ट प्रदर्शन को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें अब राष्ट्रीय स्तर (नेशनल लेवल) की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला है। उनके इस उल्लेखनीय योगदान को सम्मानित करने हेतु पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा दिनांक 31 जुलाई 2025 को पुलिस कार्यालय में उन्हें मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर महोदय ने भीमप्रताप की प्रशंसा करते हुए कहा खेल केवल शारीरिक क्षमता नहीं, बल्कि मानसिक अनुशासन,परिश्रम और आत्म विश्वास का प्रतीक हैं।भीमप्रताप जैसे प्रतिभा शाली खिलाड़ी जनपद के युवाओं के लिए प्रेर णा हैं।उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस विभाग सदैव खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए तत्पर है, क्योंकि स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ समाज की नींव होता है।सम्मान प्राप्त करने के पश्चात भीमप्रताप ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए न केवल एक उप लब्धि हैबल्कि आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा भी।इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण सहित अन्य खेल प्रेमी भी उपस्थित रहे।

# आबकारी अधिकारी की बड़ी कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता




उन्नाव। आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र की संयुक्त कार्यवाही में हसनगंज आबकारी अधिकारी ज्योति अग्रवाल टीम को बड़ी कामयाबी हासिल किया अजगैन थाना क्षेत्र परचुन की दुकान से देशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार ।आबकारी विभाग तथा अजगैन पुलिस ने संयुक्त रूप से की कार्रवाई। अजगैन थाना क्षेत्र कुसुंभी शीतलगंज की परचून की दुकान पर दी गई दबिश । आरोपी जितेंद्र कुमार के पास से मिली 12 पौवा देशी शराब पुलिस ने भेजा जेल। आपको बताते चलें कि आरोपी के पास से शराब दीवाना ब्रांड की, कुल मात्रा 2.4 लीटर बरामद। यह कार्यवाही आबकारी निरीक्षक व थाना पुलिस की मौजूदगी में की गई गिरफ्तारी। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा हुआ दर्ज कर भेजा जेल।

# सेवा निवृत्ति पर पुलिस कर्मियों को दी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जनपद में पुलिस विभाग में अधिवर्षिता आयु पूरी करने पर चार पुलिस कर्मियों को अ धिवर्षिता आयु पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृ त्त हुए।इस दौरान पुलिस लाइन गोण्डा स्थित सभागार कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवा ल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को शॉल व फूल-माला पहनाकर छाता व अन्य धार्मिक पुस्तके भेंट करते हुए वि दाई दी गई है।एएसपी मनोज कुमार रावत ने बताया कि बृहस्पतिवार को उप निरीक्षक चन्द्रिका प्रसाद व उप निरीक्षक लल्लन प्रसादव मुख्य आरक्षी चालक श्याम कुमार ने अपनी अधिवर्षिता आयु पूरी कर ली है।उनकी सेवा निवृत्ति पर पुलिस लाइन सभागार में विदाई समारोह हुआ।इस दौरान रिटायर्ड हुए सेवा निवृत्त पुलिस कर्मियों को फूल माला पहनाकर, प्रतीक चिन्ह भेंट कर विदा किया गया।एएसपी ने सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों से सेवानिवृत्त होने पर उनके द्वारा पुलिस विभाग को दिये गये योगदान की सराहना की गयी एवं सेवानिवृत्ति उपरांत भी पुलिस विभाग का यथासंभव सहयो ग करने की अपेक्षा की गयी तथा सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभका मनाएं दी गयी।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स शिल्पा वर्मा,प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य कर्मचारीगण एवं सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के परिवारीजन मौजूद रहे।

## केला रोपण के लिए उपयुक्त समय का लाभ उठायें कृषक: उद्यान अधिकारी

बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि कृषकों को औद्यानिक विकास की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु प्रदेश सरकार संचालित एकीकृत बागवानी मिशन (एमआईडीएच) अन्तर्गत फ़ेन्सिंग को सम्मिलित किया गया है, जिसमें प्रत्येंक किसान को 1000 मीटर तक अनुदान अनुमन्य है। श्री चौधरी ने बताया कि वर्तमान समय केला रोपण हेतु उपयुक्त समय है। केला उत्पादक कृषक जनपद हेतु नामित कम्पनी से कृषक अंश जमा करते हुए पौधा प्राप्त कर सकते हैं। योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक कृषक आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नम्बर की सहायता से उद्यान विभाग के पोर्टल यूपीहर्टीकल्चर डाट काम पर स्वयं, जनसेवा केन्द्र अथवा कार्यालय के माध्यम से पंजीकरण कर सकते है।जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि कृषकों का चयन ''प्रथम आवक-प्रथम पावक'' वरीयता के आधार पर किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित कार्यक्रम फल क्षेत्र विस्तार के अन्तर्गत 190 हे. (सामान्य 131 हे. एवं एससीपी 59.00 हे.) शाकभाजी क्षेत्र विस्तार के अन्तर्गत 200 हे. (सामान्य 180 हे. एवं एससीपी 20.00 हे.) का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त प्याज, लहसुन, हनी बी कालोनी, जैविक खेती, मचान विधि से सब्जियों की खेती, औषधीय फसलें, बागवानी में मशीनीकरण, जल संग्रह स्ट्रक्चर एवं फ़ेन्सिंग का 4000 मीटर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालयावधि में योजना प्रभारी, पंकज वर्मा के मो.नम्बर 9455108000 अथवा कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

# नवागत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने ग्रहण किया पदभार

**मीडिया प्रतिनिधियों से की शिष्टाचार भेंट वार्ता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । नवागत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बहराइच मुख्यालय पहुँचकर जिला कोषागार में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, नवांगतुक अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, डीडीओ राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।पदभार ग्रहण करने के उपरान्त कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ परिचायत्मक भेंट वार्ता में नवागंतुक डीएम श्री त्रिपाठी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता ही उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जायेगा। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ सभी लक्षित वर्गो को पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। डीएम ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि उनके नेतृत्व में जिले के अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए आकांक्षात्मक जिले के सर्वांगीण विकास को गति प्रदान करेंगे। उन्होनें मीडिया प्रतिनिधियों से जिले के विकास में सहयोग करने की अपील भी की।इसके पश्चात अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि विभागीय लक्ष्यों को पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाय। शासन की मंशानुसार योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचायें। योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की समस्या आती है तो अवगत कराये जिससे समस्या का समाधान किया जा सके। डीएम ने कहा कि विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में में नवाचार को बढ़ावा दिया जाय। आनगोईंग कार्यो को निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराया जाय। उन्होनें कहा कि सभी अधिकारी पूरी निष्ठा लगन व मेहनत के साथ कार्य करते हुए आकांक्षात्मक जनपद को सामान्य जनपदों के श्रेणी में ले जाने का हर संभव प्रयास करें।

# भुलौरा में महिलाओं ने घरेलू हिंसा पर खुलकर रखी अपनी बात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। होप फाउंडेशन की भुलौरा शाखा और रियल यूटोपिया गार्डन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक सशक्त परिचर्चा का आयोजन किया गया। विषय था घरेलू हिंसा और महिला उत्पीड़न। इस आयोजन में क्षेत्र की महिलाओं ने न सिर्फ अपने विचार साझा किए, बल्कि अपनी चुप्पी को तोड़ते हुए आसपास के समाजिक हालातों और समस्याओं को भी बेबाकी से उठाया। सुमैया बेगम, निशा परवीन, समीना बेगम, सब बेगम, शानिया नूर, सिमरन जहां, मरियम जहां आदि महिलाओं ने घरेलू हिंसा के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डालते हुए उसके खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन कुशलतापूर्वक शानिया नूर ने किया, जिन्होंने चर्चा को भावनात्मक और तथ्यात्मक दोनों स्तरों पर दिशा दी। कार्यक्रम के समापन पर संयोजक डॉ. हुस्न तबस्सुम निहाँ ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाएं जब तक आवाज़ नहीं उठाएंगी, तब तक बदलाव की शुरुआत नहीं होगी। यह परिचर्चा एक छोटी शुरुआत है, लेकिन मजबूत कड़ी बन सकती है। स्थानीय महिलाओं के लिए यह मंच न केवल एक विचार-विमर्श था, बल्कि आत्मविश्वास और अधिकारों की समझ को लेकर एक मजबूत कदम भी साबित हुआ।

# सदर कोतवाली पुलिस की मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में लगी गोली

**दोनों के पैर में लगी गोली, महिलाओं से छीने थे जेवरात और नगदी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। सदर कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह अपनी पुलिस, टीम तथा एसओजी और सर्विलांस टीम ने गुरूवार को सुबह करीब 8:25 बजे दोस्तीनगर सिंधूपुर मार्ग पर एक सफल कार्रवाई में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट वाली बाइक पर सवार दो युवकों को रोकने का प्रयास किया गया। इस पर दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए जंगल की ओर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने आत्मरक्षा में कार्रवाई की जिसमें दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी। घायल अभियुक्तों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान लईक पुत्र तौफीक (22 वर्ष) और महबूब पुत्र छोटेराना (24 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों उत्तराखंड के ऊधमसिंहनगर जिले के गदरपुर थाना क्षेत्र के गुल्लरभोज गंदानाला के निवासी हैं। आपको बताते चलें कि मौके से दो अवैध तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक बिना नंबर प्लेट बाइक और चोरी किए गए जेवरात बरामद हुए। इनमें दो चूड़ी, एक अंगूठी, एक मांग टीका, एक ओम नाम का लॉकेट (पीली धातु), दो जोड़ी बिछिया, एक जोड़ी पायल (सफ़ेद धातु) और सोनभद्र में छीना-झपटी के 2500 रुपये शामिल हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने 17 जुलाई 2025 को कोतवाली सदर क्षेत्र के इंद्रानगर में एक महिला से टप्पेबाजी करके जेवरात छीने थे।

# हरियाली तीज पर कायस्थ सेवा समिति ने आयोजित किए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। कायस्थ सेवा समिति की महिला शाखा द्वारा बुधवार को कायस्थ भवन में पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ हरियाली तीज पर्व का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक अवसर पर विविध मनोरंजक और रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई, जिनमें हाउजी, डांडिया, लकी ड्रा और सामूहिक नृत्य प्रमुख आकर्षण रहे।हाउजी गेम में प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और आनंद के साथ भाग लिया। क्विक-3 की विजेता कनक जौहरी रहीं, जबकि कॉर्नर की श्रेणी में स्मृति सक्सेना ने विजेता का खिताब प्राप्त किया। हाउजी की प्रथम विजेता पल्लवी श्रीवास्तव, द्वितीय विजेता अंजू सक्सेना, फर्स्ट लाइन की विजेता आशु सक्सेना, सेकंड लाइन की विजेता पूनम श्रीवास्तव और थर्ड लाइन की विजेता पुनः स्मृति सक्सेना रहीं। इसके अतिरिक्त फर्स्ट



गेम की विजेता पूनम श्रीवास्तव, सेकंड गेम की ऊषा सक्सेना तथा थर्ड गेम में आशु सक्सेना विजयी घोषित की गईं। लकी ड्रा का आयोजन पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार शाम ठीक 5:00 बजे किया गया,जिसमें उपस्थित सभी सदस्याओं के बीच से नाम निकाले गए। इस ड्रा की विजेता पूनम श्रीवास्तव रहीं, जिन्हें सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बधाई दी।कार्यक्रम की सांस्कृतिक छटा तब और निखर उठी जब डांडिया नृत्य का आयोजन हुआ, जिसमें मधु कुमार, सौम्या सक्सेना, निधि,अनीता सक्सेना, सुनीता जौहरी,रश्मि सक्सेना और वर्षा सक्सेना आदि ने पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन जीत लिया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं समिति के सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वालों में प्रमुख रूप से स्वर्ण लता सक्सेना,पुष्पा जौहरी, विद्या सक्सेना,लता सक्सेना, निधि सक्सेना,ऊषा सक्सेना, अंजू सक्सेना,पल्लवी श्रीवास्तव,अंजलि सक्सेना, सौम्या सक्सेना, पुष्पलता सक्सेना, मधु कुमार, कनक सक्सेना, निधि सक्सेना, विद्या सक्सेना और रश्मि सक्सेना सम्मिलित रहीं।कायस्थ सेवा समिति के विभिन्न पदाधिकारीगण बृज बिहारी लाल सक्सेना, सुशील बाबू सक्सेना, राजेंद्र सक्सेना, अवनीश सक्सेना, अशोक सक्सेना, सुधीर जौहरी, शेखर सक्सेना, तपन चंद्रा, अनिल कमल, महेश नारायण प्रधान एवं विशाल सक्सेना आदि की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम का समापन पारंपरिक सौहार्द और स्नेहपूर्ण वातावरण में सूक्ष्म जलपान के साथ किया गया। हरियाली तीज के इस भव्य आयोजन ने सभी उपस्थितजनों के मन में हर्ष, उल्लास और सांस्कृतिक समरसता की भावना भर दी।

# समाजसेवी ने आबादी के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन हटाने की मुख्यमंत्री से की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। अल्पसंख्यक ग्राम पंचायत शेरपुर कला निवासी समाजसेवी नदीम हसन खान ने मुख्यमंत्री से शेरपुर कला में आबादी के बीच से गुजर रही हाई टेंशन बिजली लाइन को हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि यह लाइन घरों के ऊपर से गुजर रही है, जो खतरनाक हो सकती है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। नदीम हसन खान ने अपनी शिकायत में कहा है। कि इस लाइन को हटाने से क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित होगी।गौरतलब है कि नदीम हसन खान समाज से भी इससे पहले भी सामाजिक के लिए कई कार्य कर चुके हैं। ग्राम पंचायत को नगर पंचायत का दर्ज़ा दिलाने के लिए काफी समय से संघर्ष करते चले आ रहे हैं उन्होंने कई बार पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बाबूराम पासवान से भी इस मामले में बात की है। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कई अन्य



मांगें भी की हैं। अब देखना यह है कि मुख्यमंत्री इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं और क्षेत्र के लोगों की समस्या का समाधान होता है। या नहीं समाजसेवी नदीम हसन खान ने बताया कि जनता के हित के लिए हर समय तैयार हैं। उनके लिए क्षेत्र के विकास के लिए लड़ाई लड़ते आ रहे हैं आगे भी यह लड़ाई जारी रहेगी अगर स्थानीय बिजली अधिकारियों द्वारा इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जल्द ही लखनऊ जाकर ऊर्ज़ा मंत्री से मिलकर मामले को अवगत कराएंगे और क्षेत्रवासियों की इस समस्या से निजात दिलाने का कार्य करेंगे।

# बीआरसी पर पांच दिवसीय शिक्षकों का प्रशिक्षण प्रारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। ब्लॉक संसाधन केंद्र बीआरसी पर पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है।जिसका समापन 5 अगस्त को होगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा के लिए तैयार करना है।जिसमें उन्हें दिव्यांग बच्चों की पहचान, शिक्षा, परीक्षण और शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रयोग करने के तरीके सिखाए जाएंगे।इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा नोडल शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों को गतिविधियों के माध्यम से शिक्षित करने के तरीके बताए जाएंगे। इसके अलावा, ब्रेललिपि,साइन लैंग्वेज और सांकेतिक भाषा का उपयोग करने के तरीके भी सिखाए जाएंगे।इस तरह के प्रशिक्षण से शिक्षकों को अपनी भूमिका को बेहतर ढंग से समझने और दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा में लाने



में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से अजय तोमर, डॉक्टर सुरेश गंगवार, अरुण, वीर सिंह, हुकम सिंह ,हेतराम वर्मा, बृजेश सिंह, लोकेंद्र सिंह, पंकज, देवेश कुमार,रश्मि सिंह, परवीन, प्रेम प्रकाश, तेजिंदर कौर,तबस्सुम खानम, निशु सिंह, बुद्ध ज्योति, साजिया वीं सहित कई शिक्षक और शिक्षामित्र उपस्थित रहे हैं।खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया कि निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एफएलएन तथा एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय शिक्षकों एवं शिक्षामित्रो का प्रथम बैच का प्रशिक्षण बीआरसी पर दिया जा रहा है।

# खंडहर तहसील का मुद्दा पहुंचा मुख्यमंत्री दरबार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।पुरानी तहसील जो अब खंडहर में तब्दील हो गई है। जिससे कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है और जान माल का खतरा उत्पन्न हो सकता है।कई बार अधिवक्ताओं ने अधिकारियों से इस खंडहर तहसील को गिराने की बात कही थी। लेकिन अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है।कुछ माह पूर्व इस खंडहर तहसील की नीलामी भी हो चुकी है। लेकिन फिर भी अधिकारियों की उदासीनता के चलते इस खंडहर तहसील को मलबे में तब्दील नहीं किया गया हैं।अभी कुछ दिन पूर्व जिलाधिकारी तहसील पहुंचे तो अधिवक्ताओं ने उनको इस खंडहर तहसील का निरीक्षण भी कराया था।लेकिन अधिवक्ताओं को हमेशा आश्वासन पे आश्वासन मिला है।लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। प्रगतिशील बार एसोसिएशन पूरनपुर के अध्यक्ष अजीत सक्सेना के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी



आदित्यनाथ से मिला जिसमें उन्होंने जनपद पीलीभीत की तहसील जो अब खंडहर में तब्दील हो गई है। सीएम को जानकारी दी और खंडहर तहसील को मलबे में तब्दील करने की मांग की है। इस मौके पर प्रगतिशील बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजय पांडे, महामंत्री सुनील सक्सेना सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे हैं।

## डीएम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए दर्ज कराई विरासत

पीलीभीत।कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान न्यूरिया निवासी जमील अहमद शिकायत लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी बिस्मिल्लाह बेगम की मृत्यु 07 मार्च 2019 को हो गई थी। गाटा संख्या 11 ग्राम गौहर की विरासत दर्ज नहीं हो पा रही थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि विरासत में जमील अहमद, खलील अहमद,नफीस अहमद,शफीक अहमद, मोहम्मद राशिद एवं महरूनिशा के नाम दर्ज होना है। उक्त शिकायत का जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए विरासत दर्ज करवाकर उन्हें खतौनी प्रदान की हैं।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना अमेठी क्षेत्र के प्रतापगढ़ मार्ग पर तेज रफ्तार पिकअप ने एक बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दिया जिसके चलते बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव रायपुर फुलवारी निवासी गौरव सिंह पुत्र गंगा प्रसाद सिंह बाइक से प्रतापगढ़ की ओर जा रहा था तभी तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार युवक को डेढ़ पसार गांव के पास जोरदार टक्कर मार दिया जिसके चलते बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुये पिकअप को भी कब्जे में ले लिया है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर लिया गया है और पिकअप चालक की तलाश की जा रही है।

## मोहनगंज पुलिस ने साइबर ठगों द्वारा निकाला गया एक लाख रुपया कराया वापस

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने साइबर ठग द्वारा काटे गये एक लाख सात हजार रुपया वापस कराया गया। थाना क्षेत्र के गांव पूरे अवसेरी मजरे कूरा निवासी शुभम सिंह पुत्र राम सिंह द्वारा बीते वर्ष की इक्कीस दिसम्बर व व अभिषेक श्रीवास्तव पुत्र अनिल कुमार श्रीवास्तव निवासी पूरे विन्धा दीवान भवानीनगर थाना मोहनगंज द्वारा बीती छह जनवरी को साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करायी गयी थी कि साइबर अपराधी द्वारा आवेदकों के खाते से अपने खाते में रुपये ट्रांसफर करा लिया गया है।जिसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थाना साइबर क्राइम एवं थाना मोहनगंज को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह द्वारा कार्यवाही करते हुये धोखाधड़ी में संलिप्त बैंक खाते को फ्रीज कराते हुये पीड़ित शुभम सिंह के बैंक खाते में पैंतालिस हजार रुपये व पीड़ित अभिषेक श्रीवास्तव के बैंक खाते में बांसठ हजार रुपये को वापस कराया गया। कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि साइबर अपराध घटित होने की स्थिति में साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज करें।

## चिलौली में युवक की मौत की मजिस्ट्रियल जांच शुरु

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना इन्हौना क्षेत्र के गांव चिलौली में बीते वर्ष की तेरह मई को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बस से एक युवक की मौत के मामले में मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी गई। उपजिलाधिकारी तिलोई के कार्यालय में आगामी पन्द्रह अगस्त तक अपना विवरण प्रस्तुत कर सकता है। तिलोई के उप जिलाधिकारी अमित सिंह ने बताया कि बीते वर्ष 2024 की तेरह मई को थाना इन्हौना क्षेत्र के गांव चिलौली में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बस संख्या यूपी 65 सीटी 2286 के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण हरिश चंद्र पुत्र दशरथ थाना केराकत जनपद जौनपुर की मृत्यु हो गई थी। उक्त घटना की मजिस्ट्रियल जांच उत्तर प्रदेश मोटर यान नियमावली के अंतर्गत उप जिलाधिकारी कार्यालय तिलोई द्वारा की जा रही है। एसडीएम अमित सिंह ने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त मृतक का वैद्य उत्तराधिकारी हो अथवा दुर्घटना के संबंध में कोई जानकारी देना चाहता है तो वह आगामी पन्द्रह अगस्त तक उप जिलाधिकारी कार्यालय तिलोई जनपद अमेठी में स्वयं उपस्थित होकर अथवा लिखित रूप में विवरण प्रस्तुत कर सकता है।उन्होंने बताया कि यह सूचना इस आशय से प्रकाशित की जा रही है कि मृतक के वैध उत्तराधिकारियों की पुष्टि कर मुआवजा की प्रक्रिया को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण कराया जा सके।

## एक अदद चाकू के साथ एक गिरफ्तार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार किया अपने प्राइवेट वाहन से रात्रि गश्त पर निकले सनी आर्य व मोनी व सचिन शर्मा को मुखबिर ने सूचना दी कि शेरपुर तिराहे के पास एक व्यक्ति घटना को अंजाम देने के मकसद से खड़ा है जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक अदद चाकू पाया गया जिसने अपना नाम इकबाल उर्फ चूहा शेरपुर मोहल्ला कुरैशीयान बताया पकड़ा गया आरोपी पहले भी कई मामलों मे वांछित चल रहा है पकड़े गये आरोपी को पकड़कर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## चालीस ग्राम स्मैक के साथ गैरजनपद का एक युवक गिरफ्तार

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जायस पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत मादक पदार्थो की बिक्री और तस्करी करने वाले लोगों पर कड़ा रुख अख्तियार किया है। पुलिस ने रायबरेली जनपद के एक युवक को चालीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की सख्ती से इस कारोबार में लिप्त लोगों में खलबली मच गई है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व ल्लनशा मुक्त अमेठी अभियानङ्क के तहत क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गुरुवार को थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान सुनील पुत्र रामउजेर निवासी पूरे टुटही बाजार मजरे संडहा थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली उम्र करीब छब्बीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में उसके कब्जे से चालीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिए पर्यावरण संरक्षण के संदेश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। सूर्या एकेडमी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, अमहट में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा 9 से 12 तक के लगभग 150 छात्रों ने भाग लिया और विज्ञान के विभिन्न मॉडल तथा प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त समाज और पौधारोपण जैसे विषयों पर आधारित प्रयोगात्मक मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में बच्चों की रचनात्मकता और नवाचार देखने योग्य रहा, जिसे अभिभावकों व अतिथियों ने खूब सराहा। विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती रंजना शंकर श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या मंजू सेन और उपप्रधानाचार्य प्रदीप सर के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संचालन में सरिता मैम, अमीतेश सर, मोहित सर, किरण मैम सहित समस्त शिक्षकगण ने विशेष सहयोग किया। प्रधानाचार्या मंजू सेन ने बताया कि छात्रों के ऐसे प्रयास न केवल उनके कौशल को निखारते हैं, बल्कि समाज को जागरूक करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# निष्ठा शर्मा ने प्रथम बार किया रुद्राभिषेक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर! श्री स्वामी हरिदास संगीत सेवा संस्थान सुलतानपुर पर रुद्राभिषेक का कार्यक्रम, वॉयस ऑफ किड्स विजेता एवं सारेगामापा की उप विजेता निष्ठा शर्मा द्वारा परिवारीजनों के साथ आयोजित किया गया। जिसमें देश में अपनी आवाज से पहचान बनाने वाली निष्ठा शर्मा को सत्यधाम आश्रम के गद्दीधीश आचार्य सत्यसमदर्शी देवेन्द्र कविराजदेव जी महाराज ने अंगवस्त्रम भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया। संस्था के संथापक श्री जय प्रकाश शर्मा ने संस्था के सभी विद्यार्थियों को शिव महिमा का व्याख्यान दिया तथा प्राचार्या श्रीमती गीता शर्मा ने व्याख्यान देते हुए कहा कि संगीत ही जीवन है। निष्ठा शर्मा ने पहली बार रुद्राभिषेक पूजन करके स्वयं को सौभाग्यशाली बतलाया। मौके पर हर्षित शर्मा, सिंगर विनय पाण्डेय, अतुल पाण्डेय, संस्था के सभी विद्यार्थी आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## कुआं में उतरे छोटे भाई को बचाने के चक्कर में बड़े भाई ने गंवाई जान

अमेठी । थाना कमरौली क्षेत्र के गांव पूरे छिटई मजरे सिंदुरवा स्थित एक पुराने कुएं में बकरी का बच्चा गिर गया जिसको बचाने के लिये एक नवयुवक कुआं में उतरा और बेहोश हो गया जिसको बचाने के लिये उसका बड़ा भाई भी कुएं में उतर गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर दोनों भाइयों को कुआं से निकाला तो दोनों भाई बेहोश हो चुके थे। पुलिस ने दोनों भाइयों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां पर बड़े भाई की मौत हो गई है जबकि छोटे भाई का इलाज चल रहा है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे छिटई मजरे सिंदुरवा गांव में एक पुराना कुआं स्थित है जिसमें पानी नहीं रहता है लेकिन यह कुआं करीब चालीस फुट गहरा बताया जाता है।गांव निवासी फरहान की बकरी का एक बच्चा अचानक गिर गया। इस बकरी के बच्चे को बचाने के लिये फरहान तत्काल कुआं में उतर गया। इसके बाद वह कुआं के अंदर ही बेहोश हो गया। फरहान को बचाने के लिये उसका बड़ा भाई आमिर भी कुआं में उतर गया लेकिन वह भी भाई को बचाने में नाकामयाब रहा

# तुलसी जयंती पर 'तुलसीदास का समय और उनकी कविता' विषय पर संगोष्ठी आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। संत तुलसीदास पी.जी. कॉलेज, कादीपुर, में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के पावन अवसर पर हिंदी विभाग के तत्वावधान में 'तुलसीदास का समय और उनकी कविता' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने तुलसी साहित्य की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक महत्ता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. इंदुशेखर उपाध्याय ने अपने संबोधन में तुलसीदास के युगबोध, समाज-सापेक्ष दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि ल्लतुलसी की कविता केवल धार्मिक भावना का ही नहीं, सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक समरसता का भी प्रतिनिधित्व करती है। मुख्य अतिथि प्रबंधक सौरभ त्रिपाठी ने संस्थान द्वारा तुलसी साहित्य के प्रति दिखाए जा रहे समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा से जोड़ने का अवसर मिलता है। प्रो.




जितेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि ल्लतुलसीदास ने अपनी कविता में आदर्श राज्य, नीति और न्याय की कल्पना प्रस्तुत की है, जो आज भी प्रासंगिक है।ङ्क इस अवसर पर हिंदी विभाग के प्राध्यापकों डॉ चंद्रप्रकाश यादव ने अपना विचार प्रकट करते हुए कहा कि तुलसी के साहित्य को तीन भागों में बांट कर देखा जा सकता है। डॉ करूणेश प्रकाश भट्ट ने कहा कि तुलसी का साहित्य मानवीय संवेदनाओं का अक्षय स्रोत है। अवनीश प्रताप पाण्डेय ने भी अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि तुलसीदास भाव और भाषा दोनों ही स्तरों से श्रेष्ठ कवि हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. राम नयन सिंह ने तुलसीदास की रचनाओं को जनमानस की आत्मा बताते हुए कहा कि ल्लतुलसीदास की कविता आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी उनके समय में थी। उनका साहित्य शाश्वत मूल्यों का संवाहक है।ल्लकार्यक्रम को पूर्व प्राचार्य डॉ अब्दुल रशीद ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रतीक कुमार मौर्य ने किया।

# थकी-तनावग्रस्त पीढ़ी

अपने हालिया अध्ययन में यूरोपीय आयोग ने चिंता जतायी है कि सोशल मीडिया पर अतिसक्रियता से युवा पीढ़ी तनाव व थकान से जूझ रही है। इस संकट को लेकर भारतीय समाजविज्ञानी, चिकित्सक व मीडिया भी लंबे समय से चेतावनी देता रहा है। लेकिन जब कोई मुहिम व अध्ययन पश्चिमी जगत से आता है तो हम उसे विशेष महत्व देने लगते हैं। अब जब यूरोपीय आयोग जेनरेशन जेड को लेकर अपने निष्कर्ष सामने ला रहा है तो भारत में नये सिरे से उसकी चर्चा होने लगी है। विडंबना यह है कि पिछली सदी के अंतिम वर्षों से लेकर इस सदी के पहले दशक में पैदा हुए बच्चों की यह पहली पीढ़ी है, जिसे कम उम्र में ही सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों से रूबरू होने का मौका मिल गया था। यह पीढ़ी पारंपरिक मानकों को चुनौती देकर अपना नया आकाश तलाशने की जद्दोजहद में जुटी रही है। इस पीढ़ी ने परंपरागत जीवन मूल्यों को तिलांजलि देकर अपनी महत्वाकांक्षाओं को अंजाम दिया। साथ ही नये नजरिये की जीवनशैली का अंगीकार किया। यह पीढ़ी डिजिटल युग के साथ कदमताल करती नजर आई। इंटरनेट के विस्तार के साथ वह सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्मों के साथ सहज दिखी। लेकिन काल्पनिक धरातल पर उगा सोशल मीडिया इस पीढ़ी को यथार्थ से बहुत दूर ले गया। फलतरू कठोर यथार्थ से जूझते हुए यह पीढ़ी कल्पना व वास्तविकता के द्वंद्व के चलते तनाव व असहजता के भंवर में जा फंसी। इस बात की पुष्टि यूरोपीय आयोग का अध्ययन भी करता है। आयोग कहता है कि लगातार सोशल मीडिया में सक्रियता के चलते युवाओं में चिंता, मानसिक थकान, कुछ खोने का भय व मोबाइल में चिपके रहने की विसंगतियां सामने आई हैं। यहां उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 के विश्व खुशी सूचकांक रिपोर्ट में भी इन खतरों की तरफ इशारा किया गया था। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि युवा वर्ग सबसे अधिक दुखी है। चौंकाने वाली बात यह थी कि उनमें तनाव व डिप्रेशन की वजह पढ़ाई या कैरियर की चिंता नहीं थी बल्कि इसकी मूल वजह सोशल मीडिया ही था। वास्तव में हमने कोरोना संकट से उबरने के लिये जिस ऑनलाइन व्यवस्था को अस्त्र के रूप में अपनाया था, कालांतर वह ही शस्त्र बनकर युवा पीढ़ी को जख्मी करने लगा। उल्लेखनीय है कि विश्वव्यापी कोरोना महामारी के दौरान जब संचार बंदी लागू हुई तो पूरी दुनिया में जनजीवन ठप पड़ गया। जिसके चलते घरों में कैद लोगों को इंटरनेट ही अंतिम सहारा नजर आया। धीरे-धीरे युवाओं का जीवन इंटरनेट पर बहुत ज्यादा आश्रित हो गया। जहां छात्रों की पढ़ाई ऑनलाइन कक्षाओं पर निर्भर हो गई, वहीं मनोरंजन की दुनिया भी मोबाइल आदि तक सिमट कर रह गई। वहीं दूसरी ओर युवाओं के लिये शिक्षा व कैरियर का दबाव यथावत बना रहा। लेकिन एक हकीकत यह है कि जीवन व्यवहार में सब कुछ ऑनलाइन हो पाना संभव नहीं है। जीवन तो हमारी कठोर वास्तविकता और सामाजिक सहभागिता से ही चलता है। वैसे फिलहाल हमारा वैश्विक परिवेश भी कम उथल-पुथल वाला नहीं है। जब तक दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं कोरोना काल में लगे झटके से उबर पाती, दुनिया में कई युद्धों व क्षेत्रीय संघर्षों ने पूरी दुनिया की आर्थिकी की स्वाभाविक गति को रोक दिया। निस्संदेह, रूस-यूक्रेन युद्ध, इस्राइल-हमास संघर्ष व इस्राइल तथा ईरान के बीच हुए संघर्ष ने विश्व विकास की स्वाभाविक गति को बाधित किया, जिसका नकारात्मक प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ा। वहीं वैश्विक टकराव के अलावा युवाओं के अपने राष्ट्रों की विषम स्थितियां व जलवायु परिवर्तन के कारकों के चलते रोजगार के सिमटते अवसरों ने भी नई पीढ़ी को हताश किया। इसके बावजूद युवा पीढ़ी उस सोशल मीडिया में लिप्त रही, जिसका जीवन की ठोस वास्तविकताओं से कोई लेना-देना नहीं है। ऐसे में यथार्थ से जूझते वक्त युवाओं का हताश व निराश होना स्वाभाविक ही है। कालांतर में उनका आत्मविश्वास भी प्रभावित हुआ। कुछ देशों ने सोशल मीडिया के नियमन की कोशिश की भी, लेकिन प्रयास सिरे न चढ़ सके। ऐसे में सरकारों को स्क्रीन समय के नियमन के साथ ही सोशल मीडिया का बेहतर उपयोग शिक्षा तथा रचनात्मक संवाद बढ़ाने के लिये करने की जरूरत है।

# टैरिफ आर्थिक युद्ध नहीं, आत्मनिर्भर शांति का रास्ता बने

**भारत की अर्थव्यवस्था अब दुनिया की सबसे तेज़ गति से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों ने भारत को उत्पादन और नवाचार का नया केंद्र बनाया है। भारत का टेक्सटाइल, स्टील, ऑटो पार्ट्स और आईटी सेवा क्षेत्र वैश्विक बाज़ार में निरंतर अपनी पकड़ मज़बूत कर रहे हैं। ऐसे में अमेरिका द्वारा टैरिफ थोपना भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा से उपजे भय का संकेत है। लेकिन यह निर्णय केवल व्यापारिक नहीं, बल्कि रणनीतिक भी है। ट्रंप प्रशासन हमेशा से ही व्यापार संतुलन के मुद्दे को राष्ट्रीय गौरव से जोड़कर देखता रहा है। 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति का मुख्य हथियार रहा है, दूसरों को पीछे धकेलकर अमेरिका को आगे लाना।**

जब किसी वैश्विक ताक़त के शिखर पर बैठा नेता 'व्यापार' को भी 'सौदेबाज़ी' और 'दबाव नीति' का औज़ार बना ले, तब यह न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को झकझोर देता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों के आधारभूत सिद्धांतों को भी चुनौती देता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाकर ऐसा ही एक आर्थिक आघात पहुँचाया है। इस टैरिफ का लक्ष्य स्पष्ट है, भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धा को बाधित करना और अमेरिकी वर्चस्व की पुनः स्थापना करना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य एवं भारत की उभरती अर्थव्यवस्था में अमेरिका की 'ट्रंपीय' दादागिरी, एवं टैरिफ का तात्कालिक और दीर्घकालिक प्रभाव कितना क्या असर दिखायेगी, यह भविष्य के गर्भ में हैं। लेकिन इस सन्दर्भ में भारत सरकार की दृढ़ता सराहनीय है। अमेरिका हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है, दोनों का द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 190 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। ट्रंप और मोदी ने इस आंकड़े को दोगुना से भी ज्यादा 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन उस लक्ष्य पर सवालिया निशान लग गए हैं। ऐसे में, भारतीय कंपनियों को बहुत संभलकर अपने लिए नए बाजार खोजने व बढ़ाने चाहिए। भारत की अर्थव्यवस्था अब दुनिया की सबसे तेज़ गति से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों ने भारत को उत्पादन और नवाचार का नया केंद्र बनाया है। भारत का टेक्सटाइल, स्टील, ऑटो पार्ट्स और आईटी सेवा क्षेत्र वैश्विक बाज़ार में निरंतर अपनी पकड़ मज़बूत कर रहे हैं। ऐसे में अमेरिका द्वारा टैरिफ थोपना भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा से उपजे भय का संकेत है। लेकिन यह निर्णय केवल व्यापारिक नहीं, बल्कि रणनीतिक भी है। ट्रंप प्रशासन हमेशा से ही व्यापार संतुलन के मुद्दे को राष्ट्रीय गौरव से जोड़कर देखता रहा है। 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति का मुख्य हथियार रहा है, दूसरों को पीछे धकेलकर अमेरिका को आगे लाना। यह एकतरफा सोच व्यापार के मूल्यों और साझेदारी की भावना को कमजोर करती है। व्यापार समझौते पर 1 अगस्त की समय सीमा तक दोनों देशों के बीच जारी बातचीत किसी नतीजे पर न पहुंचने का बड़ा कारण भारत का अमेरिका की शर्तों पर समझौता करने के लिए तैयार नहीं होना रहा है। उसे आगे भी तैयार नहीं होना चाहिए। इसका कोई मतलब नहीं कि भारत अमेरिका से ऐसा व्यापार समझौता कर ले, जो केवल उसके हित में हो। इस तरह के समझौते तो तभी हो पाते हैं, जब दोनों पक्षों के हित सधते हैं। भारत को अपने हितों की रक्षा के लिए अडिग रहना चाहिए और यह स्पष्ट करने में संकोच भी नहीं करना चाहिए कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुचित दबाव के आगे झुकने वाला नहीं। भारत को ट्रंप के मनमाने फैसलों से डरने की आवश्यकता इसलिए भी नहीं, क्योंकि वे अपने फैसलों से पीछे हटने और उन्हें पलटने के लिए जाने जाते हैं। उनके इस रवैये के कारण उनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फजीहत भी हो रही है। उन्हें यह समझ आ जाए तो अच्छा कि आज का भारत पहले वाला भारत नहीं है और अमेरिका का भी प्रभाव पहले जैसा नहीं रहा। डोनाल्ड ट्रंप की नीति अक्सर 'दबाव डालो और झुकावो' पर आधारित रही है। चीन, यूरोप, मैक्सिको के साथ भी ट्रंप की व्यापार नीति टकरावपूर्ण रही है। लेकिन भारत, ऐतिहासिक रूप से संतुलन साधने वाली कूटनीति में विश्वास करता रहा है। भारत ने कई बार वार्ता के माध्यम से समझौते की दिशा में पहल की, लेकिन ट्रंप की आक्रामक नीति और 'डीलमेकिंग' की व्यक्तिगत शैली ने किसी संतुलन को बनने नहीं दिया। भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ न केवल आर्थिक रूप से अनुचित है, बल्कि यह उभरते राष्ट्रों के आत्मनिर्भर बनने के अधिकार का भी हनन है। यह नव-उपनिवेशवाद का नया रूप है, जहँ आर्थिक हथियारों से शक्तिशाली राष्ट्र, विकासशील देशों को नियंत्रित करना चाहते हैं। राष्ट्रपति ने भारत पर टैरिफ बढ़ाने और जुर्माना लगाने की जो घोषणा की, वह उनकी दबाव की राजनीति का ही हिस्सा है। इस राजनीति की पोल खुल चुकी है। अच्छा होगा कि इसे देश के विपक्षी दल भी समझें। इसलिए और भी समझें



कि संसद में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने साफ तौर पर कहा कि सैन्य कार्रवाई को स्थगित किए जाने के सिलसिले में विश्व के किसी भी नेता की कहीं कोई भूमिका नहीं। स्पष्ट है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई को कथित तौर पर रोकने का ट्रंप का दावा फर्जी है। वास्तव में इसी कारण वे अपने इस थोथे दावे को बार-बार दोहरा रहे हैं। आज का भारत न केवल एक विशाल बाज़ार है, बल्कि एक नवाचारशील शक्ति भी है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा जनसंख्या, तेज़ी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था, और विविधता से समृद्ध उत्पादन क्षमता भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर कर रही है। भारत अब ल्लनिर्भरताङ्क की नीति से निकलकर ल्लआत्मनिर्भरताङ्क की ओर बढ़ रहा है। ट्रंप के टैरिफ का प्रभाव सीमित और अस्थायी होगा, लेकिन भारत की आर्थिक विकास यात्रा दीर्घकालिक और दृढ़ है। भारत के लिए यह चुनौती अवसर में बदलने का समय है, नए बाज़ारों की तलाश, घरेलू उत्पादन को और सशक्त बनाना, और वैश्विक साझेदारियों को नए रूप में ढालना। ट्रंप की दादागिरी भारत को झुका नहीं सकती। बल्कि यह भारत को और मज़बूत और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे सकती है। यह समय है जब भारत को अपने उत्पादन, नवाचार, निर्यात और कूटनीति को और धार देने की आवश्यकता है। हमें यह समझना होगा कि शक्ति का उत्तर शक्ति से नहीं, दूरदृष्टि और नीति से दिया जाना चाहिए। ट्रंप का टैरिफ एक चुनौती है, लेकिन भारत की आत्मा में संघर्ष से जीतने का इतिहास है। हमने हर संकट को अवसर में बदला है, और इस बार भी हम यही करेंगे, न केवल अपनी अर्थव्यवस्था के लिए, बल्कि वैश्विक आर्थिक संतुलन के लिए भी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आर्थिक चिंतन मूलतः 'आत्मनिर्भर भारत', 'विकास के साथ विश्वास', और 'समान साझेदारी' के सिद्धांतों पर आधारित रहा है। वे वैश्विक मंच पर भारत को एक समानाधिकार संपन्न राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करते हैं, न कि किसी बड़े राष्ट्र की कृपा पर चलने वाली व्यवस्था के रूप में। जब डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेता भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का प्रहार करते हैं, तो नरेंद्र मोदी की सोच विरोध नहीं, विकल्प पर आधारित होती है। वे इस तरह के दबावों को एक नई दिशा में सोचने और घरेलू उत्पादन एवं वैश्विक विविधीकरण का अवसर मानते हैं। टैरिफ वार के उत्तर में मोदी की प्रतिक्रिया सकारात्मक ही होती हुई दिख रही है, वे ट्रंप के टैरिफ से प्रभावित क्षेत्रों जैसे स्टील, ऑटो पार्ट्स, टेक्सटाइल को सरकारी सब्सिडी, टैक्स रियायत और तकनीकी समर्थन के ज़रिए बल दे सकते हैं। अमेरिका के अतिरिक्त यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे नए बाज़ारों में भारत अपनी पकड़ को और मज़बूत करते हुए इस टैरिफ से उत्पन्न संकट को संतुलित कर सकता है। ट्रंप भारत को अपना मित्र मानते हैं। लेकिन यह कैसी मित्रता है, जिसमें ट्रंप को भारत के गरीबों, किसानों, मजदूरों की कोई चिंता नहीं है। लेकिन मोदी की विदेश नीति में भी 'अमेरिका के साथ मित्रता' है, लेकिन 'आत्मगौरव की कीमत पर नहीं'। वे संवाद और दृढ़ता-दोनों का प्रयोग करते हैं। दबाव की राजनीति से न तो भारत झुकेगा, न रुकेगा। ट्रंप का टैरिफ हो या कोई और वैश्विक चुनौती, मोदी का भारत हर संकट में अवसर खोजता है। मोदी की आर्थिक दृष्टि एवं नीतियां किसी बाहरी राष्ट्र के मनोनुकूल नहीं, बल्कि भारत की आवश्यकताओं, संभावनाओं और स्वाभिमान के अनुरूप गढ़ी गई है। जब वैश्विक महाशक्तियां टैरिफ के हथियार से डराने लगें, तो समझो कि भारत की प्रतिस्पर्धा ने उन्हें असहज कर दिया है। मोदी इसे चुनौती नहीं, पहचान मानते हैं। मोदी कहते हैं-'लोकल को ग्लोबल बनाओ', और यही उनका उत्तर है हर टैरिफ, हर दबाव, हर चुनौती को। मोदी की अर्थनीति उद्यमशीलता को राष्ट्रनिर्माण से जोड़ती है। उनका आर्थिक चिंतन 'केवल विकास' नहीं, बल्कि स्वराज्य आधारित समावेशी आर्थिक स्वतंत्रता है। ट्रंप के टैरिफ की चुनौती को वे उसी तरह लेते हैं जैसे उन्होंने कोविड या ग्लोबल मंदी की ली थी-साहस, दूरदर्शिता और आत्मनिर्भरता के साथ। **–ललित गर्ग**

# सड़कों पर अराजकता फैलाते ई-रिक्शा

**राकेश अचल**



देश के अमूमन हर शहर में ई-रिक्शा ग्रीन परिवहन के नाम पर उतारे गये थे। ये ई रिक्शे उन लोगों को थमाए गये थे जो या तो तांगा, इक्का चलाते थे या हाथ रिक्शा। खटारा और धुआं उगलने वाले टेंपो का विकल्प भी समझे गये थे ये ई रिक्शे। बेआवाज ये ई रिक्शे शुरू में तो सभी को अच्छे लगे लेकिन अब यही ई रिक्शे देश के घरेलू परिवहन के लिए अराजक हो गये हैं। पर्यावरण हितैषी परिवहन के नाम पर प्रयोग में लाए जा रहे ये ई रिक्शे यातायात को बद से बदतर बना रहे हैं। इनका न ढंग से पंजीयन हुआ, न चालकों का प्रशिक्षण, न इनके लिए स्टापेज बने और न मार्गों का निर्धारण किया गया, फलस्वरुप इन ई रिक्शा वालों को जहां सवारी ने हाथ दिया, वहीं रिक्शा रोक दिया, चाहे पीछे से आ रहे वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाएं। महानगरों और छोटे शहरों से लेकर कस्बों तक भले ही दो पहिया वाहन चलाने की जगह न हो, लेकिन इन्हें अपनी जगह पर वाहन खड़े करने की आजादी है। ये न यातायात के नियम जानते हैं न इनके चालकों के पास कोई नागरिकता बोध है। भले ही चाहे इनके कारण वाहनों की कतार लग जाए। लगभग हर शहर में प्रशासन ने इन पर सख्ती कर ई रिक्शों के लिए रूट तय किए, रंग लगाकर पहचान देने की भी कोशिश की। ई रिक्शों को पालियों में भी चलवाने का प्रयास किया, लेकिन सब अकारथ गया। ई रिक्शा संचालकों के विरोध के बाद ये तमाम सख्ती हवा हो गई। इतना ही नहीं प्रशासन, यातायात पुलिस व आरटीओ भी इनके आगे बेबस साबित हो रहे हैं । अब सुविधा और पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए लाये गये ये ई रिक्शे सिरदर्द बन गये हैं और खामियाजा आम जनता भुगत रही है। भारत में ई-रिक्शा की संख्या लाखों में हो सकती है, जिसमें पंजीकृत और गैर पंजीकृत दोनों शामिल हैं। 2022-23 तक के आंकड़ों के आधार पर, यह अनुमान लगाया जा सकता है कि कम से कम 3 लाख पंजीकृत ई-रिक्शा हैं, और गैर-पंजीकृत ई-रिक्शा की संख्या कहीं अधिक हो सकती है। बीते दो वर्षों में तो इनकी संख्या अनुमान से भी कहीं अधिक बढ़ चुकी है। शहरों में पिछले कई वर्षों से वन-वे घोषित मार्गों पर ई-रिक्शा वाले बिना रोक टोक, बेधड़क दौड़ते हैं। यातायात पुलिस एवं पुलिस खड़ी रहती हैं। जहां पहले तांगों, टेम्पो के कारण आम लोगों को परेशानी होती थी, अब इसकी जगह ई-रिक्शा ने ले ली है। हर शहर में ई-रिक्शा के अघोषित अस्थायी स्टैंड बन गये है। इससे बार-बार ट्रैफिक जाम होता रहता है। पैदल निकलने तक की जगह नहीं रहती है। ई रिक्शा वाले परम स्वतंत्र हैं। जहां से इच्छा हुई, वहीं से सवारी बैठा ली। कोई रोकने वाला नहीं है। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, घनी आबादी वाले क्षेत्र इनके अड्डे बनते जा रहे है। सवाल ये है कि इन ई रिक्शा चालकों की अराजकता का इलाज क्या है? मैंने दुनिया के अनेक गरीब, अमीर देश देखे हैं लेकिन वहाँ ई रिक्शा यदि हैं भी तो अराजक नहीं हैं। वे नियमों का पालन करते हैं, सभ्य हैं और उनमें भरपूर नागरिकता बोध भी है, लेकिन भारत में तो ई रिक्शा समस्या का दूसरा नाम बन गये हैं। मुझे तो ई रिक्शा की धींगामुश्ती देखकर अपने पारंपरिक तांगे वाले ज्यादा बेहतर लगते हैं। हकीकत ये है कि ई रिक्शों की बाढ़ से पर्यावरण सुधरने के बजाय तेजी से बिगड़ रहा है। पर्यावरण के लिए ई रिक्शों का ई कचरा भी आने वाले दिनों में एक गंभीर समस्या होने वाला है, इसलिए इनका हल खोजा जाना चाहिए।

## सेहत मंत्र

# जुकाम, सर्दी, खांसी और कफ से चुटकियों में राहत दिलाता है प्याज का ये देसी नुस्खा

बरसात का मौसम लगभग हर किसी को पसंद होता है, लेकिन इस मौसम में सबसे अधिक बीमारियों का खतरा भी होता है। अधिकतर लोगों में मौसम के बदलते ही खांसी, जुखाम-बुखार होने लगता है। इस मौसम में बैक?टीरियल संक्रमण भी बढ़ जाता है। यही कारण है कि बरसात के मौसम में अधिकतर लोग खांसी जुखाम जैसी समस?याओं से परेशान रहते हैं और यह काफी लंबा चलता है।। लंबे समय तक बीमार रहने की वजह से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर पड़ जाती है। इस मौसम में सुरक्षित रहने और रोग प्रतिरक्षा को बढ़ाने के लिए आपका प्याज से बनी यह ड्रिंक काफी असरदार साबित होगी। हर सब्जी में इस्तेमाल होने वाला प्याज सर्दी, जुखाम और कफ से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। पानी में पहले से भिगोए हुए प्याज से बनी ड्रिंक आपके शरीर को रिचार्ज करने और इस बारिश के मौसम में आपको वायरल बीमारियों से बचाने में मददगार है। यदि आपके भी लंबे समय से गले में खरास या सर्दी जुखाम है, तो आइए हम आपको बताते ये आसान सा घरेलू नुस्खा। इसके लिए आप सबसे पहले एक प्याज लें और इसे बारीक छोटे टुकड़ों में काट लें। अब आप 1 गिलास पानी लें और इसमें कटे हुए प्याज को कम से कम 5-6 घंटे के लिए भिगोकर रख दें। इसके बाद आप इस पानी में 1 चम्मच शहद मिला लें और इस ड्रिंक को आप दिन में 2 बार पिएं। आप चाहें, तो इसमें 1 या 2 चम्मच नींबू का रस भी मिला सकते हैं। बरसाती मौसम में सर्दी-जुखाम से निपटने के लिए प्याज की यह ड्रिंक बनाना बेहद आसान है। यह ड्रिंक आपको सर्दी-जुखाम से बचाने के साथ-साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करेगी। जिससे आप इस मौसम में बीमारियों से दूर रहेंगे। प्याज एंटीऑक्सिडेंट और एंटी इंफ्लामेटरी गुणों के साथ विटामिन्स का एक अच्छा स्त्रोत है। प्याज सर्दी-जुखाम से निजात पाने में बेहद फायदेमंद है। लाल, सफ़ेद या गुलाबी प्याज कुछ औषधीय यौगिकों से भरपूर होते हैं, जो वायरल से लड़ने में काफी प्रभावी होते हैं।

## धर्म मंत्र

# द्रौपदी ने साबित किया- हर मुसीबत में अपने भक्तों को बचाते हैं भगवान श्रीकृष्ण

देवी द्रौपदी पांचाल नरेश राजा द्रुपद की अयोनिजा पुत्री थी। इनकी उत्पत्ति यज्ञवेदी से हुई थी। इनका रूप लावण्य अनुपम था। इनके जैसी सुंदरी उस समय पृथ्वी भर में न थी। इनके शरीर से तुरंत खिले कमल की सी गंध निकलकर एक कोस तक फैल जाती थी। इनके जन्म के समय आकाशवाणी ने कहा था कि देवताओं का कार्य सिद्ध करने के लिए क्षत्रियों के संहार के उद्देश्य से इस रमणीरत्न का जन्म हुआ है। इसके कारण कौरवों को बड़ा भय होगा। कृष्णवर्ण होने के कारण लोग इन्हें कृष्णा कहते थे। पूर्वजन्म में दिये हुए भगवान शंकर के वरदान से इन्हें इस जन्म में पांच पति प्राप्त हुए। अकेले अर्जुन के द्वारा स्वयंवर में जीती जाने पर भी माता कुन्ती की आज्ञा से इन्हें पांचों भाइयों ने ब्याहा था। द्रौपदी उच्च कोटि की पतिव्रता एवं भगवतवक्ता थीं। इनकी भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में अविचल प्रीति थी। ये उन्हें अपना रक्षक, हितैषी एवं परम आत्मीय तो मानती ही थीं, उनकी सर्वव्यापकता एवं सर्वशक्तिमत्ता में भी इनका पूर्ण विश्वास था। जब कौरवों की सभा में दुष्ट दुशासन ने इन्हें नग्न करना चाहा और सभासदों में से किसी की हिम्मत न हुई कि इस अमानुषी अत्याचार को रोके, उस समय अपनी लाज बचाने का कोई दूसरा उपाय न देख इन्होंने आतुर होकर भगवान श्रीकृष्ण को पुकारा। सच्चे हृदय की करुण पुकार भगवान बहुत जल्दी सुनते हैं। भगवान श्रीकृष्ण उस समय द्वारका में थे, वहां से वे तुरंत दौड़े आये और धर्म रूप से द्रौपदी के वस्त्रों में छिपकर उनकी लाज बचायी।

## पर्यटन



# एडवेंचर एक्टिविटीज करने के साथ लें मौसम का मज़ा, हिमाचल में बसे इस मनोरम जगह जाकर

शिमला से तकरीबन 54 किमी. दूर स्थित लगभग अनछुई जगह है तत्तापानी। यहां रोमांचक गतिविधियों के संग आप इन दिनों मना सकते हैं बारिश का उत्सव। रिमझिम बारिश की फुहारों के साथ बादलों की अठखेलियां मन मोह लेती हैं। ऐसे में इस अनछुई, प्यारी जगह का दीदार करना किसी शानदार सौगात से कम नहीं। यहां सतलुज नदी की ठंडी धारा के बीच 70 डिग्री सेल्सियस के तापमान वाला गर्म पानी का सोता निरंतर बह रहा होता है। इसे आज से 20 साल पहले यहां के स्थानीय लोगों के अलावा कोई जानता तक नहीं था। ऐसे में यहां के निवासी प्रेम कुमार रैना, जिनका घर नदी के बिलकुल पास हुआ करता था, उन्होंने एक दिन इस कीमती धरोहर को पहचाना। आज प्रेम कुमार रैना 'हॉट वाटर स्प्रिंग' नाम से एक नेचुरोपैथी वेलनेस सेंटर भी चलाते हैं, जहां दूर-दराज से लोग स्वास्थ्य लाभ लेने आते हैं। आयुर्वेद और नेचुरोपैथी के जरिए लोग अनेक रोगों से मुक्ति पाते हैं। हिमालय के ऊपरी इलाकों के निवासी जोड़ों के दर्द से राहत पाने हर साल यहां आते हैं। मान्यता है कि यह स्थान वास्तव में देवों का स्थान रहा है। यहां पांडवों ने वास किया, ऋषियों ने तपस्या की, इसीलिए यहां कदम-कदम पर चमत्कार देखने को मिलते हैं। तत्तापानी के स्थानीय लोग इस स्थान को महर्षि जमदग्नि की तपोभूमि मानते हैं। महर्षि अपनी पत्नी रेणुका और पुत्र परशुराम के साथ यहां तत्तापानी के आसपास रहा करते थे। इह जगह का धार्मिक अनुष्ठानों के लिए बहुत महत्व है। यहां हर साल माघ मेला लगा करता है। शिमला से तत्तापानी की दूरी लगभग दो घंटे में पूरी होती है, लेकिन इन रास्तों पर ड्राइव का मजा दूरी का एहसास नहीं होने देता। रास्ते में इतने सुहाने नजारे मिलते हैं कि आप मुग्ध हो जाएंगे। चूंकि शिमला से यह पूरा रास्ता उतराई की तरफ है, इसलिए पहाड़ों का नजारा बहुत आकर्षक है। इन रास्तों में कई धार्मिक स्थल पड़ते हैं, जिन्हें देखते हुए आगे बढ़ने में आनंद आता है। देश और दुनिया से बहुत सारे बाइकर ग्रुप इस घाट पर ड्राइव करने आते हैं। किन्नौर और काजा जाने वाले भी इसी रूट को पसंद करते हैं।

# उच्च न्यायालय ने पट्टा रद्द करने का आदेश किया निरस्त पत्र के आधार पर निरस्त करने पर कोर्ट ने जताया आश्चर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस बात पर 'आश्चर्य' व्यक्त किया कि चार व्यक्तियों (याचिकाकर्ताओं) के पक्ष में दिया गया वैध पट्टा केवल राज्य के उपमुख्यमंत्री को सम्बोधित एक वकील के पत्र के आधार पर अधिकारी ने कैसे रद्द कर दिया गया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने पट्टा रद्द करने के आदेश को निरस्त करते हुए याचिकाकर्ताओं, राकेश और तीन अन्य के पक्ष में पट्टा बहाल करने का निर्देश दिया है।

याचिका में कहा गया था कि भूमि प्रबंधन समिति ने इस आशय का प्रस्ताव पारित होने के बाद याचिकाकर्ताओं को वर्ष 2013 में पट्टा दिया था। हालांकि, 2018 में फर्रुखाबाद के एक वकील ने राज्य के उपमुख्यमंत्री को पत्र भेजे जाने के बाद संबंधित अधिकारी ने पट्टा रद्द करने की कार्यवाही शुरू की गई। कोर्ट को अवगत कराया गया कि उक्त पत्र के आधार पर उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 128 के तहत निरस्तीकरण की कार्यवाही शुरू की गई थी और बाद में याचिकाकर्ताओं के



खिलाफ निर्णय देकर पट्टा निरस्त कर दिया गया था। पट्टा निरस्तीकरण आदेश के विरुद्ध एक संशोधन प्रस्तुत किया गया, जिसे आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया गया और मामले को पुनर्विचार के लिए भेज दिया गया। हालांकि, पुनर्विचार के बाद पट्टा रद्द कर दिया गया, जिसके बाद एक संशोधन अर्जी दायर किया गया और उसे खारिज कर दिया गया। पट्टा रद्द करने के आदेश को चुनौती देते हुए याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित वकील ने तर्क दिया कि आवेदन उपमुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। ऐसा आवेदन स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि यह संहिता की धारा 128 के अनुसार प्रस्तुत नहीं किया गया था। उप्र राजस्व संहिता 2006 की धारा 128 कलेक्टर को किसी भी आवंटन के सम्बंध में निर्धारित तरीके से जांच करने के बाद आवंटन और पट्टे को रद्द करने का अधिकार देती है, यदि वह संतुष्ट है कि आवंटन संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन है।

यह देखते हुए कि संहिता की धारा 128 के तहत कोई उचित कार्यवाही शुरू नहीं की गई थी और केवल एक वकील द्वारा राज्य के उपमुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र के आधार पर कि पट्टे को रद्द करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई थी और पट्टा निरस्त कर दिया गया था। न्यायालय ने कहा कि राजस्व अधिकारियों ने अपनी अंतर्निहित शक्तियों का उल्लंघन किया था। कोर्ट ने मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करते हुए, 7 जनवरी, 2025 और 20 अक्टूबर, 2024 के आदेशों को रद्द कर दिया और याचिकाकर्ताओं के पक्ष में दी गई लीज (पट्टा) को तत्काल बहाल करने का निर्देश दिया।

# प्रेमचंद भारतीय कथा साहित्य की बुनियाद भी थे और बुलंदी भी: प्रो. बलिराज पाण्डेय

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) हिंदी विभाग के रामचंद्र शुक्ल सभागार में गुरूवार को कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित ''प्रेमचंद की राष्ट्रधर्मिता'' विषय पर चर्चा-परिचर्चा में आचार्यो ने मुंशी प्रेमचंद के विशाल और बहुआयामी व्यक्तित्व के साथ उनके योगदान का जिक्र किया। परिचर्चा में पूर्व विभागाध्य प्रो. बलिराज पाण्डेय ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रेमचंद की कहानियों में मुख्य रूप से भूख की समस्या है। प्रेमचंद जानते हैं कि जब तक भारत की जनता भूखी है तब तक राष्ट्रवाद निरर्थक है। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद भारतीय कथा साहित्य की बुनियाद भी थे और बुलंदी भी थे। प्रो. श्रद्धा सिंह ने कहा कि प्रेमचंद समस्त प्रकार की कलाओं का स्रोत आम जनता को मानते थे। अतः उसे उपेक्षित करके कोई भी सच्चा साहित्य लिखा नहीं जा सकता है। प्रेमचंद पहले ऐसे लेखक थे जिन्होंने अपनी रचनाओं का नायक समाज के पिछड़े, वंचित, और शोषित समाज के लोगों को बनाया। परिचर्चा में प्रो. राजकुमार ने कहा कि अलग-अलग समय में प्रेमचंद की राष्ट्रधर्मिता बदलती रही है। कभी प्रेमचंद ने राष्ट्रवाद को लुटेरों का गिरोह कहा तो कभी कहा कि सब कुछ होने के बावजूद राष्ट्रवाद की अवधारणा धार्मिक सांप्रदायिकता से बेहतर है। परिचर्चा में प्रो. सत्यपाल शर्मा,डॉ. अशोक ज्योति,डॉ. राजकुमार मीणा ने भी विचार रखा। कार्यक्रम में डॉ. पूजा सिंह के नेतृत्व में एक निजी स्कूल की छात्राओं ने प्रेमचंद की कहानी 'सुभागी' नाट्य मंचन किया। शोध छात्रा अनुष्का ने प्रेमचंद का जीवन परिचय दिया। किसलय ने प्रेमचंद के साहित्यिक अवदान पर छात्र वक्तव्य दिया। कुलगीत की प्रस्तुति शोधार्थी दिव्या शुक्ला, स्मिता पाण्डेय और आकांक्षा मिश्रा ने दी। संचालन पूजा यादव व धन्यवाद ज्ञापन विकास ने दिया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो. वशिष्ठ अनूप ने किया।

## प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकली नर्मदेश्वर महाराज की शोभायात्रा

(कुशभवनपुर)। केएनआई कस्बे में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के जीणोद्धार के साथ नवीन शिवलिंग की स्थापना से पूर्व बस्ती में शोभा यात्रा निकाली गई। यज्ञ आचार्य डॉ0 अखिलेश उपाध्याय की देख रेख में पांच बाह्मण विद्वानों द्वारा विधि विधान से निकला। ? नमः शिवाय की जय घोष एवं नगाड़े की गगनभेदी आवाज से पूरे बस्ती का वातावरण पवित्र एवं मंत्र मुग्ध हो गया। सभी एक साथ हर हर बम बम के साथ जब गलियों में निकले तो पूरा मोहल्ला देखने निकल पड़ा। क्या बच्चे क्या बूढ़े सब छतों पर से देखने लगे। और शिवलिंग को श्रद्धा से प्रणाम करते हुए पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश, जिला कार्यवाह भानू, सह जिला कार्यवाह शक्ति पाठक, जिला प्रचारक आशीष, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ0 आर ए वर्मा, डॉ0 डीएस मिश्रा, सर्वेश मिश्रा, रामेंद्र सिंह राणा, आलोक आर्या, नगर प्रचारक सुशील, जितेंद्र मिश्र, नीरज तिवारी, कौतुक उपाध्याय, अजय पाण्डेय, अनिल पाण्डेय सहित सैकड़ों संघ कार्यकर्ता सहित हिन्दू समाज की माता भगिनी भी उपस्थित हैं।

# राजकीय वाहन चालक महासंघ अध्यक्ष हुए सेवानिवृत्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जिले के राजकीय वाहन चालक महासंघ के अध्यक्ष व जिला विकास अधिकारी के सहयोगी शिव शंकर दुबे अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विकास भवन के प्रेरणा सभागार में एक भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया।



मुख्य अतिथि सीडीओ अंकुर कौशिक ने श्री दुबे के सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा, शिव शंकर दुबे ने अपनी जिम्मेदारियों का सदैव निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन किया। विभाग उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा। जिला विकास अधिकारी गजेंद्र कुमार तिवारी ने कहा, कर्मचारी कभी रिटायर नहीं होता, उसका अनुभव और मार्गदर्शन हमेशा संस्थान के लिए अमूल्य होता है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने श्री दुबे के साथ अपने अनुभव साझा किए और उनके स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय भविष्य की कामना की। शिव शंकर दुबे ने कहा मेरी सेवा यात्रा में मिले सहयोग, सम्मान और स्नेह को कभी नहीं भूलूंगा। यह विदाई समारोह केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक कर्मठ और समर्पित कर्मी को सच्ची श्रद्धांजलि भी है। इस मौके पर डी सी मनरेगा अजीत कुमार सिंह, डीएसटीओ दद्दन, विकास विभाग अध्यक्ष भानू श्रीवास्तव, वाहन चालक महा संघ मंत्री रमन सिंह, संजय श्रीवास्तव, केपी सिंह, राजेश श्रीवास्तव समेत विकास विभाग के कई अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भवानीगढ़–भोलागंज मार्ग से पूरे तुलाराम संपर्क मार्ग जर्जर

## ग्रामीणो ने की जिलाधिकारी से शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत रैंचा के भवानीगढ़ भोलागंज मार्ग से ग्राम पूरे तुलाराम संपर्क मार्ग जर्जर होने से ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है। ग्रामीण एक किलोमीटर की दूरी तय करके निकट की बाजार तक पंहुच रहे है ग्रामीणो ने बताया कि कई वर्ष पूर्व संपर्क मार्ग पर खड़ंजा का निर्माण करवाया गया था लेकिन जिम्मेदार लोगों की अनदेखी के चलते उक्त मार्ग का मरम्मती करण नही करवाया गया जिससे अब यह



मार्ग पूर्णतयः क्षतिग्रस्त हो चुका है। ग्रामीण सूर्यभान मिश्रा ने बताया कि बरसात के मौसम में यह रास्ता दलदल में बदल जाता है मार्ग पर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीण आनन्द मिश्र ने बताया कि इस मार्ग पर एक बहुत पुराना मंदिर है जो कि यहां के लोगों की आस्था का केंद्र है किंतु रास्ता खराब होने के कारण महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों का मंदिर तक पहुंच पाना मुश्किल हो गया है ग्रामीण फूलचंद हेमंत,अमरनाथ गोस्वामी आदि ने बताया की इसकी शिकायत भी मुख्य विकास अधिकारी एवं जिलाधिकारी से की गई है। इस संबंध में जब खण्ड विकास अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इसकी जांच करवा के उचित कार्यवाही की जाएगी।

## इविवि के हिन्दी विभाग में यूनिवर्सिटी थियेटर ने किया प्रेमचंद की कहानियों का मंचन

प्रयागराज। सभ्यता हुनर के साथ ऐब छुपाने का नाम है। लालच पाखंड को उजागर कर ही देता है। लेकिन न्याय के नाम पर हत्या को कत्ल कहेंगे या नहीं। ये सब बातें हिन्दी विभाग में आयोजित नाट्य पाठ में गुरूवार को सामने आई। प्रेमचंद जयंती के अवसर पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिन्दी एवं भारतीय भाषा विभाग की तरफ से यूनिवर्सिटी थियेटर के सहयोग से प्रेमचंद की कहानियों के नाट्य पाठ की प्रस्तुति की गई। इसके अंतर्गत प्रेमचंद की तीन कहानियों 'सभ्यता का रहस्य', 'सत्याग्रह' और 'क़ातिल' की प्रस्तुति की गई। प्रेमचन्द की इन कहानियों में समाज की सच्चाइयों की परतें छिपी हैं। जिसे अभिनेताओं ने अपने नाट्य पाठ में साकार किया। 'सभ्यता का रहस्य' सभ्य समाज की चालाकियों से पर्दा उठाता है तो 'सत्याग्रह' पाखंड से, इसी तरह कातिल क्रांति के लिए किया जाने वाली हिंसा पर एक बहस प्रस्तुत करता है। इन कहानियों में क्रमशः साक्षी, शांभवी, सभ्यता, अंकिता, प्राची, अनामिका, सुमन, आशीष, रीति, निशांत, श्रीह, सृष्टि, अंकित, प्रखर, अनन्त, हर्षित, स्वीटी, प्राची, सत्यवान, विवेक, नंदिनी, दीपशिखा, शानू, दुर्गेश, शिवम और माधवी शामिल थे। संचालन श्रेया ने किया।

# चौक के चार द्वारों का हो रहा सौंदर्यीकरण

अयोध्या। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या, अब भव्य और दिव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के पश्चात देश-विदेश के श्रद्धालुओं और पर्यटकों का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। मंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या को विश्वस्तरीय स्वरूप देने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सक्रिय रूप से प्रयास कर रही है। नगरी के सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। मंदिर के उद्घाटन के बाद लाखों लोग हर साल यहां आ रहे हैं, जिससे अयोध्या की सांस्कृतिक और पौराणिक धरोहर को सहेजने की जरूरत और बढ़ गई है। इसी दिशा में योगी सरकार ने अयोध्या की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और सौंदर्यकरण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। शहर के प्रमुख चौक के चार ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों का संरक्षण और सौंदर्यकरण इसका प्रमुख उदाहरण है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने इन चारों द्वारों के सौंदर्यकरण के लिए करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से कार्य शुरू किया है। इन द्वारों का ऐतिहासिक महत्व अयोध्या की सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है। सरकार का लक्ष्य इन धरोहरों को न केवल संरक्षित करना है, बल्कि इन्हें आधुनिक और आकर्षक रूप देकर पर्यटकों के लिए और खास बनाना है। इन द्वारों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और आगामी नए वर्ष यानी 2026 तक यह कार्य पूरा होने की उम्मीद है।

राम मंदिर के निर्माण ने अयोध्या को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित किया है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए योगी सरकार शहर की बुनियादी सुविधाओं को उन्नत करने के साथ-साथ ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण पर भी जोर दे रही है। इन प्रवेश द्वारों का सौंदर्यकरण न केवल अयोध्या की प्राचीनता को जीवंत

## दुसरे जिले के लोग घर बापसी के नाम पर बदनाम करने का लगाया आरोप माफी मांग कर मामला हुआ शांत

पूरनपुर ।लखीमपुर खीरी के गांव निघासन गुरुद्वारा सिंह सभा में 29 जुलाई को महान गुरुमति समागम करवाया गया था। कार्यक्रम में पंजाबी वैल्फ़ेयर कौंसिल के प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह राणा पहुंचे थे। इस दौरान धर्मपरिवर्तन को लेकर भी चर्चा की गई थी। इस दौरान कुछ लोगों के घर बापसी कर अपने धर्म में दोबारा आने की चर्चा की गई थी। जिसमें कुछ लोगों के नाम उजागर किए गए थे। जबकि उन्होंने किसी भी तरह का धर्म परिवर्तन या घर बापसी की जानकारी नहीं थी। सोशल मीडिया पर जब उनको जानकारी लगी तो उनके होश उड़ गए। इसी के चलते लगभग दस परिवार के लोग गुरुवार को शाम लगभग चार बजे हजारा थाना क्षेत्र के गांव बैल्हा पहुंचे और विरोध किया इस पर बैलेंस निवासी उक्त दोनों लोगों ने ग्रामीणों से माफी मांगी जिसके बाद मामला शांत हुआ।

## लोडर ने गुमटी में मारी टक्कर, एक की मौत व दो घायल

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में शराब के नशे में धुत लोडर ड्राइवर ने गुमटी में जोरदार टक्कर मार दिया। गुमटी में बैठे तीन लोगों को रौंद दिया जिससे एक की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गये। गाजीपुर थाना के क्षेत्र सुजानपुर गांव निवासी छिट्टन रैदास (70), जितेंद्र (40) व रमेश पटेल (55) आज गाजीपुर कस्बे में एक पान मसाला की गुमटी में बैठे थे। दोपहर बाद एक लोडर ड्राईवर नशे में धुत्त होकर गाजीपुर की तरफ आ रहा था। गुमटी में बैठे तीनों लोगों को रौंदते हुए निकल गया। टक्कर से छिट्टन रैदास की मौके पर ही मौत हो गई। वही जितेंद्र व रमेश पटेल गम्भीर रुप से घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल तत्काल मौके पर पहुंची और पुलिस के साथ मिलकर घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्य ने बताया कि पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजते हुए अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## गंगा स्नान के दौरान दो कांवड़िये सरयू में डूबे, तलाश में जुटी टीम को बड़ी सफलता : अभिषेक का शव बरामद

धौरहरा खीरी ।लखीमपुर–खीरी के धौरहरा क्षेत्र में सरयू (घाघरा) नदी में सोमवार को स्नान के दौरान डूबे दो कांवड़ियों में से एक, अभिषेक (18) का शव मंगलवार शाम बरामद कर लिया गया। ढखवा गांव निवासी अभिषेक अपने दो साथियों अमन (20) और एक अन्य युवक के साथ बाइक से जल भरने और स्नान के लिए जालिमनगर सरयू घाट पहुंचा था। नहाने के दौरान अभिषेक और अमन नदी के तेज बहाव में बह गए, जबकि तीसरा साथी किनारे पर बैठा रहा। दोनों के अचानक लापता होने से घबराया युवक देर शाम पुलिस को जानकारी देने पहुंचा, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया। शशिकांत मणि, तहसीलदार आदित्य और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। रात में अंधेरा होने के कारण तलाशी अभियान रोक दिया गया था, लेकिन मंगलवार सुबह फिर से फ्लड पीएसी और 20 गोताखोरों की टीम ने नदी में सघन तलाशी शुरू की। करीब शाम छः बजे फ्लड पीएसी को अभिषेक का शव बरामद हुआ। शव की हालत देखकर परिजनों की चीख–पुकार मच गई और घाट पर मातम छा गया। शव की शिनाख्त के बाद अंतिम कार्रवाई की जा रही है, वहीं अमन की तलाश अब भी जारी है। घटना स्थल पर हल्का लेखपाल शशांक शुक्ला, एसडीएम शशिकांत मणि, स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि लापता अमन की तलाश जारी रहेगी और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दी जाएगी।

## नव निर्वाचित बार एशोसिएसन अध्यक्ष व महासचिव का सम्मान

सुल्तानपुर। बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं महासचिव दिनेश दूबे के सम्मान एवं अभिनन्दन समारोह में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। जैसे हमारे देश के व्यापारियों का देश की अर्थव्यवस्था में विशेष योगदान रहता है वैसे ही देश की न्याय व्यवस्था में विधिक सालाहकारों का विशेष योगदान रहता है, इसी लिए इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश मंत्री, क्षेत्रीय प्रभारी अमर बहादुर सिंह, जिला प्रभारी प्रवीण भालोठिया, जिला अध्यक्ष विजय प्रधान, जिला उपाध्यक्ष गोपाल जी सोनीम अध्यक्ष सर्राफा व्यापार मंडलय जिला संगठन महामंत्री अमरचंद साहू, जिला कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी, नगर अध्यक्ष मनीष कसौधन, नगर युवा अध्यक्ष भोलानाथ सोनी, आदि पदाधिकारियों ने दोनों नव नियुक्त बार अध्यक्ष व महासचिव को अंगवस्त्र व मालायार्पण कर अभिंनदन किया।

# प्रमुख मार्गों से निकाली गई शिव सत्संग मण्डल की भव्य कांवर यात्रा

एजेंसी

हरदोई । शिव सत्संग मण्डल की भव्य कांवर यात्रा प्रमुख मार्गों से निकाली गई ।

शिव सत्संग मण्डल की भव्य कावड़ यात्रा फर्रुखाबाद घटियाघाट से गंगा जल लेकर,हुल्लापुर , रूपापुर, पाली होते हुए शाहाबाद में जब प्रवेश किया तो समाजसेवियों एवं दर्शनार्थियों ने शिव भक्तों व कावड़ यात्रा में सम्मिलित लोगों का अबीर , गुलाल एवं पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया। शिव सत्संग मण्डल के मंडलाध्यक्ष आचार्य अशोक के नेतृत्व में कावड़ यात्रा में विभिन्न मोहल्ले एवं गावों से जल भरने के लिए गए कांवड़िया एकत्रित हुए और प्रमुख मार्गो से ढोल नगाड़ों, गाजे बाजे एवं भव्य झांकियों के साथ कावड़ यात्रा मेन मार्केट से निकाली गई। पुलिस टीम की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह कांवड़ यात्रा खेड़ा बीबीजई, गिगियानी, चौक, सर्राफा मार्केट, सदर बाजार, बड़ी बाजार, दिलेरगंज ,खत्ता जमाल खां ,मौलागंज बस स्टैंड महुआ टोला होते हुए शिव पुरी धाम हुसैना पुर धौकल की ओर रवाना हो गई। शोभा यात्रा में शिव भक्त डीजे और संगीत की धुनों पर भाव नृत्य कर रहे थे। तथा कांवड़ यात्रा में भगवान शिव के भक्ति गीत





लोगों में भक्ति भावना जागृत कर रही थी। नाचते गाते कांवरिया एक दूसरे के ऊपर अबीर गुलाल फेंक रहे थे और जय भोले के जयकारों से सारे वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। कावड़ यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया तथा कांवड़ियों के लिए पाली रोड के इंडेन गैस गोदाम पर मित्र परिवार द्वारा भंडारा आयोजित कर प्रसाद गृहण कराया गया। विश्व हिंदू परिषद के नेता अशोक गुप्ता, सुनील गुप्ता द्वारा कांवडियों को जलपान ग्रहण कराया गया।पाली तिराहा पर सत्संगी योगेश राजपूत व कार्यकर्ताओं ने जलपान की व्यवस्था की यहां पर कांवरियों ने जलपान ग्रहण किया। शिवपुरी धाम में नवनीत गुप्ता ने प्रसाद गृहण कराया। विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष हर्ष वर्धन सिंह,भाजपा एन जी ओ प्रकोष्ठ के सह जिला संयोजक मुकुल सिंह ''आशा'', इंडेन गैस सर्विस के समाजसेवी सुविदानकर सिंह ''पिंटू'', भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता, मित्र परिवार के अनुराग श्रीवास्तव, योगेंद्र यादव, संजय अग्निहोत्री,रमाकांत मौर्य,प्रभाकर बाजपेई, शिव प्रसाद श्रीवास्तव, संतोष कुशवाहा, अनिल सिंह, अनूप शर्मा,आजाद सिंह, पवन रस्तोगी सहित तमाम लोगों ने कावड़ियों का स्वागत किया। मण्डल के व्यवस्थापक यमुना प्रसाद, प्रेम कुमार,राम लखन, रामौतार, सत्यम सक्सेना , महात्मा शांतानंद, रमाकांत अवस्थी, भैयालाल आदि ने कांवर यात्रा को सजाने संवारने में विशेष योगदान किया।

# यमुना और बेतवा नदी में आए उफान से हमीरपुर शहर में घुसा बाढ़ का पानी

## किसानों की खरीफ की फसलें बाढ़ के पानी में हुई जलमग्न

हमीरपुर,। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में यमुना और बेतवा नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ता जा रहा है, जिससे बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। दोनों नदियां खतरे के निशान को पार कर चुकी हैं और प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद है। नदी किनारे बसे गांवों में अधिकारियों ने डेरा डाल दिया है और मुनादी कराकर लोगों से सुरक्षित स्थानों की ओर जाने की अपील की जा रही है।

यमुना और बेतवा नदियां गुरूवार को हमीरपुर में खतरे के निशान को पार कर बह रही हैं। नदियों में आए उफान के चलते जिले के निचले इलाकों खासतौर पर मुख्यालय में जलभराव और बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने 36 बाढ़ चौकियां और 28 शरण स्थल चिह्नित कर लिए हैं। पीएसी की तैनाती की गई है, ताकि प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा सके। शहर में पानी घुसने वाले मार्गों को पहले ही सील कर दिया गया है ताकि आपात स्थिति को रोका जा सके। एडीएम विजय शंकर तिवारी ने जानकारी दी कि जिले में बाढ़ से 183 गांव प्रभावित हो सकते हैं। जिसमें सदर तहसील के 90 गांव, मौदहा के 49 गांव, राठ के 20 गांव, सरीला सरीला के 24 गांव शामिल हैं। इनमें से यमुना और बेतवा नदी के किनारे बसे 34 गांव विशेष रूप से अत्यधिक प्रभावित हैं। 33 गांव सदर तहसील के हैं, जबकि एक गांव सरीला क्षेत्र का है।

ईंधन और राहत व्यवस्था पर भी प्रशासन का जोरजिले में आपात स्थिति को ध्यान में रखते हुए 68 पेट्रोल पंपों पर ईंधन का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया गया है, ताकि राहत और बचाव कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। प्रशासन ने बाढ़ संभावित गांवों में लाउडस्पीकरों के माध्यम से मुनादी शुरू कर दी है। ग्रामीणों से लगातार अपील की जा रही है कि वे अपना घर छोड़कर ऊंचाई वाले स्थानों की ओर जाएं। प्रशासन की ओर से बनाए गए शरण स्थलों पर रुके।





फोर्टिस-गंभीर विवाद मामला

## कोच को पिच देखने का पूरा अधिकार है : गिल

एजेंसी

लंदन। मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय टीम को ओवल में सरे के मुख्य ग्राउंड्समैन ली फोर्टिस द्वारा पिच को करीब से देखने से रोकने को भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने अनावश्यक करार दिया। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर और फ़ोर्टिस के बीच तब नोकझोंक हुई जब वे मुख्य स्क्वायर के आसपास भीड़ और प्रशिक्षण सामग्री होने से चिंतित थे। कथित तौर पर उन्होंने भारतीय टीम को सुझाव दिया कि उन्हें पिच से 2.5 मीटर दूर खड़े होकर पिच देखनी चाहिए। गंभीर को फोर्टिस की ओर उंगली दिखाते और बार-बार यह कहते हुए देखा गया कि वे 'सिर्फ एक ग्राउंड्समैन' हैं। गिल, जो उस घटना के दौरान मैदान पर मौजूद नहीं थे, ने ओवल में पांचवें टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा, ''कल जो हुआ, मुझे लगा कि वह बिल्कुल गैर-जरूरी था। यह पहली बार नहीं है जब हम विकेट देख रहे थे, हम लगभग दो महीने से वहां हैं। एक कोच को पूरा अधिकार है कि वह पास जाकर विकेट देख सके और मुझे नहीं लगता कि इसमें कुछ गलत है। मुझे सच में समझ नहीं आ रहा कि क्यूरेटर ने हमें विकेट देखने की इजाजत क्यों नहीं दी। गिल ने कहा कि सीरीज के पिछले चार स्थानों - हेडिंग्ले, एजबस्टन, लॉर्ड्स और ओल्ड ट्रैफर्ड - पर किसी भी क्यूरेटर ने भारतीय टीम को पिच या स्क्वायर देखने से नहीं रोका था।



गिल ने कहा, ''जहां तक मुझे याद है, हमें कभी कोई निर्देश नहीं मिले थे। अगर आप रबर स्पाइक्स पहने हों या नंगे पैर हों, तो आप विकेट को पास से देख सकते हैं। हम इस सीरीज में पहले ही चार मैच खेल चुके हैं, और हमें पिच देखने से किसी ने नहीं रोका। हम सभी ने इतना क्रिकेट खेला है, हम कोच और कप्तान समेत कई बार पिच पर गए हैं, मुझे समझ नहीं आता कि इतना हंगामा किस बात का था। भारत के सीरीज में 2-1 से पिछड़ने के बाद, आखिरी टेस्ट से पहले, गिल से पूछा गया कि क्या जरूरी मैच जीतने के दबाव ने गंभीर की प्रतिक्रिया को उकसाया होगा।

गिल ने कहा, ''बिल्कुल नहीं, अगर कोई पिच क्यूरेटर आकर हमें विकेट की तरफ देखने के बजाय तीन मीटर पीछे से देखने के लिए कहेगा, तो ऐसा हमारे साथ पहले कभी नहीं हुआ। हम इतने लंबे समय से क्रिकेट खेल रहे हैं और जब तक आप रबर स्पाइक्स पहने हुए हैं या नंगे पैर हैं, आपको विकेट को पास से देखने की इजाजत है। यह कोच और कप्तान का काम है। लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट के बाद से टीमों के बीच कई बार तीखी बहस हुई है, इसके बावजूद गिल ने कहा कि इंग्लैंड और भारत के बीच रिश्ते मजबूत बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें और उनकी टीम ने इन घटनाओं के दौरान जिस तरह का व्यवहार किया, उसका 'कोई अफसोस' नहीं है।

## टोरंटो मास्टर्स: शेल्टन ने मानारिनो के खिलाफ हार का सिलसिला तोड़ा, रूबलेव की हार्डकोर्ट पर 250वीं जीत

एजेंसी

टोरंटो। अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन ने बुधवार को टोरंटो मास्टर्स में फ्रांस के अनुभवी खिलाड़ी एड्रियन मानारिनो के खिलाफ पहली जीत दर्ज करते हुए तीसरे दौर में जगह बना ली। शेल्टन ने 56 मिनट में 6-2, 6-3 की आसान जीत हासिल की। इससे पहले दोनों आमने-सामने मुकाबलों में शेल्टन को हार का सामना करना पड़ा था। शेल्टन ने मैच के बाद कहा, ''यह जीत मेरे लिए बेहद अहम रही। वह शानदार शॉटमेकर हैं और कई बार वह आपके हाथ से रैकेट तक छीन लेते हैं। मैंने पहले भी उनके खिलाफ अच्छा खेला है लेकिन नतीजा मेरे पक्ष में नहीं रहा। पहले सेट में शेल्टन ने दो बार सर्विस ब्रेक कर बढ़त बनाई और दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली। अंतिम गेम में उन्हें हल्की परेशानी हुई जब उन्होंने डबल फॉल्ट किया, लेकिन ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए 16वें ऐस और एक शानदार सर्विस विनर के साथ मैच अपने नाम किया। शेल्टन ने कहा,



''मानारिनो के हाथ बहुत सधे हुए हैं। इसलिए सर्विस करते वक्त सटीकता बेहद जरूरी होती है। मैं खुश हूं कि मैंने आज अच्छा सर्व किया। वहीं, रूस के छठी वरीय एंड्री रूबलेव ने फ्रांस के ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराकर अपने करियर की हार्डकोर्ट पर 250वीं जीत दर्ज की। पिछले साल इस टूर्नामेंट में उपविजेता रहे रूबलेव ने 86 मिनट में चार मैच प्वाइंट्स में से एक का फायदा उठाकर मुकाबला अपने नाम किया। अब रूबलेव का सामना इटली के लोरेंजो सोनेगो से होगा, जिन्होंने चीन के बु युनचाओकेटे को 6-1, 6-4 से हराया। विंबलडन क्वार्टरफाइनलिस्ट फ्लावियो कोबोली ने वर्षा से बाधित मुकाबले में कनाडा के एलेक्सिस गालारनो को 6-4, 5-7, 6-4 से हराया। कोबोली ने अंतिम गेम में चार ऐस लगाते हुए जीत सुनिश्चित की। दूसरी ओर, कनाडा के गेब्रिएल डियालो ने इटली के माटेओ गिगांटे को 6-3, 7-6 (7/5) से हराकर घरेलू दर्शकों को खुशी का मौका दिया।

## वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025: पूर्व 100 मीटर विश्व चैंपियन फ्रेड केरली प्रतियोगिता से बाहर

एजेंसी




यूजीन (संयुक्त राज्य अमेरिका। पूर्व 100 मीटर विश्व चैंपियन फ्रेड केरली ने इस सप्ताह ओरेगन में होने वाली यूएस ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है, जिससे अब वह सितंबर में टोक्यो में होने वाली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। 2022 में विश्व चैंपियन रह चुके और दो बार के ओलंपिक 100 मीटर पदक विजेता केरली ने सोशल मीडिया पर अपने नाम वापसी की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, ल100 मीटर दौड़ एक सीधी स्प्रिंट होनी चाहिए। 2025 ने कई बाधाएं पेश की हैं। अब कुछ समय ट्रैक पर वापसी के लिए ले रहा हूं। इस साल कोई चैंपियनशिप नहीं। सभी समर्थकों का धन्यवाद। 30 वर्षीय केरली ने टोक्यो ओलंपिक में 100 मीटर में रजत पदक और 2024 पेरिस में कांस्य पदक जीता था। 2022 में उन्होंने यूजीन स्थित हेवर्ड फील्ड में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था-यही स्टेडियम इस वर्ष की यूएस चैंपियनशिप का भी आयोजन स्थल है, जो विश्व चैंपियनशिप के लिए ट्रायल्स का कार्य भी करती है। केरली ने मई में 100 मीटर दौड़ में 9.98 सेकंड का समय निकाला था, जो कि एक प्रभावशाली प्रदर्शन माना गया।

## जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में 30 टीमें भाग लेंगी

एजेंसी

काकीनाडा। हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप शुक्रवार से यहां शुरू होगी जिसमें कल 30 टीम भाग लेंगी। इस बार यह प्रतियोगिता डिवीजन आधारित प्रारूप में खेली जाएगी जिसमें टीमों को तीन डिवीजन ए, बी और सी में बांटा गया है। प्रतियोगिता 12 अगस्त तक चलेगी। ए और बी डिवीजन में सबसे नीचे रहने वाली दो टीमों को अगले वर्ष के टूर्नामेंट में क्रमशः बी और सी में रेलीगेट कर दिया जाएगा जबकि बी और सी डिवीजन की शीर्ष दो टीमों को क्रमशः ए और बी डिवीजन में जगह मिलेगी। डिवीजन ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं। इसके पूल ए में गत वर्ष की चैंपियन हॉकी झारखंड, पूल बी में पिछले वर्ष की उपविजेता हॉकी मध्य प्रदेश और पूल सी में तीसरे नंबर की टीम हॉकी हरियाणा शामिल है। डिवीजन बी और डिवीजन सी में वे टीमें शामिल हैं जो राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष 12 में नहीं हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा,




''सीनियर राष्ट्रीय और सब जूनियर राष्ट्रीय के बाद अब जूनियर राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भी नया प्रारूप लागू किया जाएगा। सीनियर और सब जूनियर दोनों टूर्नामेंट से हमें वाकई सकारात्मक परिणाम मिले हैं और हमें पूरा विश्वास है कि जूनियर घरेलू खिलाड़ी भी इस नए प्रारूप में खेलकर उतने ही खुश होंगे। डिवीजन ए- पूल एः हॉकी झारखंड, छत्तीसगढ़ हॉकी, हॉकी कर्नाटक। पूल बीः हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी पंजाब, हॉकी चंडीगढ़। पूल सीः हॉकी हरियाणा, उत्तर प्रदेश हॉकी, हॉकी बंगाल। पूल डीः हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी आंध्र प्रदेश। डिवीजन बी- पूल एः मणिपुर हॉकी, पुडुचेरी हॉकी, हॉकी उत्तराखंड, केरल हॉकी, असम हॉकी। पूल बीः हॉकी हिमाचल, दिल्ली, हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी अरुणाचल, हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार। डिवीजन सी- पूल एः दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी, जम्मू और कश्मीर, गोवा हॉकी, त्रिपुरा। पूल बीः हॉकी गुजरात, राजस्थान, हॉकी मिजोरम, तेलंगाना हॉकी।

## चार शहरों में खेली जाएगी प्रो कबड्डी लीग

मुंबई। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 12वां सत्र 29 अगस्त से शुरू होगा और इसे चार शहरों विशाखापट्टनम, जयपुर, चेन्नई और नयी दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि नए सत्र के पहले दिन विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगू टाइटन्स का सामना तमिल थलाइवाज से और बेंगलुरु बुल्स का पुनेरी पल्टन से होगा। विशाखापट्टनम में 2018 के बाद पहली बार पीकेएल के मैच खेले जाएंगे। पीकेएल का दूसरा चरण 12 सितंबर से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में आयोजित किया जाएगा, जहां टूर्नामेंट ने 2023-24 के सत्र में अपने 1,000 मैच पूरे किए थे। तीसरा चरण 29 सितंबर से चेन्नई के एसडीएटी इंडोर स्टेडियम में जबकि चौथा और अंतिम चरण 13 अक्टूबर से नयी दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

## आरबीआई की एमपीसी बैठक 4 से 6 अगस्त के बीच, रेपो रेट यथावत रहने की संभावना

एजेंसी

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक 4-6 अगस्त के बीच होने वाली है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा बैठक में लिए जाने वाले फैसलों की घोषणा 6 अगस्?त को करेंगे। अर्थशास्त्रियों ने बैठक में रेपो रेट 5.50 फीसदी पर अपरिवर्तित रहने की संभावना जताई है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अमेरिका की 25 फीसदी नए टैरिफ की घोषणा के बावजूद रिजर्व बैंक अगस्त की मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक में नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं करेगा। आरबीआई समीक्षा बैठक में रेपो रेट को 5.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रख सकता है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्?होत्रा की अध्?यक्षता में होने वाली एमपीसी की यह समीक्षा बैठक 4-6 अगस्त तक चलेगी।




आरबीआई ने यह बैठक पहले 5-7 अगस्त के लिए निर्धारित थी। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली एमपीसी ने फरवरी, 2025 से लेकर अभी तक रेपो रेट में कुल मिलाकर 100 आधार अंकों यानी एक फीसदी की कटौती की है। इससे पहले फरवरी और अप्रैल में 25 आधार अंकों की कटौती की गई थी। आरबीआई ने पहली और दूसरी एमपीसी समीक्षा बैठक में रेपो रेट में 0.25 फीसदी और तीसरी बार यानी जून में 0.50 फीसदी की कटौती की थी, जो अभी 5.50 फीसदी है।

## इफको ने केजे पटेल को अपना नया प्रबंध निदेशक नियुक्त किया

नई दिल्ली। सहकारी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) ने केजे पटेल को अपना नया प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। इफको के मौजूदा प्रबंध निदेशक डॉक्टर उदय शंकर अवस्थी 40 साल की सेवा के बाद गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं। इफको ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी को 29 जुलाई को बोर्ड ने नए एमडी का नाम तय करने के लिए अधिकृत किया था। उन्होंने केजे पटेल को नया प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। उर्वरक क्षेत्र में 32 साल से अधिक की विशेषज्ञता के साथ पटेल इफको को नवाचार, परिचालन उत्कृष्टता और किसानों एवं सहकारी समितियों के लिए बेहतर मूल्य सृजन की दिशा में आगे बढ़ाएंगे। अभी तक वे इफको के तकनीकी निदेशक का पद संभाल रहे थे। उनको उर्वरक उद्योग में फील्ड और



ऑफिस वर्क का व्यापक अनुभव है। पटेल ने सौराष्ट्र विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियर की डिग्री हासिल की है। उन्हें नाइट्रोजन और फॉस्फ़ेट उर्वरक संयंत्रों के रखरखाव में 32 वर्षों से अधिक का समृद्ध अनुभव है। इफको के मौजूदा प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉक्टर उदय शंकर अवस्थी 40 साल की सेवा के बाद आज सेवानिवृत हो गए हैं।

## ट्रंप के दबाव के बावजूद फ़ेडरल रिजर्व ने नहीं घटायी ब्याज दर

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव को दरकिनार करते हुये बुधवार को नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। फ़ेडरल मुक्त बाजार समिति (एफओएमसी) की बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया है कि वह अधिकतम रोजगार और दीर्घावधि में दो प्रतिशत मुद्रास्फीति दर का लक्ष्य हासिल करना चाहती है। उसने कहा कि आर्थिक परिदृश्य को लेकर अनिश्चितताएँ बढ़ गयी हैं। समिति ने कहा कि उसने फ़ेडरल फंड के लिए 4.25 से 4.5 प्रतिशत ब्याज दर बनाये रखने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि श्री ट्रंप चाहते थे कि फ़ेड नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करे। वह पिछले सप्ताह फ़ेडरल रिजर्व के मुख्यालय भी गये थे, जो आम तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं करते। उन्होंने बुधवार सुबह ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में भी लिखा, ''दूसरी तिमाही के जीडीपी के आँकड़े आ गये हैं: 3 प्रतिशत, उम्मीद से कहीं बेहतर। ''पहले ही बहुत देर हो चुकी है'', अब दरों में कटौती करें। कोई मुद्रास्फीति नहीं! लोगों को अपना घर खरीदने दें और रिफाइनेंस करने दें। फ़ेड ने अपने बयान में माना है कि मुद्रास्फीति में कुछ सुधार हुआ है, बेरोजगारी दर कम है और श्रम बाजार की स्थिति मजबूत है, हालाँकि हालिया संकेतक बताते हैं कि साल की पहली छमाही में आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती आयी है। बयान में कहा गया है कि समिति आने वाले समय में आँकड़ों पर नजर रखेगी और मौद्रिक नीति के रुख में उचित बदलाव के लिए तैयार रहेगी। बैठक में फ़ेड के अध्यक्ष जेरोम पावेल और उपाध्यक्ष जॉन विलियम्स समेत नौ सदस्यों ने दरें स्थिर रखने के पक्ष में मत दिया। दो सदस्य दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती के पक्ष में थे जबकि एक सदस्य बैठक में अनुपस्थित थीं और वोट नहीं करने का फैसला किया।

## सर्राफा बाजार में मामूली तेजी सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। कीमत में उछाल के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,490 रुपये से लेकर 1,00,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 92,110 रुपये से लेकर 92,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,17,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 92,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक



राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,00,490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,110 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,00,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 92,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 92,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,00,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,00,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत अंडर-19 की अगुवाई करेंगे म्हात्रे

**मुंबई।** मुंबई के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत अंडर-19 दल की अगुवाई करेंगे जो कि 21 सितंबर से शुरू होगा। 17 सदस्यीय दल में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को भी जगह मिली है। भारत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कुल पांच मैच खेलेगा जिसकी शुरुआत तीन वनडे मैच से होगी। तीनों मुकाबले नॉर्थ्स में 21, 24 और 26 सितंबर को खेले जाएंगे। इसके बाद दो चार दिवसीय मैच 30 सितंबर और 7 अक्टूबर से मैके में शुरू होंगे। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर गए दल में से मौल्यराजसिंह चावड़ा, युद्धजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र और मोहम्मद एनान शामिल नहीं हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयनित दल में वेदांत त्रिवेदी, खिलन पटेल, उधव मोहन और अमन चौहान को जगह दी गई है। खिलन दाएं पैर में स्ट्रेस रिएक्शन के चलते इंग्लैंड दौरे पर दल का हिस्सा नहीं बन पाए थे। इंग्लैंड दौरे पर प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले पंजाब के शीर्ष क्रम बल्लेबाज विहान मल्होत्रा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। इंग्लैंड में चार दिवसीय दोनों मैचों में म्हात्रे ने कुल चार पारियों में सर्वाधिक 340 रन बनाए थे और वनडे मुकाबलों में सूर्यवंशी ने पांच पारियों में सर्वाधिक 355 रन बनाए थे। दोनों चार दिवसीय मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए थे जबकि वनडे सीरीज को भारत ने 3-2 से अपने नाम किया था। ऑफ़ स्पिनर कनिष्क चौहान ने वनडे सीरीज़ में भारत की ओर से सर्वाधिक विकेट लिए थे जबकि चार दिवसीय मुक़ाबलों में तेज गेंदबाज आर एस अंबरीश ने छह विकेट चटकाते हुए प्रभावित किया था। पिछले साल सितंबर-अक्टूबर में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर पर वनडे और चार दिवसीय मुक़ाबलों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। भारत अंडर-19 दल : आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडु (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर एस अंबरीश, कनिष्क चौहान, नमन पुष्पक, हेनिल पटेल, डी दीपेश, किशन कुमार, अनमोलजीत सिंह, खिलन पटेल, उधव मोहन, अमन चौहान स्टैंडबाय खिलाड़ी : युद्धजीत गुहा, लक्ष्मण, बी के किशोर, अलंकृत रपोले. अर्णव बग्गा।

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को एशेज में दर्शकों का नया रिकॉर्ड बनने की उम्मीद

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट श्रृंखला में रोमांचक मुकाबलों का आगामी एशेज श्रृंखला पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और उन्हें इसमें रिकॉर्ड संख्या में दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला नवंबर में शुरू होगी। ग्रीनबर्ग को उम्मीद है कि एशेज में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) 2024-25 के दौरान 837,879 कुल दर्शकों की संख्या को पार कर जाएगी। ग्रीनबर्ग ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा, ''यह शानदार है। एक प्रशंसक के तौर पर यह क्रिकेट (एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही श्रृंखला) देखने लायक है। इसका एशेज पर भी प्रभाव पड़ेगा और हमारे खूब टिकट बिकेंगे। ऑस्ट्रेलियाई इतिहास में एशेज के अलावा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला को सबसे अधिक दर्शकों ने देखा। एशेज का रिकॉर्ड 946,750 दर्शकों का है, जो 1936-37 एशेज के दौरान बना था, जब सर डोनाल्ड ब्रैडमैन अपने चरम पर थे। ग्रीनबर्ग ने कहा, ''मुझे यकीन है कि हमारे अंग्रेज़ दोस्त एशेज देखने के लिए आएंगे। हम इसका बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। मुझे उनका क्रिकेट खेलने का तरीका बहुत पसंद है और मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि वे हमारे मैदानों पर कैसा प्रदर्शन करते हैं।''

### मेस्सी के आखिरी पल में किए गए करिश्मे से जीता इंटर मियामी

**मियामी।** लियोनेल मेस्सी के मैच के अंतिम पलों में दिखाए गए करिश्मे की मदद से इंटर मियामी ने लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में एटलस को 2-1 से हरा दिया। मेजर लीग सॉकर द्वारा ऑल-स्टार भाग नहीं देने के कारण एक मैच के लिए निलंबित किए जाने के बाद मेस्सी और उनके साथी जोर्डी अल्बा का यह पहला मैच था। उन्होंने स्टॉपेज टाइम के आखिरी मिनट में मार्सेलो वीगन्ड्ट की विजयी गोल करने में मदद की। वीडियो समीक्षा प्रणाली के बाद ही यह गोल मान्य माना गया। मेस्सी ने इससे पहले 58वें मिनट में टेलास्को सेगोविया के गोल में भी मदद की थी। रिवाल्डो लोज़ानो ने 80वें मिनट में एटलस की तरफ से बराबरी का गोल किया। इस मैच में अर्जेंटीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल ने इंटर मियामी के लिए पदार्पण किया। मेस्सी के राष्ट्रीय टीम के साथी डी पॉल ने पिछले हफ्ते क्लब के साथ आधिकारिक तौर पर करार किया था।

# वाराणसी में 2200 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र उत्तर प्रदेश के वाराणसी में लगभग 2200 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

इस अवसर पर वह उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। ये परियोजनाएँ बुनियादी ढाँचे, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, शहरी विकास और सांस्कृतिक विरासत सहित कई क्षेत्रों को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं और इनका उद्देश्य वाराणसी में समग्र शहरी परिवर्तन, सांस्कृतिक कायाकल्प, बेहतर कनेक्टिविटी और जीवन स्तर में सुधार लाना है। वाराणसी में सड़क संपर्क में सुधार की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री कई प्रमुख बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे वाराणसी-भदोही मार्ग और छितौनी-शूल टंकेश्वर मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का उद्घाटन करेंगे और मोहन सराय-अदलपुरा मार्ग पर भीड़भाड़ कम करने के लिए हरदत्तपुर में रेलवे ओवरब्रिज का भी उद्घाटन करेंगे। वह दालमंडी, लहरतारा-कोटवा, गंगापुर, बाबतपुर सहित कई ग्रामीण और शहरी गलियारों में व्यापक सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण तथा लेवल क्रॉसिंग 22 सी और खालिसपुर यार्ड पर रेलवे ओवरब्रिज की आधारशिला रखेंगे। क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री स्मार्ट वितरण परियोजना के तहत विभिन्न कार्यों और 880 करोड़ रुपये से अधिक लागत के बिजली के बुनियादी ढांचे को भूमिगत करने का शिलान्यास करेंगे। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नदी के किनारे स्थित आठ कच्चे घाटों के पुनर्विकास, कालिका धाम में विकास कार्यों, रंगीलदास कुटिया, शिवपुर में तालाब और घाट के सौंदर्यीकरण और दुर्गाकुंड के जीर्णोद्धार और जल शोधन का उद्घाटन करेंगे। वह कर्दमेश्वर महादेव मंदिर में जीर्णोद्धार कार्य , कई स्वतंत्रता सेनानियों की जन्मस्थली करखियांव के विकास , सारनाथ, ऋषि मांडवी और रामनगर क्षेत्रों में शहर सुविधा केंद्रों की आधारशिला रखेंगे, लमही में मुंशी प्रेमचंद के पैतृक घर का पुनर्विकास और संग्रहालय के रूप में उसका उन्नयन भी इन परियोजनाओं में शामिल है। वह कंचनपुर में शहरी मियावाकी वन के विकास और शहीद उद्यान तथा 21 अन्य पार्कों के पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण की आधारशिला भी रखेंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण जल निकायों के संरक्षण के लिए, प्रधानमंत्री रामकुंड, मंदाकिनी, शंकुलधारा आदि सहित विभिन्न कुंडों में जल शोधन और रखरखाव कार्यों की आधारशिला रखेंगे। साथ ही चार तैरते पूजन मंचों की स्थापना भी करेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत 47 ग्रामीण पेयजल योजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नगरपालिका सीमा के अंदर 53 स्कूल भवनों के उन्नयन का उद्घाटन करेंगे। वह कई शैक्षिक परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे, जिनमें एक नए जिला पुस्तकालय का निर्माण और जखिनी लालपुर में सरकारी उच्च विद्यालयों का कायाकल्प शामिल है। स्वास्थ्य अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए, प्रधानमंत्री महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र और होमी भाभा कैंसर अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी और सीटी स्कैन सुविधाओं सहित उन्नत चिकित्सा उपकरणों की स्थापना का उद्घाटन करेंगे। वह एक होम्योपैथिक कॉलेज और अस्पताल की आधारशिला भी रखेंगे। वाराणसी में विश्व स्तरीय खेल अवसंरचना को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल स्टेडियम में एक सिंथेटिक हॉकी टर्फ का उद्घाटन करेंगे।

# देश पर हिंदू आतंकवाद को थोपने का कांग्रेस का षड्यंत्र विफल हुआ: भाजपा

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मालेगांव बम विस्फोट के मुद्दे पर कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया है और कहा है कि देश पर हिंदू आतंकवाद को जबरन थोपने का उसका षड्यंत्र धराशायी हो गया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि शंकर प्रसाद ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की अदालत का फैसला आने के बाद गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज एक ऐतिहासिक दिन है। हिंदू आतंकवाद को देश के ऊपर जबरन थोपने का जो कांग्रेस पार्टी का षडयंत्र था, वो आज धराशायी हो गया। उन्होंने कहा, ल्लये बात हम बहुत जिम्मेवारी के साथ कहना चाहते हैं कि मालेगांव विस्फोट मामले में अदालत के फैसले में में कहा गया है कि किसी भी आरोपी के खिलाफ कोई पर्याप्त सबूत नहीं है। अभियोजन पक्ष मामले को साबित नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि इस मामले में सेना के वरिष्ठ अधिकारी रहे कर्नल पुरोहित आरोपी थे, जिन्होंने कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ी हैं, उनको फंसाया गया। उनके घर से आरडीएक्स निकला था। वहीं, पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर को लेकर कहा गया कि उनकी मोटरसाइकिल से बम लाया गया था। उन्हें 10-12 दिन तक इतना प्रताड़ित किया गया कि उनका चलना भी मुश्किल हो गया था। इस मामले में सेना के कई पदाधिकारी तथा और अन्य लोगों को फंसाया गया। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि यह मामला कांग्रेस की सोची-साची रणनीति थी और विशुद्ध रूप से वोट बैंक की राजनीति के लिए रचि गयी थी। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने 25 अगस्त, 2010 को पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए 'भगवा आतंकवाद' का मुद्दा उठाया था। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री रहते हुए सुशील कुमार शिंदे ने भी 'भगवा आतंकवाद' का ज़िक्र किया था। उन्होंने कहा, ल्लआपको यह भी याद होगा कि मौजूदा समय में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कैसे कहा था कि हिंदू आतंकवाद लश्कर-ए-तैयबा से भी ज़्यादा ख़तरनाक है। उन्होंने इस मामले को लेकर श्री राहुल गांधी और श्रीमती सोनिया गांधी से माफी की मांगने की मांग की।

# मोदी ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया : राहुल

एजेंसी



नयी दिल्ली। कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि आज सबसे बड़ी समस्या देश की आर्थिक नीति, रक्षा नीति और विदेश नीति की है जिसे मोदी सरकार ने बर्बाद कर दिया है। श्री गांधी ने संसद भवन परिसर में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुये सरकार पर तीखा हमला करते हुये कहा ल्लप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आर्थिक नीतियां पूरी तरह विफल हो गई है और उसने देश की अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया है। भारतीय अर्थव्यवस्था मर चुकी है। मोदी ने इसे खत्म कर दिया है। इस राज में अडानी-मोदी साझेदारी, नोटबंदी और त्रुटिपूर्ण जीएसटी, असफल असेम्बल इन इंडिया, एमएसएमई का सफाया, किसान कुचले गए हैं। मोदी ने भारत के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है क्योंकि नौकरियाँ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आज देश की सबसे बड़ी समस्या देश की आर्थिक नीति, रक्षा नीति और विदेश नीति है जिसे मोदी सरकार ने बर्बाद कर दिया है। श्री मोदी इस देश को बर्बाद कर रहे हैं। वह सिर्फ एक ही व्यक्ति अडानी के लिए काम करते हैं। इन लोगों ने सारे के सारे छोटे कारोबार खत्म कर दिए हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था आज एक मृत अर्थव्यवस्था बन गयी है। उन्होंने एक अन्य सवाल पर कहा ल्लभारत एक मृत अर्थव्यवस्था है, क्या आप लोगों को इसकी जानकारी नहीं है। पूरी दुनिया जानती है- भारत की इकॉनामी 'डेड इकानामी है और भाजपा ने देश की इकॉनामी को खत्म किया है। क्यों खत्म किया है- अडानी की मदद करने को खत्म किया है। विदेश मंत्री भाषण देते हुए कहते हैं कि हमारी विदेश नीति बहुत ही शानदार है। एक तरफ अमेरिका, भारत को भला-बुरा कह रहा है तो दूसरी तरफ चीन हमारे पीछे पड़ा है। जब आप अपना डेलिगेशन दुनिया भर में भेजते हैं, तो कोई भी देश पाकिस्तान की निंदा नहीं करता। कंग्रेस नेता ने श्री मोदी पर हमला करते हुये कहा कि ये देश को कैसे चला रहे हैं- इन्हें देश चलाना ही नहीं आता, पूरी तरह से भ्रमित हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपने भाषण में ट्रंप और चीन का नाम नहीं लेते। जिस पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने पहलगाम में हमला करवाया वह राष्ट्रपति ट्रंप के साथ लंच कर रहे हैं और हमारी सरकार कह रही है कि हमें बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने कहा ल्ल आश्चर्य की बात यह है कि श्री ट्रंप ने 30-32 बार कहा है कि उन्होंने दोनों देशों के बीच सैन्य कार्रवाई को रुकवाया है। उन्होंने यह भी कहा है कि पांच विमान गिरे हैं और अब वो 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात बोल रहे हैं। बड़ा सवाल है कि श्री मोदी इन सवालों का जवाब क्यों नहीं दे पा रहे हैं। नियंत्रण किसके हाथ में है यह बात समझने की है।

# तेलंगाना विधायकों की आयोग्यता विवाद पर विस अध्यक्ष तीन महीने में फैसला करें: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना सत्तारूढ़ कंग्रेस पार्टी में शामिल हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के 10 विधायकों के खिलाफ लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर तीन महीने में निर्णय लेने का राज्य विधानसभा अध्यक्ष को गुरुवार को निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ यह निर्देश देते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस मुद्दे पर उनकी नोटिस के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सात महीने बाद ही संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि विधायक सुनवाई में शामिल होने में किसी तरह से कोई भी टालमटोल करते हैं, तो उनके खिलाफ प्रतिकूल निष्कर्ष निकाला जा सकता है। न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि संसद को विधायकों की अयोग्यता की वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा करनी चाहिए क्योंकि विधानसभा अध्यक्ष लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा करने वाले दलबदलुओं के खिलाफ कार्रवाई को विफल करने के लिए ऐसी कार्यवाही (सुनवाई और फैसला) में अत्यधिक देरी करते हैं। पीठ ने तेलंगाना उच्च न्यायालय की खंडपीठ के 22 नवंबर, 2024 के फैसले के खिलाफ दायर बीआरएस नेता पाडी कौशिक रेड्डी और के टी रामा राव की अपील को स्वीकार कर लिया। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय की खंडपीठ के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें अध्यक्ष को चार हफ्तों के भीतर सुनवाई के लिए तारीखें तय करने के एकल पीठ के निर्देश को रद्द कर दिया गया था। दोनों बीआरएस नेताओं की याचिका में सत्तारूढ़ कंग्रेस में शामिल होने वाले 10 विधायकों के खिलाफ लंबित अयोग्यता कार्यवाही पर तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष द्वारा समय पर कार्रवाई करने की मांग की गई थी। शीर्ष अदालत ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्यता कार्यवाही में निर्णायक भूमिका में कार्य करते हैं। इस भूमिका विधानसभा अध्यक्ष उच्च न्यायालय और शीर्ष न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के अधीन एक न्यायाधिकरण के रूप में भी कार्य करते हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि विधानसभा अध्यक्ष को ऐसे मामलों में कोई संवैधानिक छूट प्राप्त नहीं है। शीर्ष अदालत ने यह तथ्य पर गौर करते हुए कि राजनीतिक दलबदल राष्ट्रीय चर्चा का विषय रहा है और अगर इसे रोका नहीं गया तो यह लोकतंत्र के लिए बाधा बन सकता है। अदालत ने कहा कि किसी भी विधायक को अध्यक्ष के समक्ष लंबित अयोग्यता कार्यवाही को लंबा खींचने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

## ईडी नक्सलियों के खिलाफ ज्वाइंट एक्शन में शामिल होगा

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी अब छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त अभियान में शामिल होगा। यह फैसला यहां हुई उच्चस्तरीय बैठक में 'प्लान ऑफ एक्शन टू नक्सल' पर चर्चा के दौरान इस संबंध में फैसला लिया गया। नक्सलियों के खिलाफ 'ज्वाइंट एक्शन' को लेकर हुई उच्च स्तरीय बैठक में चर्चा के दौरान इस संबंध में फैसला लिया गया कि अब संयुक्त आपरेशन में ईडी भी शामिल होगी। बैठक में छत्तीसगढ़ के अलावा झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, तेलंगाना,आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के आईजी, और डीआईजी मौजूद थे। इस दौरान ईडी और एनआईए के अफसर से हाल में टेरर फंडिंग को लेकर हुए खुलासे पर चर्चा भी की गयी। इसके साथ ईडी और एनआईए के ज्वाइंट ऑपरेशन में शामिल होने पर जोर दिया गया। पूरी बैठक आईबी के स्पेशल डायरेक्टर ऋत्विक रूद्र ने ली। इस संबंध में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि ईडी का काम अगर ऐसे मामलों में वित्तीय लेनदेन है, तो उसे रोकना है। ये आईबी की भी सूचना हो सकती है कि लेनदेन की जानकारी निकाल लें। विभिन्न एजेंसियां ये काम करती हैं। ये दिखता है कि मामला ईडी को दिए जाने लायक है तो दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चाहे नक्सलियों का अर्बन, लीगल, फाइनांसियल या रूरल बेस हो, सब पर एजेंसियां काम कर रही हैं।

## भारत के लिए अमेरिका-चीन-पाकिस्तान का गठबंधन खतरनाक : खरगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों पर चुप्पी साधने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समझ लेना चाहिए कि भारत के खिलाफ अमेरिका पाकिस्तान तथा चीन का गठजोड़ बन रहा है और यह अत्यंत खतरनाक है। श्री खरगे ने कहा कि सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर श्री ट्रंप के बयानों पर श्री मोदी ने संसद में मौन व्रत धारण कर रखा था। सवाल है कि अब श्री ट्रंप ने भारत पर जो बेबुनियाद आरोप लगाए हैं, क्या उस पर भी प्रधानमंत्री चुप रहेंगे। देश सबसे पहले है और हम देश के साथ हैं। श्री ट्रंप ने हमारे ऊपर 25 प्रतिशत आयात शुल्क और जुर्माना थोपा है। इससे देश के व्यापार को नुकसान होगा, एमएसएमई और किसानों पर भी बुरा असर पड़ेगा। कई उद्योगों को भारी क्षति होगी। आपके मंत्रीगण महीनों से अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने की बात कर रहें हैं। कुछ तो कई दिनों तक वाशिंगटन में डेरा डाले बैठे रहे। आपके दोस्त 'नमस्ते ट्रम्प' और 'अबकी बार ट्रम्प सरकार' ने आपकी दोस्ती का हमारे देश को ये सिला दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने आयात शुल्क की जो वजह बताई है कि वे सब चौंकाने वाली है। आयात शुल्क लगाने की वजह उन्होंने भारत द्वारा रूस से तेल आयात, भारत द्वारा रूस से हथियारों की खरीद, भारत का ब्रिक्स का सदस्य होना, ब्रिक्स का अमेरिकी डॉलर पर हमला बताया है। ये भारत की रणनीतिक स्वतंत्रता वाली राष्ट्रीय नीति पर कड़ा प्रहार है। इतिहास गवाह है गुट निरपेक्ष हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण नीति रहा है।

# पेज एक का शेष

### एआई की मदद से ...

की भविष्य की मांग का आंकलन करते हुए युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें रोजगार दिलाया जाएगा। सभी जिलों में मुख्य विकास अधिकारियों को यह कार्य सौंपा गया है। वहीं टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड आईटीआई में अल्पकालीन कोर्स भी शुरू करेगा। वहीं प्रशिक्षण प्रदाताओं को महिलाओं को 33 प्रतिशत व दिव्यांगों को पांच प्रतिशत आरक्षण देने के निर्देश दिए गए हैं। आईटीआई के साथ-साथ सीपेट व यूपीआईसीओ जैसी विशिष्ट संस्थाओं को 810 लक्ष्य दिए गए हैं।

### एसपी गोयल...

मनोज कुमार सिंह 30 जून 2024 को मुख्य सचिव बनाए गए थे। बतौर मुख्य सचिव उनका कार्यकाल 13 माह का रहा। उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त मुख्य सचिव एसपी गोयल ने गुरुवार शाम पदभार ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास जाकर मुलाकात की। इससे पूर्व मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश को नंबर वन बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास करूंगा । जॉइनिंग के दौरान उनके साथ निवर्तमान मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद भी मौजूद थे। जैसे ही गोयल के नया मुख्य सचिव बनने की घोषणा हुई वैसे ही लोकभवन में शीर्ष आईएएस अधिकारियों का जमावड़ा लग गया। नए मुख्य सचिव के तौर पदभार संभालने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा निवर्तमान मुख्य सचिव के काम की सराहना की और कहा कि उनका अनुसरण करने का प्रयास करूँगा। एस पी गोयल ने कहा कि, जिस तरह से निवर्तमान मुख्य सचिव कार्य कर रहे थे इस कार्य को आगे बढ़ते हुए प्रदेश को नंबर वन राज्य बनाने की राह पर आगे ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें सरकार और अपने सहयोगियों से मुख्य सचिव के पद पर रहते हुए जबरदस्त मदद मिली और जिसका फायदा उठाते हुए उन्होंने राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि उनके काम के तरीके का मैं अनुसरण करूंगा और हर संभव प्रयास करूंगा कि अच्छे से अच्छा कार्य करते हुए सहयोगियों की मदद ली जाए. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को नंबर वन बनाने की दिशा में मैं हर संभव प्रयास करूंगा।

### मालेगांव ब्लास्ट...

इंटरसेप्शन और अन्य सबूतों का हवाला दिया था। अभियोजन पक्ष ने एटीएस जांच पर भी भरोसा किया, जिसमें कथित तौर पर सुधाकर चतुर्वेदी के आवास पर आरडीएक्स पाया गया था, जो कथित तौर पर नासिक के देवलाली कैंट एरिया में रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित के इशारे पर काम कर रहा था। अविनाश रसाल ने दलील दी कि प्रासंगिक, स्वीकार्य, ठोस, भरोसेमंद सबूतों के आधार पर अभियोजन पक्ष ने निर्णायक रूप से और ठोस रूप से महत्वपूर्ण परिस्थितियों को स्थापित किया है, जिससे अभियुक्त के खिलाफ मामला साबित करने के लिए घटनाओं की पूरी सीरीज बनाई जा सके। मुकदमे के दौरान, जहां 39 गवाह मुकर गए, वहीं एक महत्वपूर्ण नुकसान कुछ एक्स का हुआ जो टूटी हुई पाई गईं। इन सीडी में ठाकुर, पुरोहित और अन्य लोगों की कुछ साजिश बैठकों के वीडियो फुटेज थे और इन्हें स्वयंभू धर्मगुरु और आरोपी सुधाकरधर द्विवेदी ने गुप्त रूप से रिकॉर्ड किया था। हालांकि, अदालत की ओर से ये सीडी पेश किए जाने से पहले ही ये टूटी पाई गईं और उनकी कॉपी हासिल करने की कोई कोशिश नहीं की गई। इस मामले में, जहां अभियोजन पक्ष ने उस बाइक को, जिस पर बम बंधा हुआ था, प्रज्ञा ठाकुर का बताया। वहीं उनके वकील जेपी मिश्रा ने गवाहों के विभिन्न बयानों का हवाला दिया, जिनके बारे में उन्होंने कहा कि इससे इस बात पर शक पैदा होता है कि वाहन असल में ठाकुर का था या नहीं। वाहन का चेसिस बुरी तरह मिटा दिया गया था और टूटी हुई बाइक की पहचान करना मुश्किल था। इसके अलावा साध्वी ने कहा था कि उन्होंने सभी सांसारिक बंधन तोड़कर अपना वाहन दे दिया था। हालांकि, अभियोजन पक्ष ने कहा कि जब प्रज्ञा ठाकुर ने अपना दोपहिया वाहन बेचा था, जैसा कि वह दावा करती हैं, तो कागजों पर स्वामित्व का ट्रांसफर होना चाहिए था, जो इस मामले में नहीं किया गया है। दूसरी ओर, पुरोहित के वकील विरल बाबर ने दलील दी कि अधिकारी को अगवा कर उन्हें प्रताड़ित किया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि एटीएस अधिकारियों की ओर से सेना के अधिकारियों सहित गवाहों को बयान देने के लिए प्रताड़ित किया गया था। न्यायाधीश ने बाबर से पूछा कि गवाहों ने इसकी शिकायत क्यों नहीं की, जिस पर उन्होंने जवाब दिया कि उनमें से एक गवाह मानवाधिकार आयोग गया था, लेकिन कुछ नहीं हुआ। अभियोजन पक्ष द्वारा देखे गए अभियुक्तों के सीडीआर के बारे में वकील बाबर ने बताया कि उनके पास धारा 65बी सर्टिफिकेट नहीं था, इसलिए अदालत ने सीडीआर पर विचार ही नहीं किया। एविडेंस एक्ट तहत, यह सर्टिफिकेट इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को प्रमाणित करने के लिए जरूरी दस्तावेज़ है। बाबर ने अभियोजन पक्ष के इस थ्योरी को साबित करने के लिए गवाहों और सबूतों के अभाव की ओर इशारा किया था कि पुरोहित ने 80 किलोग्राम आरडीएक्स जमा किया था और इसका इस्तेमाल चतुर्वेदी के देवलाली स्थित आवास पर बम बनाने के लिए किया गया था और इसे विस्फोट के लिए मालेगांव लाया गया था।

### 'भगवा आतंकवाद' जैसा...

मौर्य ने लिखा कि तत्कालीन केंद्र में यूपीए सरकार और महाराष्ट्र में कंग्रेस-एनसीपी सरकार ने धतकर्म करते हुए इस ब्लास्ट के ज़रिए भगवा आतंकवाद की थ्योरी गढ़ते हुए मुख्य गुनाहगारों को पकड़ने के बजाय हिंदुओं को गिरफ़्तार कर उन पर जबरन गुनाह स्वीकर करने का दबाव डाला था। गांधी परिवार व कंग्रेस अपनी स्थापना से ही लगातार हिंदुओं का दुश्मन रहा है। उसके निशाने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रहा है जिसकी धुरी में ही राष्ट्रवाद है और कंग्रेस को यह चुभता रहा है।

### 15 एएसपी के...

के एएसपी अशोक कुमार यादव को यहीं की विंग ईओडब्ल्यू का एएसपी, बदायूं के एएसपी ग्रामीण कृष्ण कंत सरोज को विजिलेंस मेरठ का एएसपी, अभिसूचना मेरठ के एएसपी डॉ. राजीव कुमार सिंह को विजिलेंस का एएसपी बनाया गया है।

### कैबिनेट ने 11 हजार...

सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव संचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़ को कम करने के लिए निर्मित किए गए हैं। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री श्री मोदी के नवीन भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को ''आत्मनिर्भर'' बनाने के साथ-साथ रोजगार/स्वरोजगार के अवसर भी सृजित करेंगी। श्री वैष्णव ने कहा कि परियोजनाओं की योजना पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान पर बनाई गई है, जिसमें एकीकृत योजना और हितधारक परामर्श के माध्यम से मल्टी-मोडल संपर्कता और रसद दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। ये परियोजनाएं लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध संपर्कता प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली चार परियोजनाओं से भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 574 किलोमीटर की वृद्धि होगी। प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 2309 गांवों तक संपर्क बढ़ेगा, जिनकी जनसंख्या लगभग 43.60 लाख है। ये कोयला, सीमेंट, क्लिंकर, जिप्सम, फ्लाई ऐश, कंटेनर, कृषि उत्पाद और पेट्रोलियम उत्पादों आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। रेल मंत्री के अनुसार क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 95.91 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) सामान की आवाजाही होगी। रेलवे, पर्यावरण अनुकूल और ऊर्ज़ा कुशल परिवहन माध्यम होने के कारण, जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की रसद लागत को कम करने, तेल आयात (16 करोड़ लीटर) कम करने और कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जन (515 करोड़ किलोग्राम) कम करने में मदद करेगा, जो 20 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

'पेयरिंग' से बदलेगा...

हो, इसका पूरा ध्यान रखा गया है। जिन विद्यालयों की भौगोलिक स्थिति, जैसे नदियां, रेलवे क्रॉसिंग या हाईवे आदि से बाधित हो सकती थी, उन्हें इस प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया है। किसी भी प्रकार की विसंगति की स्थिति में तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। शिक्षकों और रसोइयों की भूमिका इस प्रक्रिया में यथावत रहेगी। किसी भी पद को समाप्त नहीं किया जा रहा है। बल्कि इस योजना के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जहां 50 तक छात्र नामांकित हैं, वहां तीन शिक्षकों की अनिवार्य तैनाती की जाएगी। 50 से अधिक नामांकन वाले विद्यालयों में निर्धारित मानकों के अनुरूप शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय विकसित किए जा रहे हैं, जो आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त होंगे और जहां प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक की शिक्षा एकीकृत रूप से दी जाएगी। इसी क्रम में चयनित विद्यालयों को स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, साइंस-मैथ लैब और खेल सामग्री जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।

प्रदेश के कक्षा 1 से 8 तक के सभी छात्रों को यूनिफॉर्म, बैग, स्वेटर, जूते-मोजे और स्टेशनरी के लिए 1200 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। इस वर्ष अब तक 1200 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्थानांतरित की जा चुकी है।

### अमेरिका ने 6 भारतीय...

एंड कंपनी, परसिस्टेंट पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड, अल्केमिकल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, जुपिटर डाईकेम प्राइवेट लिमिटेड और कंचन पॉलीमर्स के नाम शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने पहले से ही ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध लगाया हुआ है, जिसमें पेट्रोलियम सेक्टर में होने वाला व्यापार भी शामिल है। अमेरिका का आरोप है कि प्रतिबंधित की गई भारतीय कंपनियों को पता था कि वे ईरान से पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल प्रोडक्ट्स खरीद कर ईरान पर अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रही हैं। इन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद अमेरिका या अमेरिका के नियंत्रण वाले क्षेत्र में इन कंपनियों की परिसंपत्तियों को फ्रीज कर दिया जाएगा। इसके साथ ही अगर इन कंपनियों की पार्टनरशिप वाली कोई कंपनी अमेरिका या अमेरिका के नियंत्रण वाले क्षेत्र में काम कर रही हैं, तो वे कंपनियां भी प्रतिबंध के दायरे में आ जाएगी। हालांकि ये प्रतिबंध तभी लागू माना जाएगा, जबकि पार्टनरशिप फर्म में प्रतिबंधित भारतीय कंपनी की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत या उससे अधिक की हो। आरोप के मुताबिक ग्लोबल इंडस्ट्रियल केमिकल्स लिमिटेड ने जुलाई 2024 से जनवरी 2025 के बीच ईरान से 510 लाख डॉलर से अधिक का मेथेनॉल और दूसरे पेट्रोकेमिकल प्रोडक्ट्स की खरीदारी की। इसी तरह अल्केमिकल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड पर 2024 में जनवरी से दिसंबर के दौरान ईरान से 840 लाख से अधिक का पेट्रोल केमिकल उत्पाद खरीदने का आरोप है। इसके अलावा रमणीक लाल एस गोसालिया एंड कंपनी पर ईरान से 220 लाख से अधिक का मेथेनॉल और दूसरे पेट्रोलियम प्रोडक्ट खरीदने का आरोप लगाया गया है। वहीं, परसिस्टेंट पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड पर अक्टूबर से दिसंबर 2024 के बीच 140 लाख डॉलर का मेथेनॉल खरीदने का आरोप है। इसी तरह जुपिटर डाइकिन प्राइवेट लिमिटेड पर ईरान से 490 लाख डॉलर से अधिक कीमत का आयात करने का आरोप लगा है, जबकि कंचन पॉलीमर्स पर ईरान से 13 लाख डॉलर से अधिक कीमत का पॉलिथीन खरीदने का आरोप लगाया गया है। अमेरिका का आरोप है कि ईरान दुनिया में अस्थिरता पैदा करने वाली गतिविधियों के लिए पैसा इकट्ठा करने में लगा हुआ है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय का ये भी कहना है कि दुनिया में अस्थिरता बढ़ाने के लिए ईरान मिडिल ईस्ट में संघर्ष को प्रत्यक्ष और परोक्ष तरीके से प्रोत्साहित कर रहा है। इसीलिए अमेरिका ईरान के साथ व्यापारिक संबंध रखने वाली कंपनियां पर सख्त कदम उठा रहा है, ताकि ईरान दुनिया भर में आतंकवाद और अस्थिरता को बढ़ावा देने के लिए धन संग्रह ना कर सके। हालांकि अमेरिका की ओर से ये भी स्पष्ट किया गया है कि भारत की 6 कंपनियों समेत दुनिया भर की 20 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने का उद्देश्य उन्हें दंडित करना नहीं, बल्कि उन्हें अपने व्यापारिक व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करना है। अमेरिका ने इसके साथ ही ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के पॉलिटिकल एडवाइजर अली शमखानी के बेटे मोहम्मद हुसैन शमखानी से जुड़े 50 लोगों और कंपनियों पर भी प्रतिबंध लगाया है। इसके अलावा संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले भारतीय मूल के पंकज नागजी भाई पटेल पर भी प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया गया है। आरोप है कि पंकज नागजी भाई पटेल मोहम्मद हुसैन शमखानी की टेओडोर शिपिंग कंपनी से जुड़े रहे हैं।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने मुजफ्फरपुर जिले में 574.16 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को मुजफ्फरपुर के भगवानपुर चौक के पास आयोजित कार्यक्रम में 574.16 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया।

इसके अंतर्गत 167.68 करोड़ रुपये की लागत से रामदयालु नगर-मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन के बीच माड़ीपुर पावर हाऊस चौक पथ पर आरओबी सह पहुंच पथ का निर्माण कार्य तथा 120.93 करोड़ रुपये की लागत से सिपहापुर से चकमुहब्बत तथा जेल चौक, मुजफ्फरपुर-पूसा रोड से चंदवारा पुल पहुंच पथ तक सड़क का निर्माण कार्य (जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज पुल परियोजना फ़ेज-2) शामिल है। इसके अलावे 44.76 करोड़ रुपये की लागत से चांदनी चौक से रामदयालु नगर तक पथ के चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य तथा 89.77 करोड़ की लागत से चांदनी चौक से बखरी पथ के 7 किमी. में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का आज शिलान्यास किया गया है। उन्होंने 52.56 करोड़ की लागत से शिवहर-मीनापुर-कंाटी पथ के 20.43 किमी से 29.80 किमी में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा 74.18 करोड़ रुपये लागत की शिवहर-मीनापुर-कंाटी पथ के कंाटी (एनएच-28) से रघई घाट पथ के किमी शून्य से 9.7 किमी में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा 24.28 करोड़ की लागत से गायघाट प्रखंड अंतर्गत भट्टगामा मधुरपट्टी घाट पर उच्चस्तरीय आरसीसी पुल (लंबाई 174.24 मी.) का निर्माण कार्य शामिल है। शिलान्यास कार्य के पश्चात मुख्यमंत्री ने टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, पताही में सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से



संवाद किया। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री को पेंशन की राशि हर महीने 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये किए जाने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि हमलोग के खाते में 1100 रुपये की राशि आ गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल प्रदान किया। साथ ही अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के लाभुकों को एक-एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर-बाईपास के निर्माणाधीन आरओबी का निरीक्षण किया। मुजफ्फरपुर बाईपास का निर्माण 250 करोड़ रुपये की लागत से कुल 16.87 किलोमीटर की लंबाई में किया जा रहा है। इस परियोजना में आरओबी को छोड़कर शेष सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बचे हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करें। इसके पूरा होने से मुजफ्फरपुर शहर में यातायात और सुगम होगा। उल्लेखनीय है कि प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने 5 जनवरी, 2025 को मुजफ्फरपुर जिले के विकास कार्यों को देखा था तथा कई विकास योजनाओं की घोषणाएं की थी। इनमें से कुल सात योजनाओं जिनकी कुल प्राक्कलित राशि 574.16 करोड़ रुपये है, का आज शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा किया गया।

## बिहार विधानसभा 2025 चुनाव: एक अगस्त को प्रकाशित होगा मतदाता सूची का ड्राफ्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव 2025 के पहले 01 अगस्त को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) प्रकाशित किया जाएगा। इस ड्राफ्ट के प्रकाशित करने का मूल उद्देश्य, अगर किसी मृत व्यक्ति का नाम सूची में हो, या एक व्यक्ति के नाम एक से ज़्यादा स्थानों पर दिख रहे हों, तो उसे सही किया जा सके। मतदाता सूची का यह प्रारूप अस्थायी होता है और इसमें दावा और आपत्ति की प्रक्रिया के जरिए सुधार की अनुमति होती है। दो अगस्त से एक सितम्बर तक यह प्रक्रिया चलेगी। चुनाव आयोग द्वारा किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण में कुछ प्रमुख बातें सामने आईं। उसके अनुसार कुल 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 7.24 करोड़ ने अपने गणना फॉर्म जमा किए। इनमें से 5.7 करोड़ मतदाताओं ने अपने मोबाइल नम्बर रजिस्टर कराए, जिन पर पुष्टिकरण मैसेज भेजा गया। 22 लाख मृत मतदाताओं, 7 लाख डुप्लिकेट वोटर्स, और



35 लाख प्रवासी या अज्ञात पते वाले मतदाताओं के नाम हटाए गए। आयोग ने 12 राजनीतिक दलों के साथ इस सूची को 20 जुलाई को साझा किया। 01 अगस्त को जब सूची प्रकाशित होगी, तब लोग मतदाता सेवा पोर्टल पर जाकर अपने नाम की जांच कर सकते हैं। अगर ड्राफ्ट में नाम नहीं दिखता है या गलत जानकारी है, तो 2 अगस्त से एक सितम्बर तक दावा या आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, नगर परिषद/नगर पंचायत कार्यालय, नगर निगम अंचल कार्यालय, निर्वाचन आयोग द्वारा लगाए गए स्पेशल कैम्प्स सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक, हर दिन (रविवार और छुट्टियों सहित) खुले रहेंगे।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी की याचिका खारिज की




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने देश भर के एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग का काम करने वाली तुर्किये की कार्गो ऑपरेटर सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें सिक्योरिटी क्लीयरेंस निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती दी गई थी। जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने सेलेबी की याचिका खारिज करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय पहले ही सेलेबी की ऐसी ही याचिका खारिज कर चुका है।

जस्टिस सचिन दत्ता की बेंच ने 7 जुलाई को सेलेबी की याचिका खारिज करने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान सेलेबी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा था कि सिक्योरिटी क्लीयरेंस निरस्त करते समय न तो उन्हें नोटिस दिया गया और न ही उनका पक्ष सुना गया। रोहतगी ने एयरक्राफ्ट सिक्योरिटी रूल्स के नियम 12 का हवाला देते हुए कहा था कि केंद्र सरकार ने नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन किया है। इस नियम के तहत नागरिक विमानन महानिदेशक सिक्योरिटी क्लियरेंस को निलंबित करते हैं और संबंधित कंपनी का पक्ष सुनते हैं। अगर महानिदेशक को लगता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है तो वो सिक्योरिटी क्लीयरेंस निरस्त कर सकते हैं। रोहतगी ने कहा था कि एयरक्राफ्ट सिक्योरिटी रुल्स के मुताबिक संबंधित कंपनी का पक्ष जानना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सेलेबी कंपनी में काम करने वाले सभी भारतीय हैं। सेलेबी की याचिका का विरोध करते हुए केंद्र सरकार ने कहा था कि कंपनी का सिक्योरिटी क्लीयरेंस निरस्त करने का फैसला अप्रत्याशित परिस्थितियों में लिया गया था। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि जब देश की सुरक्षा पर खतरा हो तो सरकार के लिए ये लगभग असंभव हो जाता है कि वो संबंधित कंपनी का पक्ष सुने। मेहता ने कहा था कि याचिकाकर्ता कंपनी सेलेबी को न्यायिक समीक्षा का अधिकार है लेकिन जब देश की सुरक्षा का सवाल हो तो नैसर्गिक न्याय का पालन करना जरुरी नहीं है। ये विधायिका पर छोड़ देना चाहिए। मेहता ने कहा था कि एयरक्राफ्ट सिक्योरिटी रुल्स के नियम 12 का अधिकांशतः पालन किया गया है। सेलेबी कंपनी के प्रतिवेदन पर सरकार ने विचार किया था और उसके बाद अगले दिन आदेश पारित किया गया था। देश के एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग का काम करने वाले तुर्की के कार्गो ऑपरेटर सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने सिक्योरिटी क्लीयरेंस को निरस्त करने के केंद्र के आदेश का विरोध करते हुए कहा था कि ये गैरकानूनी और मनमाना है। सेलेबी ने कहा था कि भारत सरकार का फैसला भ्रमपूर्ण और बेवजह है। सरकार के इस फैसले से विदेशी निवेशकों का भरोसा डगमगा जाएगा और इससे 3800 भारतीय कर्मचारियों पर असर पड़ेगा। याचिका में कहा गया था कि सेलेबी पर मालिकाना हक भले ही तुर्की की है लेकिन इसका प्रबंधन और नियंत्रण भारतीय टीम के हाथ में है। सेलेबी ने कहा था कि भारत के एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग का उसका करीब एक दशक का ट्रैक रिकॉर्ड साफ-सुथरा रहा है।

# फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन सख्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। नगर क्षेत्रांतर्गत एवं हरकी पौड़ी, मनसा देवी, अपर रोड पर किए गए अतिक्रमण का आज जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया तथा सड़क किनारे बनी नालियों के ऊपर लगी दुकानों को तत्काल नगर निगम एवं पुलिस को हटाने को दिए निर्देश।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क किनारे नालियों के ऊपर किसी भी तरह से अतिक्रमण न हो, जिससे कि यातायात बाधित हो। उन्होंने हरकी पौड़ी के पास स्थित सुभाष घाट एवं नाई सोता घाट पर पार्क किए जा रहे दो पहिया वाहनों को हटाने के साथ ही हर की पौड़ी क्षेत्रांतर्गत जो भी अवैध रूप से दुकानें संचालित हो रही है उन्हें भी तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं।



उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर अवैध तरीके से कब्जा किया गया है, उन स्थानों के भूमि अभिलेखों को जांच की जाए। उन्होंने हर की पौड़ी क्षेत्रांतर्गत पार्क किए जा रहे दो पहिया वाहनों के संबंध में संबंधित व्यापारियों के साथ बैठक करने के निर्देश पुलिस, नगर निगम, एचआरडीए एवं उप जिलाधिकारी को दिए। मां मनसा देवी मंदिर के दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टिगत मंदिर को जाने वाली सभी सीढ़ी मार्ग को बंद करने को दिए निर्देश। उन्होंने अपर रोड से मनसा देवी उड़ान खटोला तक मार्ग में दुकानदारों द्वारा लगाई गई त्रिपाल को तत्काल हटाने के दिए निर्देश। उन्होंने झूलते विद्युत तारों को भीं दिए दुरस्त करने के दिए निर्देश। इस अवसर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने कहा कि व्यापारियों द्वारा सड़क किनारे नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो दुकानें अवैध रूप से संचालित हो रही हैं ऐसी दुकानों को चिन्हित करते हुए नियमानुसार हटाने की कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर आयुक्त नंदन सिंह, एसपी सिटी पंकज गैरोला, सचिव एचआरडीए मनीष कुमार सिंह, अपर मेलाधिकारी कुंभ दयानंद सरस्वती, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, सीओ सिटी शिशुपाल नेगी, सीओ यातायात एसपी बलूनी, एसएचओ हरिद्वार रितेश शाह, हरकी पौड़ी चौकी इंचार्ज संजीत कंडारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## जालंधर में ड्रग तस्कर की अवैध संपत्ति ध्वस्त

जालंधर। पंजाब सरकार की नशा विरोधी पहल 'युद्ध नशिया विरुद्ध' के तहत एक निर्णायक कदम उठाते हुए, जालंधर नगर निगम ने पुलिस के सहयोग से गुरुवार को पक्का बाग इलाके में एक कुख्यात ड्रग तस्कर के अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर ने बताया कि पक्का बाग इलाके में हरविंदर सिंह की अवैध संपत्ति को ध्वस्त कर दिया गया। हरविंदर एक कुख्यात ड्रग तस्कर है और उसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम, शराब तस्करी और अन्य धाराओं के तहत 18 प्राथमिकी दर्ज हैं। उन्होंने कहा, यह अभियान ड्रग माफिया के लिए एक कड़ा संदेश है। उनकी अवैध संपत्तियों को नष्ट करके, हम न केवल कानून का पालन कर रहे हैं, बल्कि अपने आस-पड़ोस को नशीले पदार्थों की गिरफ़्त से भी मुक्त कर रहे हैं। उन्होंने कमिश्नरेट पुलिस द्वारा ड्रग नेटवर्क को पूरी तरह से उखाड़ फेंकने की प्रतिबद्धता दोहराई और नागरिकों से अपील की कि वे सरकार के व्हाट्सएप नंबर 9779-100-200 के माध्यम से ड्रग से संबंधित जानकारी साझा करें और सूचना देने वालों की पूरी गोपनीयता सुनिश्चित करें।

# नालंदा जिले में उपलब्ध कराई गई 1974 एंटी वेनम इंजेक्शन दवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नालंदा, बिहारशरीफ। जिला मुख्यालय स्थित हरदेव भवन सभागार में जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ विभाग से संबंधित सिविल सर्जन एवं डीपीएम के साथ गुरुवार को स्वास्थ्य संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में सर्पदंश से प्रभावित मरीजों का नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ससमय उपचार हर हाल में करने का हिदायत दी गयी। साथ ही सभी स्वस्थ केंद्रों पर एंटी वेनम की दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया गया है। बताया गया है कि बरसात के मौसम में सर्पदंश की



शिकायतें बढ़ जाती है। सांप कंाटने से बचने एवं सांप कंाटने पर सावधानी ही मुख्य उपाय है। इसके लिए आवाम को जागरूक करने के लिए जमीन पर नहीं सोने के हिदायत दी गई है। वहीं मलबों, बिल और दीवार के छेद के आसपास सावधानी पूर्वक काम करने,रात्री में जूता से पांव को ढक कर चलने के बारे में बताया गया। सांप के काटने पर, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शांत रहें और तुरंत चिकित्सा सहायता लेंने की बात कही गयी है वहीं। सांप के काटने पर प्राथमिक उपचार के लिए मुख्य बातों का ध्यान रखेंने की भी अपील की गई है।

## जालंधर प्रशासन ने स्वच्छ वायु को बढ़ावा देने के लिए लंग केयर फाउंडेशन के साथ किया करार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब में जालंधर जिला प्रशासन ने स्वच्छ वायु और स्वस्थ समुदायों के लिए निरंतर कार्रवाई को बढ़ावा देने के लिए लंग केयर फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। इस समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से अतिरिक्त उपायुक्त (सामान्य) अमनिंदर कौर बराड़ और लंग केयर फाउंडेशन के संस्थापक-ट्रस्टी डॉ राजीव खुराना ने आज हस्ताक्षर किये। उन्होंने स्वच्छ वायु को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य से जुड़े मामलों को मजबूत करने, फसल अवशेषों को जलाने की समस्या से निपटने और जालंधर जिले में वायु गुणवत्ता और जन स्वास्थ्य में सुधार के लिए स्थायी और चक्रीय प्रथाओं को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहरायी। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन का बढ़ता संकट हर गुजरते दिन के साथ गंभीर स्वास्थ्य और पर्यावरणीय चुनौतियां पेश कर रहा है। लंग केयर फाउंडेशन (एलसीएफ), अपने डॉक्टर्स फॉर क्लीन एयर एंड क्लाइमेट एक्शन (डीएफसीए) कार्यक्रम के माध्यम से, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के सहयोग से, जालंधर जिला प्रशासन के साथ मिलकर वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में जन जागरूकता पैदा करेगा, जिसमें पराली जलाने पर ध्यान केंद्रित करना, जिला-स्तरीय नीतियों को मजबूत करना, स्थायी फसल अवशेष प्रबंधन का समर्थन करना और डेटा-आधारित, स्थानीय रूप से संरेखित हस्तक्षेपों के माध्यम से क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना शामिल है।

## मुख्यमंत्री ने बागेश्वर में बच्चे की मौत के मामले की जांच कमिश्नर को सौंपी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर में डेढ़ साल के बच्चे की मौत के मामले की जांच कमिश्नर कुमाऊं को सौंप दी। साथ ही निर्देश दिए हैं कि इस मामले में यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता मिलने पर दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बागेश्वर में बच्चे की चिकित्सा में लापरवाही से मौत का मामला दुर्भाग्यपूर्ण व पीड़ादायक है। अब तक प्राप्त सूचना में प्रथमदृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि कतिपय स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरती है। जांच में लापरवाही पाई जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संवेदनशील प्रकरण की जांच के लिए कुमाऊं कमिश्नर को आदेश दिए गए हैं।

# डीएम व एसएसपी ने आकांक्षा हाट का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। सीसीआर टावर के सामने आयोजित नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के अंतर्गत आकांक्षा हाट का जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने संयुक्त रूप से भ्रमण और निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी स्टालों पर जाकर महिला समूह द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करते हुए स्वयं भी कुछ उत्पाद क्रय किए। जिलाधिकारी ने महिला समूह की हौसला अफजाई एवं सराहना की। उन्होंने कहा कि महिला समूह द्वारा तैयार किए जा रहे स्थानीय उत्पादों से जनपद एक अलग पहचान बना रहा है, जिसके लिए उन्होंने तैयार किए जा रहे उत्पादों की बेहतर ढंग से पैकेजिंग करने को भी कहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उत्तराखंड की पारंपरिक पहाड़ी टोपी खरीद कर और उसे पहनकर उत्तराखण्ड की संस्कृति के प्रति अपना सम्मान



व्यक्त किया।आकांक्षा हाट 2 अगस्त तक चलेगा। पिछले तीन दिनों में इस हाट में कुल 1 लाख 9 सौ 35 रुपये की प्रभावशाली बिक्री दर्ज की गई है, जो स्थानीय कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों के लिए एक बड़ी सफलता है। उन्होंने संपूर्णता अभियान के तहत स्थानीय उत्पादों और उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की तथा यह हाट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर सचिव एचआरडीए मनीष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, सहायक परियोजना निर्देशक ललिनी घिल्डियाल, डीपीएम संजय सक्सेना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063